हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 26 सितंबर 2026, वर्ष- 09, अंक- 212, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

पेज : 12

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में रोहित-कोहली तोड़ सकते हैं तेंदुलकर के ये दो बड़े रिकार्ड



# यूपी में बनी ब्रह्मोस पाकिस्तान की उड़ा रही है नींद: अमित शाह

एजेंसी, नोएडा

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। निवेश के माहौल की पहली प्राथमिकता है कि कानून व्यवस्था ठीक हो। अनुकूल औद्योगिक नीति बने। उद्योग को बढ़ावा और सुविधा दिया जाए। केंद्रीय गृह गृहमंत्री अमित शाह ने आज यहां इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। यहां उद्योग के लिए अच्छा वातावरण है। उन्होंने कहा कि एक जमाने में यूपी में माफियाओं का शासन चलता था। वर्ष 2017 में भाजपा की सरकार यहां पर बनी। उसके बाद यूपी से माफियाओं को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा इसी वजह से आज उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बार प्रधानमंत्री बनकर नीतियों का निर्माण किया तथा नीतियों को जमीनी स्तर पर सही तरह से पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अनुभव के आधार पर नीतियों में जो बदलाव करने थे और जो नई नीतियां बनानी थी उसमें भी प्रधानमंत्री ने स्फूर्ति दिखाकर बनाया और भारत को पूरे विश्व में एक आकर्षक उत्पादन का हब बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुछ वक्रदृष्टा लोग भारत की जीडीपी के आंकड़ों को भी झुठलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जीडीपी के 7.8 ग्रोथ को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में इतनी अशांति के माहौल के बीच में भी भारत ने सबसे ज्यादा विकास ग्रोथ प्राप्त किया है। अपनी विकास दर को बनाए रखा है और उसे आगे भी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक का विश्व में हर क्षेत्र में भारत के नंबर वन बनने का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि निर्यात मे 2015 की तुलना में इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद के निर्यात में 11 गुना वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि



छह राज्यों में 12 सेमी कंडक्टर की परियोजनाएं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को फिर भी यह डेड इकोनामी लगती है। उन्होंने कहा कि जिनकी सोच डेड हो गई हो उनको प्रोग्रेस दिखाई नहीं देता है। उन्हें हर जगह डेड ही डेड दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के लोग भारत की उन्नति को नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, युरोपियन कंट्री के चार देशों के संगठन ,यूके, ओमान, आदि के साथ हमने फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट पर समझौता किया है। यह एफडीआई उद्योग जगत की निर्यात की संभावनाओं को कई गुना बढ़ा दिया है। कई प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी हमने विकास को बरकरार रखा है। उन्होंने यूपी का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने डिफेंस कॉरिडोर का स्टाल देखा। झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, कानपुर के कॉरिडोर को देखा। यहां डिफेंस के साधनों, मैन्युफैक्चरिंग के लिए इन्वेस्टमेंट आ रहा है और इसके कारण न केवल उत्तर प्रदेश में वरन देशभर के डिफेंस के उत्पादन का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि आज रक्षा उत्पादन लगभग 1,78,000 करोड़ को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 की तुलना में रक्षा के उत्पादों के निर्यात में हमने 56 गुना वृद्धि की है और आज 80 देश में भारत के रक्षा के उत्पादों का निर्यात हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि यहां पर डिफरेंट कॉरिडोर बनाने के लिए योगी सरकार ने उसे इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ने के लिए अनुकूल नीतियां बनाने के लिए ढेर सारा काम किया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में बने ब्रह्मोस पाकिस्तान की नींद उड़ा देते हैं। यह बदलाव का सबसे बड़ा लक्षण है। अमेठी में बनी एके -203 एसॉल्ट राइफल आज नक्सलवादी और आतंकवादियों की नींद उड़ा चुकी है। उन्होंने कहा कि एक जमाना था जब सपा और बसपा का जमाना था। यहां पर अपराध का उद्योग चलता था। कट्टा, अवैध तमंचों की फैक्ट्री लगती थी। शहर-शहर में वाहन चुराने का कुटीर उद्योग था। चेन स्नेचिंग में युवाओं को हूनर प्राप्त करने का मौका मिलता था। आज 10 साल के अंदर स्थिति अलग है। कट्टा उद्योग की जगह डिफेंस कॉरिडोर बना है। वाहन चोरी की जगह वाहन मैन्युफैक्चरिंग हो रहा है। चैन स्नेचिंग उद्योग की जगह मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। जिस उत्तर प्रदेश में यह साहस नहीं था कि लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट किया जाए, वह उत्तर प्रदेश आज उद्योग लाने का प्रमुख कारण बना है। यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार के कारण आया है। उन्होंने कहा कि योगी की सरकार बनने के बाद सपा और बसपा के समय की सारी गुंडागर्दी को खत्म किया गया है, जिसकी वजह से यहां पर इंडस्ट्री लगाने के लिए देश और दुनिया के लिए अच्छा माहौल बना है। उन्होंने कहा कि तत्परता के साथ उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। रेड कारपेट बिछाकर देश-दुनिया की इंडस्ट्री को लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सफल परिणाम मिला है।

## नीतीश कुमार से मिले जदयू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार



नई सोच एक्सप्रेस

पटना। शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने पटना स्थित आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच जनसेवा, सुशासन और बिहार के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ।मुलाकात के दौरान शैलेंद्र कुमार ने नीतीश कुमार के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को करीब से समझने का अवसर मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान का प्रयास करने के उद्देश्य से शुरू किया गया जनता दरबार जनसेवा के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जनता से सीधे संवाद की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शैलेंद्र कुमार ने कहा कि जनता की आवाज को प्राथमिकता देना, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की पहुंच सुनिश्चित करना और बिहार के विकास को निरंतर गति देना नीतीश कुमार के सार्वजनिक जीवन की प्रमुख विशेषताएं रही हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनहित के प्रति प्रतिबद्धता और बिहार के विकास को लेकर उनके निरंतर चिंतन को प्रेरणादायक बताया।उन्होंने कहा कि पटना में नीतीश कुमार के साथ बैठकर संवाद करना उनके लिए महज एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि जनसेवा, सुशासन और बिहार के विकास के प्रति उनके दीर्घ अनुभव एवं दृष्टिकोण को समझने का महत्वपूर्ण अवसर रहा।इस अवसर पर जदयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक उमेश कुशवाहा, बिहार विधान परिषद सदस्य ललन सर्राफ, संजय गांधी, लोक प्रकाश सिंह एवं हरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में पितृपक्ष मेले का शुभारंभ, छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात



**एजेंसी, गयाजी** । मोक्ष की भूमि गयाजी में शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलने वाले 17 दिवसीय मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री विष्णुपद मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और गर्भगृह में भगवान विष्णु के चरणचिह्न के दर्शन किए। इसके बाद फल्गु नदी स्थित देवघाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ऐतिहासिक गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मेला अवधि में गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं के आवासन के लिए टेंट सिटी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन और पुलिस ने मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। पिंडदानियों की संभावित भीड़ को देखते हुए छह हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की तैनाती की गई है।

### ग्वालियर टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन की कार्ययोजना पर सिंधिया ने की समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली** । केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को ग्वालियर में प्रस्तावित टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) की आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को परियोजना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने और निर्धारित समयसीमा के अनुसार जमीनी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। संचार मंत्रालय के अनुसार, बैठक में टीएमजेड के क्रियान्वयन और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। सिंधिया ने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों में तेजी लाने तथा निवेशकों के लिए आवश्यक सुविधाएं और अनुकूल वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। ग्वालियर में प्रस्तावित टीएमजेड को एशिया का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन बताया गया है। इसके लिए 30 जुलाई 2026 को केंद्रीय दूरसंचार विभाग और मध्य प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए थे। परियोजना को लेकर नई दिल्ली में आयोजित पहली निवेशक राउंडटेबल में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 14,000 रोजगार अवसरों की प्रतिबद्धता सामने आई थी। इसके बाद 4 अगस्त 2026 को मुंबई में आयोजित निवेशक बैठक में करीब 2,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता मिली। इससे प्रस्तावित कुल निवेश 5,500 करोड़ रुपये और संभावित रोजगार अवसर 18,000 से अधिक हो गए हैं।

## पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना सरकार का विजन : नितिन गडकरी

एजेंसी, भोपाल

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना सरकार का विजन है। देश में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था सुधारने के लिए 5 एजेंडा तैयार किए गए हैं, जिसमें पहला क्लीन ट्रांसपोर्ट है। उन्होंने कहा कि देश के एयर पॉल्यूशन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रांसपोर्ट सेक्टर की है, जिसकी जिम्मेदारी वे लेते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रदूषण की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की है और प्रदूषण कम करना सरकार का लक्ष्य है। केंद्रीय मंत्री गडकरी शुक्रवार को मध्य प्रदेश में 21 साल बाद लोक परिवहन व्यवस्था के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान से प्रदेश के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 शहरों के लिए 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि गरीबों को एसी बस में अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए। डीजल बसों की तुलना में टिकट किराया 30 प्रतिशत कम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह उनका सपना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले साल प्रदेश में 1,500 बसें चलाने का लक्ष्य है। बस सेवा के विस्तार के जरिए शहरों के साथ गांवों को भी जोड़ा जाएगा और 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक बस कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने आगे चलकर 2031 तक 15 हजार बसों के संचालन का लक्ष्य भी तय किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बन चुकी हैं।

## एसआईआर विवाद के बीच कांग्रेस का देशभर में प्रदर्शन, सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

- दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लखनऊ और कोलकाता समेत कई जगह प्रदर्शन

एजेंसी, नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस ने शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया। दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लखनऊ, कोलकाता और देहरादून समेत कई शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। दिल्ली में चुनाव आयोग कार्यालय के



बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई और पुलिस बल तैनात किया गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भी कांग्रेस विधायकों ने सीईसी के खिलाफ नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही निजामुद्दीन भट, इरफान हाफिज लोन और इफ्तिखार अहमद ने बैनर दिखाकर प्रदर्शन किया। इनमें 'वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' और 'निष्पक्ष चुनाव के बिना लोकतंत्र नहीं' जैसे नारे लिखे थे। चंडीगढ़ में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। देहरादून में सांसद कुमारी शैलजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीईसी के इस्तीफे की मांग उठाई। बता दें विरोध की वजह एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़े फैसलों को लेकर सामने आई एक रिपोर्ट है। जिसके अनुसार चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 मौकों पर विभिन्न फैसलों और आदेशों को लेकर आपत्तियां दर्ज की थीं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इन रिपोर्टों के बाद कहा है कि एसआईआर समेत आयोग के सभी अंतिम फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे। आयोग के अनुसार, अधिकारियों की ओर से किसी मुद्दे पर राय या चिंता दर्ज करना अंतिम निर्णय से असहमति के समान नहीं है।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स में भारतीय पदक विजेताओं को दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को एशियन गेम्स में पदक जीतने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, "एशियन गेम्स में शूटिंग में भारत के लिए गर्व का पल। पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल और नीरज कुमार, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले कमलजीत और सुरुचि इंदर सिंह को बहुत-बहुत बधाई। आपके शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन टीमवर्क की वजह से भारत को शूटिंग रेंज में एक और मेडल मिला है। इस जोड़ी ने एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता। सटीक निशाने और बेहतरीन तालमेल का शानदार प्रदर्शन। आप सभी को आगे भी ऐसी ही सफलता मिलती रहे, इसके लिए मेरी शुभकामनाएं।"

### दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय विचार आज भी मार्गदर्शक : नितिन नवीन

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का विचार आज भी समावेशी विकास और जनकल्याण की दिशा में मार्गदर्शन करता है। नितिन नवीन ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय चिंतन और दर्शन के आधार पर ऐसी विकास दृष्टि प्रस्तुत की, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना प्रमुख था। दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित



प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके विचारों में समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और देश के समग्र विकास की स्पष्ट दृष्टि दिखाई देती है। वहीं, भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज शामिल रहे।

### एसआईआर में 'वीआईपी' मतदाता श्रेणी को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल, खेड़ा ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने शुक्रवार को एसआईआर के दौरान 'वीआईपी' मतदाताओं के लिए अलग व्यवस्था बनाए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाए और उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने दावा किया कि देशभर में एसआईआर के जरिए 13 करोड़ से अधिक लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया है और दिल्ली में चुनाव आयोग ने आम मतदाताओं तथा 'वीआईपी' मतदाताओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था बनाई है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में खेड़ा ने कहा कि एक वेबसाइट की रिपोर्ट में एसआईआर से जुड़े अधिकारियों को



'वीआईपी' मतदाताओं की पहचान करने के निर्देश दिए जाने और एक अखबार की रिपोर्ट में बीएलओ ऐप में 'मार्क वीआईपी' सुविधा जोड़े जाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि बीएलओ ऐप में यह सुविधा 30 जुलाई को जोड़ी गई थी और इसके जरिए बूथ लेवल अधिकारी सत्यापन के दौरान किसी मतदाता को 'वीआईपी' के रूप में चिह्नित कर सकते हैं। इसके बाद प्रविष्टि की जांच एईआरओ, ईआरओ और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के स्तर पर की जाती है। चुनाव आयोग के मार्च 2023 के मैनुअल में सांसदों, विधायकों, घोषित पदों पर बैठे लोगों तथा कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, न्यायपालिका और लोक सेवाओं से जुड़े कुछ लोगों को 'मार्क्ड इलेक्टर्स' के रूप में चिह्नित करने का प्रावधान बताया गया है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों को नजरअंदाज किया और चुनाव आयोग को अकेले संचालित किया। उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब मुख्य चुनाव आयुक्त को अपनी जिम्मेदारी से हट जाना चाहिए।

## मुंबई में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे के साथ गणेश विसर्जन शुरु

एजेंसी, मुंबई

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को मुंबई में 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों और ढोल-ताशों की गूंज के बीच गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस शुरू हो गया है। पिछले दस दिनों से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और सेवा करने के बाद गणेश भगवान को विदाई देने के लिए जैसे भक्तों का हुजूम मुंबई की सडक़ों पर उतर गया है। पूरा मुंबई शहर गणेशमय हो गया है। मुंबई के मशहूर सार्वजनिक गणेश मंडलों में आज सुबह पूजा और आरती के बाद कई प्रमुख मंडलों की प्रतिमाएं विसर्जन के लिए रवाना हुईं। इस दौरान जुलूसों में पारंपरिक संगीत, ढोल-ताशे और भक्ति गीतों के बीच गुलाल तथा फूलों की पंखुड़ियों की बारिश की जा रही



है। लालबाग-परेल इलाके में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सडक़ों पर जमा हुए हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जो विसर्जन जुलूस देखने और उत्सव के माहौल का आनंद लेने पहुंचे हैं। गणेशोत्सव के दौरान मुंबई तथा देश के अन्य हिस्सों से श्रद्धालु प्रसिद्ध गणेश मंडलों के दर्शन के लिए लालबाग पहुंचे हैं। आज सुबह 11 बजे से पहले ही कई प्रमुख गणेश प्रतिमाओं के जुलूस शुरू हो गए। इनमें गणेश गली का मुंबईचा राजा, करी रोडचा कैवारी, परेलचा राजा, कालाचौकी का महागणपति और तेजुकाया मैंशन का गणपति शामिल हैं। मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा और चिंचपोकलीचा चिंतामणि समेत कुछ अन्य प्रमुख मंडलों की प्रतिमाएं भी पूजा और आरती के बाद विसर्जन के लिए मार्गस्थ हो गईं हैं। लालबाग की श्रॉफ बिल्डिंग में पुष्पवृष्टि के बाद इन प्रतिमाओं के गिरगांव चौपाटी, दादर चौपाटी और अन्य विसर्जन स्थलों की ओर रवाना होने की उम्मीद है। मुंबई के अन्य हिस्सों में भी गणेश विसर्जन जुलूस उत्साह के साथ शुरू हुए हैं। बोरीवली में 'उपनगरचा राजा' की प्रतिमा का जुलूस भी विसर्जन स्थल की ओर बढ. रहा। गणेश प्रतिमाओं के सुचारू विसर्जन के लिए मुंबई पुलिस और मुंबई नगर निगम ने व्यापक सुरक्षा एवं नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था की है।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने छह देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए

**एजेंसी, नई दिल्ली** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में फिनलैंड, वियतनाम, मैक्सिको, एस्टोनिया, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के राजदूतों के परिचय-पत्र स्वीकार किए। फिनलैंड के राजदूत मिक्को किविकोस्की ने सबसे पहले राष्ट्रपति को अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए। इसके बाद वियतनाम के राजदूत त्रिन्ह मिन्ह मनह, मैक्सिको के राजदूत पेड्रो ब्लांको पेरेज और एस्टोनिया की राजदूत क्रिस्टी कारेलसोहन ने अपने परिचय-पत्र सौंपे। यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पाको और बेल्जियम की राजदूत सोफी कार्लशॉसेन ने भी राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए।

### अमेरिकी नागरिकों से 7.21 मिलियन डॉलर की साइबर ठगी में मुख्य आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर की गई अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले में मुख्य आरोपित अंकित सतीशचंद्र पांडे को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, अहमदाबाद से अवैध कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों से 7.21 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की ठगी की गई। सीबीआई ने इस मामले में 8 सितंबर को आरोपित और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2024 से अहमदाबाद से अवैध कॉल सेंटर के जरिए बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का सिंडिकेट संचालित किया जा रहा था। सीबीआई के मुताबिक, आरोपितों ने आपराधिक साजिश के तहत खुद को अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी), यूएस अटॉर्नी, क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए ) और अन्य संघीय एजेंसियों के अधिकारी बताकर पीड़ितों से संपर्क किया। वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) के जरिए अमेरिकी नागरिकों को बताया जाता था कि उनके कंप्यूटर सिस्टम का इस्तेमाल किसी अन्य व्यक्ति ने बाल अश्लील सामग्री तक पहुंचने के लिए किया है। इसके बाद आरोपित पीड़ितों को अपने बैंक खातों से रकम निकालने, सोना खरीदने और उसे अमेरिका में उनके द्वारा भेजे गए कूरियर कर्मचारियों को सौंपने के लिए कहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अध्ययन दौरे के क्रम में न्यूज़ीलैंड पहुंचे बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार अपने अध्ययन दौरे के क्रम में शुक्रवार को न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड पहुंचे। ऑकलैंड एयरपोर्ट पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों तथा भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तिफे की मांग को लेकर पटना की सड़को पर कांग्रेस ने निकाला मार्च

» मार्च को सचिवालय थाना के पास रोककर वाटर कैनन चलाया गया कांग्रेस के नेताओं पर



**पटना।** कांग्रेस के दलित नेता अमर आजाद पासवान ने कहा की संविधान ने भारत के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है मगर बीजेपी और मुख्य चुनाव आयुक्त ने मिलकर वोटचोरी रकफ के माध्यम से किया है देश की जनता कांग्रेस के साथ ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रही है। एसआईआर के माध्यम से करोडो भारतीय नागरिक को वोट देने से रोका गया है। ज्ञानेश कुमार पर मुकदमा होनी चाहिए और बिहार बंगाल का चुनाव रद्द होना चाहिए। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होगा तो भारत की सभी जनता आंदोलन करेगी। आंदोलन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, पप्पू यादव, अमर आजाद पासवान, सुशील यादव, मनीष यादव, भाग्य भारती, शशि भूषण, आदि हजारो नेता शामिल हुए।

### राजद नेताओ ने किया पुतला दहन



**पटना।** पटना में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' विवाद को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान उनका पुतला फूंका। राजद नेता अनिल कुमार साधु ने पुतला दहन किया। इस मौके पर अनिल कुमार साधु ने कहा कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देते हैं तो राष्ट्रपति इन्हें बर्खास्त करें। नहीं तो राजद बड़ा आंदोलन करेगा।

### जनसुनवाई में मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**पटना।** शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके विधिसम्मत निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी मौजूद रहे। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि आपराधिक घटनाओं को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह चैकस है। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा एनडीए सरकार की हमेशा से प्राथमिकता रही है और इसे लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### जगदीश प्रसाद कुशवाहा के श्राद्धकर्म में शामिल हुए नीतीश कुमार

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ग्राम-कोसुत, धनरूआ, जिला-पटना के निवासी तरूण कुमार के पिता जगदीश प्रसाद कुशवाहा ( जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरीय नेता ) के श्राद्धकर्म में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत जगदीश प्रसाद कुशवाहा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनकी स्मृतियों को भावुकता के साथ याद किया। इस अवसर पर नीतीश कुमार ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्व. जगदीश प्रसाद कुशवाहा का निधन परिजनों एवं शुभचिंतकों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वाले में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उप-नेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, पूर्व सांसद अरूण कुमार, घोषी विधायक ऋतुराज कुमार, विधायक राम ईश्वर महतो, वर्तमान जिलाध्यक्ष, प्रो सुशील कुमार सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष, सागर कुशवाहा उर्फ दिलीप कुशवाहा, जय प्रकाश चंद्रवंशी, उपेन्द्र कुमार सिंह, कमलेश चंद्रवंशी, जितेन्द्र पटेल, संतोष कुशवाहा, राजीव रंजन पटेल, महिला जदयू जिलाध्यक्ष मनोरमा देवी सहित सैकड़ों समर्थकों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### ललन सर्राफ ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया एक माह वेतन

**पटना।** विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं प्रदेश जदयू के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में एक माह का वेतन दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के समक्ष चेक सौंपा। ललन सर्राफ ने इस मौके पर कहा कि बिहार सरकार बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव राहत एवं सहायता उपलब्ध करा रही है। सभी प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का काम पूरी तत्परता से किया जा रहा है। इस कठिन समय में राज्य के हर जिम्मेदार और सक्षम नागरिक को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री सर्राफ ने आगे कहा कि विकासपुरुष श्री नीतीश कुमार ने हमेशा कहा है कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। उनकी ये सोच हम सभी को राह दिखाने का काम करती है। उनके दिए संस्कार पर जदयू परिवार पूरी प्रतिबद्धता से चल रहा है।

## पितृपक्ष मेला में आनेवाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं दें, अतिथि देवो भव की भावना से करें स्वागत :-मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पितृपक्ष मेला के अवसर पर गयाजी पहुंचकर विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने देव घाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष के अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गयाजी आते हैं। बाहर से आनेवाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिले और वे गयाजी से सुखद अनुभव लेकर लौटें, यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। बिहार की परंपरा 'अतिथि देवो भव की रही है। पितृपक्ष मेला में आनेवाले श्रद्धालुओं और अतिथियों का पूरे आदर एवं सम्मान के साथ स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को घाटों, आवासन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग और अन्य संबंधित विभागों को पूरी तत्परता से काम करने का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए गयाजी में सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। विष्णुपद कॉरिडोर के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कुल 3,500 करोड़ रूपये खर्च करेंगी, इसमें 2,500 करोड़ रूपये की राशि कॉरिडोर के विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि यह राज्य में किसी मंदिर के विकास के लिए अब तक की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। बिहार में औद्योगिक विकास को भी गति दी जा रही है। बोध गया में उद्योगों के विकास के लिये इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMC) की शुरूआत की जा रही है। इसी वर्ष अक्टूबर से करीब 20 हजार करोड़ रूपये के औद्योगिक निवेश का जमीन पर उतरना शुरू हो जाएगा। इससे राज्य में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही करीब 1,000 करोड़ रूपये की लागत से सोन नदी का पानी फल्गु नदी में लाने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। सोन नदी के पानी के बंटवारे और जल संसाधन से जुड़े समझौतों के माध्यम से गया एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई और जल उपलब्धता को बेहतर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गया एयरपोर्ट बिहार के प्रमुख हवाई अड्डों में शामिल है। पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया एयरपोर्ट के माध्यम से राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। गया को इंडोनेशिया, बैंकॉक और गल्फ देशों सहित दुनिया के अन्य प्रमुख स्थानों से जोड़ने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। गयाजी की हवाई कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाएगा, इससे गयाजी आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है, स्कूलों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। मॉडल स्कूल, ऑनलाइन कक्षाएं और 'विद्यार्थी साथी ऐप' जैसी पहलों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए जीविका के माध्यम से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

## प्रसिद्ध विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व0 पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रसिद्ध विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व० पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर राजेन्द्र नगर, रोड न0-3, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में स्व० पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद डॉ० राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विधायक संजय गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व० पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## उपाध्यक्ष रहबर आबदीन की अध्यक्षता में हुई पीडीसीए के सीओएम की बैठक,लिये गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

नई सोच एक्सप्रेस

» सीनियर व जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह होगा

**पटना।** पटना जिला क्रिकेट संघ (पीडीसीए) के कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक शुक्रवार यानी 25 सितंबर को संघ के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष रहबर आबदीन ने की।बैठक के बारे में जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष रहबर आबदीन ने बताया कि पीडीसीए की सीओएम (उडट) की बैठक में सत्र 2026-27 में संघ के घरेलू क्रिकेट लीग और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के घरेलू क्रिकेट मैचों में पटना टीम के प्रदर्शन की समीक्षा की गई और इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 की क्रिकेट लीग के आयोजन, लीग कमेटी के गठन, बजट और पीडीसीए के चुनाव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र में लीग के आयोजन के लिए वित्तीय समस्याओं को दूर करने से लेकर आगामी सत्र में टीम के प्रदर्शन में बेहतर सुधार करने पर गहन मंथन हुआ। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 2025-26 में सीनियर डिवीजन एवं जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के पुरस्कारों का वितरण भव्य समारोह आयोजित कर किया जाएगा। समारोह में लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के दौरान पिछले दिनों आयोजित अंपायरों की परीक्षा में उत्तीर्ण अंपायर व स्कोरर को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आगामी 2026-27 क्रिकेट लीग के आयोजन के लिए लीग कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। लीग के सुचारू संचालन के लिए कमेटी को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। बैठक में लीग फॉर्म जारी करने और जमा करने की तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। लीग का फॉर्म 10 एवं 11 अक्टूबर 2026 को जारी किए जाएंगे जबकि फॉर्म जमा करने की तिथि 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। फॉर्म वितरण से लेकर अन्य सारे कार्य संघ के कार्यालय (पुष्पांजलि कॉम्प्लेक्स बोरिंग रोड, चेक पोस्ट के विपरीत, पटना) से संचाालित होंगे। आगामी क्रिकेट लीग के आयोजन के लिए बजट जारी किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 2026-27 की लीग का आयोजन तीन फॉर्मेट में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले सत्र के लीग का आयोजन छठ पर्व के बाद किया जायेगा। इस बार प्रयास यही रहेगा कि बीसीए घरेलू क्रिकेट लीग की शुरूआत होने से पहले पटना जिला क्रिकेट संघ का घरेलू क्रिकेट खत्म हो जाए।

## कीट नियंत्रण के लिए किसानों को मिलेगा 75% तक अनुदान

नई सोच एक्सप्रेस



» फेरोमोन, स्टिकी व फ्रूट फ्लाई ट्रैप की खरीद पर सहायता, डीबीटी पोर्टल से करें आवेदन

**पटना।** फसलों को हानिकारक कीटों से बचाने और रासायनिक कीटनाशकों के अनावश्यक इस्तेमाल को कम करने के लिए कृषि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 'पौधा संरक्षण से संबंधित उपादान वितरण योजना' शुरू की है। इसके तहत किसानों को क्लस्टर में कीट नियंत्रण संबंधी उपादानों की खरीद पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किसानों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल कीट प्रबंधन को बढ़ावा देने के साथ किसानों की उत्पादन लागत कम करना तथा फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। योजना के तहत धान, मक्का, टमाटर, बैंगन, सब्जियों और फलदार फसलों में कीट नियंत्रण के लिए फेरोमोन ट्रैप, स्टिकी ट्रैप और फ्रूट फ्लाई ट्रैप पर अनुदान दिया जाएगा। धान में तना छेदक तथा बैंगन में तना एवं फल छेदक के लिए फेरोमोन ट्रैप पर 96 रुपये प्रति सेट या 480 रुपये प्रति एकड़, जबकि मक्का में फॉल आर्मीवर्म नियंत्रण के लिए 162 रुपये प्रति सेट या 810 रुपये प्रति एकड़ अनुदान मिलेगा। टमाटर, सब्जियों और फलदार फसलों के लिए भी निर्धारित दरों पर सहायता दी जाएगी। सामान्य क्षेत्रों में किसान अधिकतम पांच एकड़ तक तथा टाल क्षेत्र के पटना, नालंदा, लखीसराय, शेखपुरा, भागलपुर और मुंगेर जिलों में अधिकतम 10 एकड़ तक अनुदान का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए किसानों का कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक किसान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## कृषि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता का मजबूत आधार बनाएं : शिक्षा मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

» शोध को खेत तक और नवाचार को बाजार तक पहुंचाना होगा
» पूसा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में हुए शामिल, कृषि प्रदर्शनी का भी किया अवलोकन

**पटना।** शिक्षा मंत्रीमिथिलेश तिवारी ने कहा है कि कृषि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता का मजबूत आधार बनाना होगा। युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल और अवसर देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। कृषि शिक्षा, कौशल और नवाचार को बढ़ावा देकर हम समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।श्री तिवारी शुक्रवार को समस्तीपुर के पूसा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि के विद्यापति सभागार में शुरू दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का आयोजन नीति आयोग और कृषि विवि के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। ग्रीन माइंड्स फॉर ग्रीन नेशन : एग्री एजुकेशन एंड स्किलिंग 2047 विषय पर आयोजित कार्यशाला में देश के विभिन्न कृषि विवि के कुलपति व विशेषज्ञ शामिल हुए।शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग रिफॉर्म से परफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ते हुए ह्यलर्न टू अर्नह्ण के संकल्प के साथ काम कर रहा है। हमारी कोशिश है कि शिक्षा युवाओं को केवल डिग्री तक सीमित न रखे। उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर भी दे। इसके लिए शिक्षा को कौशल, तकनीक, नवाचार और रोजगार से जोड़ना जरूरी है।उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता की व्यापक संभावनाएं हैं। आधुनिक तकनीक, शोध और नवाचार के माध्यम से कृषि को नई दिशा दी जा सकती है। युवाओं को कृषि की आधुनिक जानकारी और आवश्यक कौशल उपलब्ध कराकर उन्हें इस क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।श्री तिवारी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में कृषि शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा संस्थानों, कृषि विवि, नीति-निमार्ताओं और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। शोध को खेत तक और नवाचार को बाजार तक पहुंचाने की दिशा में भी काम करना होगा।कार्यशाला में पूसा विवि के कुलपति डॉ. पीएस पांडेय, नीति आयोग के सदस्य श्री केबी राजू सहित अन्य कुलपतियों एवं विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने विवि के मीडिया विभाग के रेडियो स्टेशन एवं टीवी पर भी अपने विचार साझा किए। इसके बाद उन्होंने विवि परिसर में लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में शोध आधारित कृषि उत्पादों, आधुनिक कृषि तकनीक और विभिन्न नवाचारों को देखा तथा शोधकतार्ओं के प्रयासों की सराहना की।

## पंजाब नेशनल बैंक ने 01 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा, मुख्यमंत्री ने जताया आभार



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने 01 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिये पंजाब नेशनल बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के एम०डी० एवं सी०ई०ओ० श्री अशोक चन्द्र, पंजाब नेशनल बैंक के जोनल हेड (बिहार) श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा, पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड (पटना) श्री युवराज सिंह राठौड़ एवं जोनल हेड से जुड़े अधिकारी श्री रमेश कुमार उपस्थित थे।


## जनादेश से मुंह मोड़कर चुनाव आयोग पर अनर्गल आरोप लगा रहा विपक्ष : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरजेडी, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के बीच लगातार अपना भरोसा खो रहा विपक्ष अब अपनी राजनीतिक खीज निकालने के लिए चुनाव आयोग को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि जनादेश का सम्मान करने के बजाय अपनी राजनीतिक विफलताओं का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ना विपक्ष की पुरानी आदत बन गई है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी को बिहार की जनता के सवालों से ज्यादा अपने परिवार की चिंता है, कांग्रेस को हर मुद्दे में चुनावी साजिश नजर आती है और टीएमसी को बंगाल की जनता के जनादेश पर आत्ममंथन करने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप का रास्ता आसान लगता है। जनता अब इन राजनीतिक बहानों को अच्छी तरह समझ चुकी है।उन्होंने कहा कि बिहार में बाढ़ हो, सुखाड़ हो या विधानमंडल का सत्र तेजस्वी यादव की सक्रियता धरातल पर कम राजनीतिक बयानबाजी में ज्यादा दिखाई देती है। राहुल गांधी के अभियानों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा राजनीति में अभियान की घोषणा और उसके बाद राजनीतिक पर्यटन पर निकल जाना, दोनों अब जनता के लिए कोई नई बात नहीं रह गई है। वहीं पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने सत्ता में रहते हुए बंगाल की जिम्मेदारी अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को सौंप दी। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कुशासन की गवाह वहां की जनता है। तृणमूल कांग्रेस के कामों से नाराज बंगाल की जनता अगर अपना जनमत किसी दूसरे दल को देती है तो टीएमसी जैसे दल सांविधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने का काम करते हैं। जबकि ऐसा करने से वो अपनी राजनीतिक जवाबदेही से बच नहीं सकते हैं।

## बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने न्यूज़ीलैंड प्रवास के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने न्यूज़ीलैंड प्रवास के दौरान ऑकलैंड में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया । उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को समर्पित था। उनका 'एकात्म मानवदर्शन' भौतिकवाद और पूंजीवाद से परे मनुष्य, समाज और प्रकृति के बीच एक संतुलित व समग्र समन्वय की प्रेरणा देता है। दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि राष्ट्र की सच्ची उन्नति तभी संभव है जब समाज के सबसे कमजोर और उपेक्षित व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचे। यही 'अंत्योदय' का मूल मंत्र है, जो आज देश की लोककल्याणकारी नीतियों की आधारशिला बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें उनके विचारों को आत्मसात कर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण में अपना योगदान देने की प्रेरणा देता है। पंडित जी की राजनीतिक शुचिता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी निष्पक्षता पर अनर्गल सवाल उठाकर जनता को गुमराह कर रहा राजद : उमेश

**पटना**।बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर राजद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनावी निष्पक्षता पर राजद द्वारा अनर्गल सवाल खड़े करना न केवल हास्यास्पद, बल्कि उसके राजनीतिक दोहरेपन को भी उजागर करता है।श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता उस दौर को आज भी नहीं भूली है, जब राजद के शासनकाल में बूथों पर कब्जा, मतपेटियों की लूट और हिंसा के माध्यम से आम जनता को उसके मताधिकार से वंचित किया जाता था। सत्ता के संरक्षण में चुनावी हिंसा और बूथ लूट की संस्कृति ने बिहार की लोकतांत्रिक छवि को राष्ट्रीय स्तर पर कलंकित किया था। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद जब नीतीश कुमार ने सत्ता संभाली, तब बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ। आज बिहार में बूथ लूट और चुनावी हिंसा की वह काली परंपरा इतिहास बन चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद समेत पूरा विपक्ष अपनी लगातार राजनीतिक विफलताओं की समीक्षा करने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर निराधार प्रश्न खड़े कर रहा है। जनता के बीच अपनी स्वीकार्यता खो चुका विपक्ष अब भ्रम और असत्य के सहारे राजनीतिक जमीन तलाशने में जुटा है। लेकिन बिहार की जागरूक जनता उसके इन हथकंडों को भली-भांति समझती है। उन्होंने कहा कि जब भी सदन चलता है, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव विदेशों में छुट्टियां मनाने निकल जाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वे जनता के सवालों और उसके हितों के प्रति कितने गंभीर हैं। बिहार की जनता ऐसे राजनीतिक आचरण को भी देख रही है और उसका मूल्यांकन कर रही है।

### 5 की जगह 3 अक्टूबर को स्कूलों में रहेगी जिउतिया व्रत की छुट्टी

**पटना**। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में अब 5 अक्टूबर की जगह 3 अक्टूबर को छुट्टी रहेगी। 3 को जिउतिया व्रत होने के कारण शिक्षा विभाग ने अवकाश की तिथि में बदलाव किया है। शुक्रवार को यह मामला संज्ञान में आते ही शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने छुट्टी की तिथि में बदलाव का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि महिला शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश की तिथि बदली गई है। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से सभी पदाधिकारियों को पत्र भी जारी कर दिया गया है।

### 30 हजार से अधिक लंबित भुगतान मामलों का समाधान, वाहन मालिकों को राहत

» निबंधन, डीएल, ई-चालान, फिटनेस और परमिट समेत परिवहन सेवाओं के रुके काम होंगे आगे

**पटना**। बिहार में वाहन निबंधन, ड्राइविंग लाइसेंस, ई-चालान, फिटनेस, परमिट और प्रदूषण समेत विभिन्न परिवहन सेवाओं से जुड़े 30 हजार से अधिक लंबित भुगतान मामलों की तकनीकी बाधा दूर कर दी गई है। परिवहन विभाग के इस कदम से हजारों वाहन मालिकों, लाइसेंस आवेदकों और वाहन डीलरों को राहत मिलेगी। विभाग के अनुसार ओग्रास-1 से ओग्रास-2 (रेवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम) में बदलाव के दौरान कुछ ऑनलाइन भुगतान का स्टेटस अपडेट नहीं हो पा रहा था। इसके कारण भुगतान के बावजूद संबंधित सेवाओं की अगली प्रक्रिया लंबित थी। समस्या के समाधान के लिए परिवहन विभाग ने वित्त विभाग और एनआईसी के सहयोग से वाहन-सारथी और ओग्रास के बीच एपीआई आधारित तकनीकी समाधान विकसित किया। इसके माध्यम से 30 हजार से अधिक लंबित मामलों का निपटारा किया गया। परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा कि ऑनलाइन भुगतान के बाद किसी तकनीकी कारण से नागरिकों का काम नहीं रुकना चाहिए। लंबित मामलों के समाधान से वाहन मालिकों, डीएल आवेदकों और डीलरों को सीधा लाभ मिलेगा। राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने बताया कि विभाग ऑनलाइन और फेसलेस सेवाओं को और सुगम बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

### रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल द्वारा CEN: 08/2024 के तहत आयोजित की जाने वाली

शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रतिकूल मौसम के कारण स्थगित


**पटना**। रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल द्वारा CEN: 08/2024 के तहत जगजीवन स्टेडियम, खगौल, दानापुर में 26.09.2026 एवं 27.09.2026 को निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) को खराब मौसम, लगातार बारिश एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। शारीरिक दक्षता परीक्षा के आयोजन से संबंधित अगली सूचना शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम एवं अद्यतन जानकारी हेतु रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना की आधिकारिक वेबसाइट https://ecr.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?lang=0&id=0,2,2039 का निरंतर अवलोकन करते रहें । अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित सूचनाओं पर ही भरोसा करें तथा किसी अन्य स्रोत से प्राप्त भ्रामक सूचना से सावधान रहें।

### शिक्षक जीतेंद्र नाथ को बेस्ट गुरु सम्मान



**हाजीपुर**। रीता पैलेस में निर्मल इंडिया न्यूज के तत्वावधान में 'गुरु गरिमा सम्मान समारोह-2026' आयोजित किया गया। इसमें उच्च माध्यमिक विद्यालय लावापुर महनार के प्लस टू शिक्षक जीतेंद्र नाथ को 'बेस्ट गुरु सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। उन्हें मुख्य अतिथि डॉ. एलबी सिंह एवं पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. केसी सिन्हा ने सम्मान प्रदान किया। समारोह में वैशाली जिले के विभिन्न प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मल इंडिया न्यूज के मुख्य संपादक डॉ. राजीव रंजन ने की। संचालन राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित उमेश प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षाविद, प्रोफेसर एवं शिक्षक मौजूद रहे। जीतेंद्र नाथ को सम्मान मिलने पर उनके शिक्षक साथियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रोहित का स्वैग याद दिलाता है सर विव रिचर्ड्स की



**पटना**। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा में सुनील शेट्टी ने रोहित शर्मा के साथ क्रिकेट और उनके शुरुआती दिनों की यादें साझा कीं। सुनील शेट्टी ने बताया कि वह रोहित को करीब 16 साल की उम्र से फॉलो कर रहे हैं। उन्होंने अपने पसंदीदा क्रिकेटर सर विव रिचर्ड्स का जिक्र करते हुए कहा कि रोहित का स्वैग और अंदाज़ उन्हें हमेशा रिचर्ड्स की याद दिलाता रहा है। रोहित शर्मा ने भी करीब 16 साल की उम्र में इंडियन ऑयल के लिए खेलते समय सुनील शेट्टी से हुई पहली मुलाकात को याद किया। उन्होंने बताया कि सुनील शेट्टी क्रिकेट के कितने जुनूनी प्रशंसक हैं और उस मैच के दौरान भी उनका पूरा ध्यान खेल पर था। फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनी लिव पर प्रसारित होता है।

## महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने हाजीपुर स्टेशन का किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग ने हाजीपुर स्टेशन का निरीक्षण किया । निरीक्षण में महाप्रबंधक द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म सं. 05 की ओर स्थित द्वितीय प्रवेश द्वार आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा आदि का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने हाजीपुर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य एवं उन्नत यात्री सुविधा की उपलब्धता पर विशेष बल देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विदित हो कि स्टेशन पुनर्विकास योजना के माध्यम से स्टेशनों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। यात्री सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर प्लेटफॉर्म सुविधाओं, सुगम आवागमन, स्वच्छता एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र से जुड़े विकास कार्य यात्रियों को नया अनुभव प्रदान करेगा । निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## एम्स पटना ने आयोजित किया मेगा पोषण माह कार्यक्रम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।बच्चों और समुदाय में बेहतर पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग द्वारा पोषण माह 2026 के तहत मध्य विद्यालय, कराई गांव में मेगा पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष पोषण माह की थीम "हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी" रही। कार्यक्रम में लगभग 426 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए उचित पोषण, रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी केवल स्वास्थ्य संस्थानों की नहीं बल्कि परिवार, विद्यालय, पंचायत, आंगनवाड़ी और पूरे समुदाय की साझा जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने संतुलित आहार, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पोषण संबंधी जागरूकता को समुदाय के स्तर तक पहुंचाना आवश्यक है। अजवां गांव के मुखिया ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे और स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

» कराई गांव में बच्चों के साथ सैकड़ों लोगों ने लिया भाग

## प्रेम यूथ फाउंडेशन का साहसिक पहल राजगीर की पहाड़ियों में पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।युवा शक्ति को नशा, निराशा और बेरोजगारी से निकालकर साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व की ओर मोड़ने के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन अब *राजगृह की ऐतिहासिक पहाड़ियों में पर्वतारोहण एवं एडवेंचर यूथ कैंप का आयोजन करने जा रहा है। फाउंडेशन ने पिछले साल भी राजगीर, नालंदा क्षेत्र में आपदा प्रबंधन और युवा साहसिक प्रशिक्षण चलाया था। इस बार का कार्यक्रम और बड़ा होगा। राजगीर की पांच पहाड़ियां - विपुलगिरी, रत्नागिरी, उदयगिरी, सोनगिरी और वैभारगिरी न सिर्फ धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखती हैं, बल्कि पर्वतारोहण, ट्रैकिंग और रॉक क्लाइम्बिंग के लिए बिहार का सबसे सुरक्षित और बेहतरीन प्राकृतिक स्थल है। **कार्यक्रम में क्या होगा**: - बेसिक पर्वतारोहण, ट्रैकिंग और रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण - आपदा प्रबंधन, फर्स्ट एड और रेस्क्यू तकनीक - पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ पहाड़ अभियान - अंतरराज्यीय युवा संवाद - बिहार, झारखंड, नेपाल के युवा भाग लेंगे - फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का संदेश फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया, "हमारा उद्देश्य युवाओं में डर को खत्म कर जीत की आदत डालना है। पहाड़ चढ़ना सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक मजबूती भी देता है। यही युवा बाद में बाढ़, भूकंप में समाज के रक्षक बनते हैं। फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य और युवा लीडर्स ने राजगीर का पूर्व सर्वेक्षण किया और आयोजन स्थल का जायजा लिया। सभी ने गमछा और आई-कार्ड के साथ पहाड़ी पर चढ़ाई का अभ्यास किया।18 से 35 वर्ष के इच्छुक युवा प्रेम यूथ फाउंडेशन से संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क रहेगा, रहने-खाने की व्यवस्था फाउंडेशन करेगा। चुनिंदा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के एडवेंचर कैंप के लिए भेजा जाएगा।

## सेन्हाइज़र ने भारत में मोमेंटम 5 सीरीज़ की पेशकश

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। सेन्हाइज़र ने भारत में मोमेंटम 5 वायरलेस हेडफोन्स और मोमेंटम ट्रू वायरलेस 5 लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, नई सीरीज़ में बेहतर ध्वनि, उन्नत एएनसी, स्थानिक ऑडियो और लंबी बैटरी लाइफ जैसी सुविधाएं दी गई हैं। मोमेंटम 5 वायरलेस में 42 मिमी ड्राइवर, डॉल्बी एटमॉस हेड-ट्रैकिंग, लॉसलेस कोडेक सपोर्ट, 8-माइक्रोफोन हाइब्रिड एएनसी और 57 घंटे तक की बैटरी लाइफ दी गई है। इसमें उपयोगकर्ता द्वारा बदली जा सकने वाली बैटरी और ईयर पैड भी हैं। मोमेंटम ट्रू वायरलेस 5 में 7 मिमी ट्रू रिस्पॉन्स ट्रांसड्यूसर, 24-बिट/96 किलोहर्ट्ज़ हाई-रेज ऑडियो, डॉल्बी एटमॉस, एडेप्टिव हाइब्रिड एएनसी और ब्लूटूथ 6.0 दिया गया है। यह एक बार चार्ज करने पर 12 घंटे और केस के साथ 40 घंटे तक चल सकता है। मोमेंटम 5 वायरलेस की लॉन्च कीमत रूपये 39,990 और मोमेंटम ट्रू वायरलेस 5 की रूपये 29,990 है। दोनों के प्री-ऑर्डर 24 सितंबर से शुरू हो गए हैं और बिक्री1 अक्टूबर 2026 से होगी। प्री-ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को रूपये 5,990 का सेन्हाइज़र बीटीडी 600 ब्लूटूथ यूएसबी डोंगल मुफ्त मिलेगा। साहिल कुमार, कंट्री हेड, सेन्हाइज़र (कंज़्यूमर), भारत ने कहा कि मोमेंटम 5 वायरलेस में पिछले मॉडल की खासियतों को बरकरार रखते हुए अनुभव और कार्यक्षमता को और बेहतर किया गया है।

## साफ़ और सुरक्षित पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दानापुर मंडल में चलाया जा रहा है स्पेशल ड्राइव

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल द्वारा स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कॉलोनियों में सुरक्षित, साफ़ और हाइजीनिक पीने के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने और उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। इसे संबंधित डिपार्टमेंट के साथ मिलकर लागू किया गया है तथा उच्चाधिकारियों द्वारा प्रोग्रेस की रेगुलर मॉनिटरिंग एवं रिव्यू किया जा रहा है। 20 अगस्त, 2026 से पानी टैंक की सफ़ाई हेतु चलाए जा रहे स्पेशल ड्राइव के तहत दानापुर मंडल के कुल 3644 ओवरहेड, अंडरग्राउंड, आरसीसी और पीवीसी पानी के टैंकों में से 20 सितंबर, 2026 तक 712 टैंको को साफ़ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है। बाकी टैंकों पर तेज़ी से काम पूरा करने के लिए कड़ी नज़र रखी जा रही है। दानापुर मंडल के पटना जं., राजेन्द्रनगर एवं दानापुर स्टेशनों पर ऑटोमैटिक क्लोरीनीकरण प्लांट स्थापित है । इसके साथ ही पीआरपी/दीघा तथा दानापुर रेलवे कॉलोनी में भी यह सुविधा पहले से ही उपलब्ध है । जबकि किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, फतुहा, नवादा, जहानाबाद, राजगीर, आरा एवं बक्सर स्टेशनों पर ऑटोमैटिक क्लोरीनीकरण प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव स्वीकृत है। पानी की क्वालिटी सुधार हेतु रेलवे बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए, दानापुर मंडल द्वारा पानी की क्वालिटी में सुधार हेतु पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन/डिसइंफेक्शन, पानी की क्वालिटी की मॉनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की ज़रूरतों का रिव्यू किया जा रहा है। पानी के सोर्स से नल तक पानी की क्वालिटी का असेसमेंट किया जा रहा है ताकि उन जगहों की पहचान की जा सके जहां फिल्ट्रेशन या ट्रीटमेंट की आवश्यकता है।

## बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2026 की तैयारी के लिए उद्योग विभाग और IIM बोधगया के बीच एमओयू

नई सोच एक्सप्रेस



पटना।बिहार में निवेश को प्रोत्साहित करने, औद्योगिक विकास को गति देने तथा राज्य के लिए एक सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख औद्योगिक नीति तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत उद्योग विभाग, बिहार सरकार और IIM बोधगया के बीच बिहार इंडस्ट्रीज इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी (BIIPP) 2026 की तैयारी के लिए MoU पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। यह पहल माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व तथा माननीय उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह के मार्गदर्शन में राज्य के औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की जा रही है। MoU पर हस्ताक्षर एवं इसका आदान-प्रदान मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशक, उद्योग, तथा डॉ. विनिता सिंह सहाय, निदेशक, IIM बोधगया, के बीच हुआ। समझौते के तहत IIM बोधगया Knowledge & Research Partner के रूप में कार्य करेगा। संस्थान BIIPP 2026 के लिए नीति अनुसंधान, बेंचमार्किंग, हितधारक परामर्श, आर्थिक विश्लेषण तथा ड्राफ्टिंग संबंधी सहयोग प्रदान करेगा। BIIPP 2026 का निर्माण उद्योग विभाग के समग्र नेतृत्व एवं संस्थागत पर्यवेक्षण में किया जाएगा। विभाग द्वारा नीति की प्राथमिकताएं, राजकोषीय मानदंड, परामर्श का ढांचा तथा अपेक्षित परिणाम निर्धारित किए जाएंगे। IIM बोधगया द्वारा प्रस्तुत अनुशंसाएं परामर्शात्मक होंगी तथा उनका अंतिम निर्णय एवं अनुमोदन उद्योग विभाग द्वारा किया जाएगा।

» शोध, बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण और संस्थागत विशेषज्ञता के आधार पर तैयार होगी नई औद्योगिक निवेश नीति

## बोधगया में धार्मिक न्यास पर्षद की बड़ी पहल: पितृपक्ष में पिंडदानियों के लिए शुरू हुआ 15 दिवसीय अन्नदान शिविर

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना/बोधगया**। पितृपक्ष के पावन अवसर पर देश भर से मोक्ष की भूमि गया जी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने एक बड़ी और सराहनीय पहल की है। बोधगया स्थित जगन्नाथ मंदिर और न्यास पर्षद के संयुक्त तत्वावधान में पिंडदानियों के लिए 15 दिनों तक चलने वाले निःशुल्क भोजनालय की शुरूआत की गई है। इस विशेष शिविर का भव्य उद्घाटन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने किया। श्रद्धालुओं की सेवा का यह प्रकल्प अमावस्या तक अनवरत चलता रहेगा। शिविर का उद्घाटन करते हुए प्रो. रणबीर नंदन ने अन्नदान के आध्यात्मिक महत्व पर गहराई से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मानव शरीर में पांच कोष अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय होते हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने सबसे निचले लेकिन सबसे महत्वपूर्ण 'अन्नमय कोष' को प्राथमिकता दी है, क्योंकि 'अन्न ही ब्रह्म है'।प्रो. नंदन ने कहा कि यहां लाखों श्रद्धालु अपने पितरों को मोक्ष दिलाने आते हैं। जब तक हमारा अन्नमय कोष समृद्ध नहीं होगा, तब तक आनंदमय कोष की प्राप्ति नहीं हो सकती। अन्नमय से लेकर आनंदमय तक की यह यात्रा अन्न पर ही आधारित है। उन्होंने इस पुनीत कार्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए पर्षद के सदस्य विवेकानंद गिरि और उनकी पूरी टीम को साधुवाद दिया। अपने संबोधन में प्रो. नंदन ने पौराणिक कथाओं का भी जिक्र किया। भगवान विष्णु, ब्रह्मा और मधु-कैटभ दैत्यों का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि पितरों की देवी 'स्वधा' और देवताओं की देवी 'स्वाहा' की स्तुति से ही सृष्टि और ब्रह्मा जी की रक्षा हुई थी। उन्होंने कहा कि आज बोधगया और गया तीर्थ में जो लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं, वे पितरों की देवी स्वधा की प्रेरणा से ही अपने पूर्वजों को तृप्त करने पहुँच रहे हैं।कार्यक्रम के अंत में प्रो. रणबीर नंदन ने अन्नदान कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए कहा कि मेरी यही प्रार्थना है कि गयाजी जिला बलशाली हो, हमारा बिहार राज्य बलशाली हो और भारत माता सशक्त हों। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जो एक सफल, उन्नत भारत और देश को 'विश्व माता' बनाने का सपना है, वह साकार हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिहार-झारखंड प्रांत कार्यवाह मोहन सिंह, न्यास पर्षद के माननीय सदस्य विवेकानंद गिरि, विधायक उपेंद्र प्रसाद जी, अरुण सुमन, राहुल दत्ता, संजय सिंह, ललिता देवी, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, संतोष यादव और मन्जय सिंह सहित कई गणमान्य लोग और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मिवी वन 5जी के साथ स्मार्टफोन कैटेगरी में मिवी की एंट्री

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।भारतीय कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड मिवी ने मिवी वन 5जी लॉन्च कर स्मार्टफोन कैटेगरी में प्रवेश किया है। भरोसेमंद परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और रोज़ाना इस्तेमाल में शानदार अनुभव चाहने वाले ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया मिवी वन मीवी वन, स्नैपड्रगन 4 जेन 2 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म को 50एमपी डुअल-कैमरा सिस्टम, 6000 एमएएच बैटरी और क्लीन एंड्रॉयड एंड्राइड अनुभव के साथ जोड़ता है। प्रिटी पॉवरफुल के तौर पर पेश किया गया मिवी वन मीवी वन एक ही डिवाइस में आकर्षक डिज़ाइन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का मेल है। मीवी वन 5जी पूरे भारत में फ्लिपकार्ट फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा और इसकी पहली सेल 8 अक्टूबर 2026 को आधी रात से शुरू होगी। स्मार्टफोन की कीमत 4 जीबी प्लस 128 जीबी वेरिएंट के लिए 14999 रुपए, 6 जीबी प्लस 128 जीबी वेरिएंट के लिए 15999 रुपए और 8 जीबी प्लस 128 जीबी वेरिएंट के लिए 16999 रुपए होगी। लेकिन, बिग बिलियन डे सेल के दौरान मीवी वन 5जी खास कीमत पर उपलब्ध होगा। 4 प्लस 128 के लिए 11999 रुपए, 6 प्लस128 के लिए 12999 रुपए और 8 प्लस 128 के लिए 13999 रुपए है। नेट प्रभावी मूल्य में प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली कीमत में कटौती और बैंक ऑफर्स शामिल हैं। यह पांच रंगों में उपलब्ध होगा: ब्लू, पिंक, ग्रीन, बरगंडी और नेवी ब्लू। नए स्मार्टफोन के लॉन्च पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, विश्वनाथ कंडुला, को-फाउंडर, मिवी ने कहा, "स्मार्टफोन कैटेगरी में कदम रखना मिवी के लिए एक घरेलू कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड के तौर पर एक अहम पड़ाव है।

## संक्षिप्त समाचार

### गया जंक्शन पर शराब तस्करी का खुलासा, दिल्ली से 3 बैग में शराब लेकर पहुंचा था गया जंक्शन, पितृपक्ष की भीड़ में बेचने की थी तैयारी; उससे पहले आरोपी हुआ गिरफ्तार




**गया।** पितृपक्ष मेला के दौरान गया जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चल रही संयुक्त जांच में आरपीएफ, सीपीडीएस, डीडीयू और जीआरपी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। प्लेटफार्म संख्या 06/07 के दिल्ली छोर से एक संदिग्ध युवक को तीन बैग में 24.750 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 18,420 रुपए बताई गई है।कार्रवाई निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव, निरीक्षक चंदन कुमार और थानाध्यक्ष शिवकुमार के निर्देशन में की गई। संयुक्त टीम पितृपक्ष मेला को लेकर स्टेशन परिसर में गश्त और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान दिल्ली छोर पर रेखा इंटरप्राइजेज स्टॉल नंबर-02 के पास एक युवक तीन बैग लेकर संदिग्ध अवस्था में कुर्सी पर बैठा मिला।टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान राहुल कुमार (25), पिता रामाधार यादव, निवासी बकथर,थाना खिजरसराय गया के रूप में किया गया। तीनों बैग की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।पूछताछ में युवक ने टीम को बताया कि वह शराब दिल्ली से लेकर आया था और बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने की योजना थी। इसके बाद शराब को जब्त कर आरोपी को जीआरपी थाना गया ले जाया गया। जहां उक्त मामले में सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला के शिकायत पत्र के आधार पर जीआरपी थाना गया में कांड संख्या 243/2026, दिनांक 25 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। कार्रवाई बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत की गई ।

### अखंड कार्यक्रम से भक्तिमय हुआ टेउसा, हरे राम-हरे कृष्ण के जयघोष से गूंजा महादेव स्थान



**गया।** अतरी प्रखंड के टेउसा बाजार स्थित महादेव स्थान मंदिर परिसर शुक्रवार को भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य अखंड कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। पूरे आयोजन के दौरान "हरे राम-हरे कृष्ण" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा।अखंड कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान के नाम का जाप किया और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। बताया जाता है कि सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ता मिथलेश पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर विचार रखे। वहीं आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने सहयोग किया। समापन तक मंदिर परिसर हर-हर महादेव और हरे राम-हरे कृष्ण के जयघोष से गूंजता रहा

### एनएच पर सब्जी बाजार से जाम, वैकल्पिक स्थल पर शिफ्ट करने की तैयारी



**मोतिहारी।** सुगौली नगर पंचायत के राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य बाजार में लगातार लग रहे जाम की समस्या तथा एनएच पर संचालित सब्जी बाजार को अन्यत्र स्थानांतरित करने को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अरुण कुमार ने की। इसमें एसडीपीओ दिलीप कुमार, बीडीओ नूतन किरण, सीओ कुंदन कुमार, सभी वार्ड पार्षद, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि भाई अलीहसन और उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा मौजूद रहे। बैठक में राजमार्ग, मुख्य बाजार, आजाद चौक समेत अन्य स्थानों पर लगने वाले जाम पर विस्तार से चर्चा हुई। एनएच पर लंबे समय से लग रहे सब्जी बाजार को किसी वैकल्पिक और सुरक्षित स्थल पर स्थानांतरित करने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने कहा कि एनएच पर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगने से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।एसडीएम अरुण कुमार ने कहा कि सब्जी दुकानदारों के लिए जल्द ही वैकल्पिक स्थल चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थल निर्धारित होते ही दुकानदारों को वहां शिफ्ट कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनएच पर सब्जी बाजार लगने से लगातार जाम की स्थिति बन रही है, जो भविष्य में जान-माल के लिए खतरा बन सकती है। प्रशासन का उद्देश्य दुकानदारों के लिए व्यवस्थित व्यवस्था करने के साथ यातायात को सुचारु करना है।बैठक के दौरान नगर पंचायत के कर्मियों को भी बुलाकर हाजिरी रजिस्टर की जांच की गई। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, प्रियांशु सर्राफ, अंकुर चौधरी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, अनुप अग्रवाल, सागर खंडेलवाल सहित कई व्यवसायी मौजूद रहे।

### दूरदराज गांव में पहुंची एस एस बी की स्वास्थ्य सेवा, 131 ग्रामीणों की जांच के साथ मुफ्त दवाओं का वितरण



**गया।** दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने की पहल के तहत शुक्रवार को ढिबरा थाना क्षेत्र के बरांडा गांव में 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB), गया की 'ए' समवाय भलुआही की ओर से निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 131 जरूरतमंद ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।कमांडेंट कुणाल के निर्देश पर आयोजित शिविर में वाहिनी के चिकित्सक डॉ. विकास वैभव ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। दूरदराज के गांवों से पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सावधानियों और उपचार को लेकर परामर्श भी दिया गया।एस एस बी की ओर से बताया गया कि ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर मानव चिकित्सा और पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं। इससे ऐसे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जांच और जरूरी दवाओं की सुविधा मिल रही है, जिन्हें इलाज के लिए दूर जाना पड़ता है।शिविर में एस एस बी के बल कार्मिकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वही स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य जांच और मुफ्त दवा वितरण का जमकर लाभ उठाया।

# दिनकर जयंती पर साहित्यिक प्रतिभाओं का सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**जमुई।** हिन्दी पखवारा के तहत 'पगडंडी जमुई' के तत्वावधान में समग्र भारत न्यास का दसवां संस्करण दिनकर जयंती सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई। समारोह में साहित्य, पत्रकारिता, समाजसेवा, संस्कृति, संगीत और भाषा के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। न्यास के संस्थापक डॉ. रविश कुमार सिंह ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य साहित्य और समाज के बीच संवाद को मजबूत करना तथा हिन्दी एवं स्थानीय भाषाओं की साहित्यिक परंपरा को आगे बढ़ाना है। मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी वीणा सिंह ने कहा कि रचनात्मक और सामाजिक योगदान देने वालों का सम्मान समाज में सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरणा देता है। पं. जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी हिन्दी सेवी सम्मान से शिवनंदन सलिल और कपिलदेव मंडल, जबकि अर्जुनदास सरस्वती सम्मान से महंथ यमुना राम एवं कपिलदेव कृपाला को सम्मानित किया गया। नेतृत्व प्रतिदर्श सम्मान के तहत चंदन केशरी, मनोज तिवारी, अभिषेक कुमार सिन्हा, कुमुद कुमार, पंकज कुमार सिंह, बेबी कुमारी, राजीव पाण्डेय और देवेन्द्र प्रसाद सिंह को सम्मान मिला।

» समग्र भारत न्यास के दसवें संस्करण में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं सम्मानित

साहित्य सेवा सम्मान महेन्द्र प्रसाद 'निशाकर' को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अंगिका सहित क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के संरक्षण पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर स्वामी निरंजनानंद महाराज, अजय सिंह, प्रो. गौरी शंकर प्रसाद, भावानंद सिंह, नूतन सिंह, शंभू कुमार समेत बड़ी संख्या में साहित्यकार व विद्वतजन मौजूद रहे।

## प्रज्ञा प्रवाह और सांस्कृतिक राष्ट्र का सौ बर्ष पर उपलब्धि और चुनौतियों पर कार्यक्रम आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंगेर।** विभागीय ने वक्तव्य सह संवाद आयोजित किया गया। जिसका विषय " प्रज्ञा प्रवाह और सांस्कृतिक राष्ट्र के उन्नयन के सौ वर्ष उपलब्धियां और चुनौतियां "का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय सह संयोजक श्री चंद्रकांत शर्मा थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि कल्चर और नेशन शब्द संस्कृति और राष्ट्र के परिचायक नहीं है। जहाँ कल्चर और नेशन पाश्चात्य अवधारणा है वही संस्कृति और राष्ट्र पूरी तरह हमारी सांस्कृतिक अवधारणा है, और यह उससे अलग और ज्यादा व्यापक है। वसुधैव कुटुम्बकम् हमारी विचारधारा नहीं हमारी जीवन चर्या का हिस्सा है। ये हमारी जीवन दृष्टि का अंग हैं। जहाँ नागरिकता पाश्चात्य अवधारणा हैं वही राष्ट्रीयता भारतीय विचार है। राष्ट्रीयता ही वह विचार है जो पिछले 8-9 पीढ़ी के गिरमिटिया को भारत से जोड़े हुए। रामचरितमानस और छठ जैसे सांस्कृतिक मूल्य आज भी उनको पुण्यभूमि भारत से जोड़े हुए हैं।हमारी संस्कृति में विवाह एक समझौता नहीं बल्कि आत्माओं का संबंध हैं , ये हमारी भारतीय जीवन दृष्टि है। हमारे अंदर जो भारतीयता का भाव है वही हिंदुत्व है। हिंदू और भारतीयता एक दूसरे के पर्यायवाची हैं। हिंदू कोई धर्म नहीं बल्कि एक जीवन पद्धति है। यह जीवन पद्धति वो सब लोग मानते है जो हिमालय और हिन्द महासागर के बीच की भूमि पर रहते हैं। हमारी संस्कृति प्रकृति को ईश्वर स्वरूप मानती । हमारे अंदर जो सांस्कृतिक राष्ट्रव की जो भावना है वही हमारे देश की एकता की गारंटी है। इस संवाद में प्रज्ञा प्रवाह दक्षिण बिहार प्रांत के संयोजक श्री कृष्णकांत ओझा जी एवं संघ के मुंगेर विभाग के सर संघ संचालक अमरकांत केशरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस संवाद को अध्यक्षता प्रोफेसर (डॉ.) प्रभात कुमार ने की। कार्यक्रम के मंच का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के डीजे कॉलेज के विभागाध्यक्ष प्रो. विद्या कुमार चौधरी ने एवं नेहा सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के जिला संयोजक श्री संतोष कुमार , महिला आयाम दक्षिण बिहार प्रांत की प्रमुख स्वाति कुमारी, सहित मुंगेर का प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. कृपाशंकर पांडे ने किया।

## समस्तीपुर के मुसरीघरारी युवक-युवती से मारपीट व छेड़खानी की घटनाओं पर भड़का माले, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

नई सोच एक्सप्रेस




**समस्तीपुर।** जमुई की घटना के बाद समस्तीपुर जिले में युवक-युवती के साथ मारपीट एवं छेड़खानी की कथित घटनाओं को लेकर भाकपा माले ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं ऐपवा जिला अध्यक्ष बंदना सिंह ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कर्पूरीग्राम की घटना के बाद मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के लाटबसेपुरा में बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े तीसरी घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में कुछ युवक एक युवक-युवती को घेरकर मारपीट एवं छेड़खानी करते दिखाई दे रहे हैं। ऐपवा नेत्री बंदना सिंह ने वायरल विडियो के आधार पर कहा कपल गिड़गिड़ाती रही कि हमलोग पति-पत्नी हैं, छोड़ दीजिए, घर वाले से बात कर लिजिए लेकिन भीड़ डंडे बरसाती रही। यह अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अपनी फजीहत से बचने के लिए न तो मामले की जानकारी दे रही है और न ही अब तक एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार ऐसी घटनाओं से अभिभावकों के बीच बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है और सरकार तथा पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि घटनाओं को दबाने की कोशिश की जा रही है तथा मीडिया को भी जानकारी देने से इनकार किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए अन्यथा भाकपा माले, आइसा एवं ऐपवा सड़क से सदन तक आंदोलन चलाने को बाध्य होगी।

» घर वालों से पूछ लो हम पति-पत्नी हैं गिरगिड़ाता रहा कपल, भीड़ बरसाती रही डंडे- बंदना सिंह

» लाटबसेपुरा की घटना को लेकर उठाए सवाल, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

## लनामिवि सिंडिकेट बैठक में कई निर्णय



नई सोच एक्सप्रेस

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई सिंडिकेट बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में 30 अगस्त की सिंडिकेट, 22 सितंबर की विद्वत परिषद और 23 सितंबर की वित्त समिति की बैठकों के निर्णयों का अनुमोदन किया गया। 34 संबद्ध कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामित विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों की अधिसूचना को भी स्वीकृति मिली। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त शिक्षकों के जांच के कारण रुके वेतन को जांच पूरी होने तक जारी रखने पर सहमति बनी। कुलपति ने जांच समिति के पुनर्गठन और प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। दुर्गापूजा से पहले प्रोन्नत शिक्षकों की अधिसूचना जारी करने की जानकारी भी दी गई। विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा भवन व बज्रगृह निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी में कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना के बजट का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में सिंडिकेट के सदस्य उपस्थित रहे।

## बंधौरा में जीर्णोद्धारित सामुदायिक भवन का परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

**जमुई।** गिद्धौर प्रखंड के मौरा पंचायत अंतर्गत बंधौरा गांव में जीर्णोद्धार एवं मरम्मतीकरण के बाद सामुदायिक भवन का उद्घाटन शुक्रवार को बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं एनडीए समर्थक मौजूद रहे। भवन के पुनः उपयोग के लिए उपलब्ध होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। जीर्णोद्धार के बाद सामुदायिक भवन को ग्रामीणों के लिए समर्पित कर दिया गया। इस भवन का उपयोग पंचायत क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जा सकेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने भवन के जीर्णोद्धार को क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न आयोजनों के लिए ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उद्घाटन समारोह के दौरान बंधौरा गांव में परिवहन मंत्री दामोदर रावत के सम्मान में समारोह भी आयोजित किया गया। स्थानीय लोगों एवं ग्रामीणों ने उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया। समारोह को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा और आयोजन में स्थानीय स्तर पर लोगों की सक्रिय भागीदारी दिखाई दी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि गिद्धौर प्रखंड के बंधौरा गांव में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार एवं मरम्मतीकरण कार्य के बाद इसका उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह वही सामुदायिक भवन है, जिसका निर्माण उनके भवन निर्माण मंत्री के कार्यकाल में कराया गया था। समय के साथ भवन की आवश्यकता को देखते हुए इसका पुनः जीर्णोद्धार कराया गया है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर और सुदृढ़ सामुदायिक सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं का निर्माण, उनका संरक्षण और समय-समय पर उन्नयन जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। सामुदायिक भवन जैसे सार्वजनिक परिसंपत्तियों का बेहतर रखरखाव ग्रामीणों की सामाजिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उद्घाटन कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की मौजूदगी रही। इस दौरान दीनानाथ मंडल, किष्टो रावत, गुड्डू कुमार, प्रफुल्ल, सत्यार्थी, सूरज, विनय, गोपाल, बमबम पाण्डेय, इंद्रजीत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं एनडीए समर्थक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए प्रसन्नता व्यक्त की और इसे पंचायत क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप महत्वपूर्ण सुविधा बताया।

## पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए कैंसर जागरूकता व जांच अभियान शुरू

नई सोच एक्सप्रेस



**मुजफ्फरपुर।** पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर मुजफ्फरपुर में कैंसर जागरूकता और निवारक जांच अभियान की पहल शुरू की गई है। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और होमी जहांगीर भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के बीच उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर उमेंद्र कुमार त्रिपाठी तथा होमी जहांगीर भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर (सेवानिवृत्त) निधि भारद्वाज शामिल हुईं। दोनों अधिकारियों ने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों में कैंसर की रोकथाम, बीमारी की शुरुआती पहचान और समय पर चिकित्सा परामर्श के महत्व पर चर्चा की। बैठक में अभियान को पूर्व सैनिक समुदाय तक जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। अभियान का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते आवश्यक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि बीमारी की पहचान प्रारंभिक चरण में हो सके और उचित उपचार संभव हो। प्रशासन के अनुसार प्रस्तावित जागरूकता एवं जांच कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसे शीघ्र ही आधिकारिक रूप से जारी किया जाएगा।

## स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने सदर अस्पताल जहानाबाद का किया औचक निरीक्षण,सिविल सर्जन को लगायी फटकार

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने शुक्रवार को सदर अस्पताल जहानाबाद का औचक निरीक्षण किया।अचानक स्वास्थ्य सचिव के अस्पताल पहुंचने से अस्पताल प्रशासन सहित जिले प्रशासन में भी हलचल मच गई।उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों, वार्डों, मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं तथा उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। स्वास्थ्य सचिव ने सिविल सर्जन को आवश्यक सुधार करने को लेकर फटकार लगाई और अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया।उन्होंने स्पष्ट कहा कि सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सचिव ने अस्पताल में मरीजों के बड़ी संख्या में रेफरल किए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने अधिकारियों से रेफरल के कारणों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि जिन मरीजों का इलाज सदर अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से संभव है,उन्हें अनावश्यक रूप से दूसरे अस्पतालों में रेफर नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मरीजों को सदर अस्पताल में ही सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के लिए दूसरे स्थानों पर जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़े। साथ ही अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्सा व्यवस्था तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कमियों को चिन्हित कर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने बताया कि सदर अस्पताल के नए भवन के निर्माण कार्य के कारण वर्तमान में थोड़ी असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल की सुविधाओं में काफी विस्तार होगा। दिसंबर तक नए भवन में सदर अस्पताल का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।उन्होंने अधिकारियों को नए भवन के शुरू होने के साथ मरीजों को बेहतर, सुगम और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अभी से आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

## गणपति विसर्जन जुलूस में मुस्लिम समुदाय ने पेश की भाईचारे की मिसाल



नई सोच एक्सप्रेस

**औरंगाबाद।** गणपति विसर्जन के अवसर पर शुक्रवार को निकली शोभायात्रा में शहर की गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिली। जामा मस्जिद परिसर के समीप मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का फूलों की बारिश कर स्वागत किया और गणपति की प्रतिमा को फल अर्पित किए। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए शरबत, ठंडे पानी और मिठाई की व्यवस्था भी की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गणपति के रथ को खींचकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। पैगाम-ए-इंसानियत के जिलाध्यक्ष मो. शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने कहा कि औरंगाबाद सदियों से अमन और आपसी भाईचारे का संदेश देता रहा है। सभी समुदाय के लोग एक-दूसरे के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में शामिल होकर सौहार्द की मिसाल कायम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हर वर्ष गणपति विसर्जन में शामिल होते हैं। इस मौके पर वार्ड पार्षद सिकंदर हयात, मो. जुल्फेकार, छोटे खान, भोलू खान, मोहम्मद फिरोज, अमन खान, मोहम्मद राशिद, निजामुद्दीन खान, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद रईस और मोहम्मद शाहिद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बरौनी और भुज के बीच सप्ताह में तीन बार चलने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करेगी

» यह नई रेल सेवा बिहार, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और गुजरात को जोड़ते हुए 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करेगी

**पटना**।भारतीय रेल ने बिहार के बरौनी और गुजरात के भुज के बीच सप्ताह में तीन बार चलने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह नई रेल सेवा 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और बिहार, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और गुजरात के महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ेगी। रेलगाड़ी संख्या 19427 भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और 04:05 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में, रेलगाड़ी संख्या 19428 बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी और 13:15 बजे भुज पहुंचेगी। भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी, जबकि बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। नई रेल सेवा के मार्ग में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर वाणिज्यिक ठहराव होगा, जिनमें समाखियाली, अहमदाबाद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, बरेली, इज्जतनगर, पीलीभीत, लखीमपुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर शामिल हैं।

### फूड लवर्स के लिए होटल मौर्या के बॉलीवुड ट्रीट्स में वॉक अराउंड एशिया की शुरुआत

» 25 सितंबर से 4 अक्टूबर तक 12 एशियाई देशों के जायकों का मिलेगा बेहतरीन अनुभव

**पटना**। एशियाई व्यंजनों के विविध और लाजवाब स्वाद को एक ही जगह पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होटल मौर्या के बॉलीवुड ट्रीट्स में वॉक अराउंड एशिया एशियन फूड फेस्टिवल के दूसरे संस्करण की शुरुआत की गई है। यह खास फूड फेस्टिवल 25 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए होटल मौर्या के एफएंडबी मैनेजर निशित कुमार सिन्हा ने कहा कि वॉक अराउंड एशिया का दूसरा संस्करण पहले से अधिक व्यापक और खास बनाया गया है। इसमें एशिया के अलग-अलग देशों की लोकप्रिय डिशेज को एक ही फूड फेस्टिवल में शामिल किया गया है। चीन, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, जापान, कोरिया, बर्मा, लाओस, मंगोलिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और इंडियन चाइनीज व्यंजनों के जरिए मेहमानों को एशिया के विविध स्वादों की यात्रा का अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि 12 एशियाई स्वाद और 10 दिनों का यह फूड फेस्टिवल पटना के फूड लवर्स के लिए एक खास पाक अनुभव साबित होगा। वहीं बॉलीवुड ट्रीट्स के शेफ दिलीप कुमार ने बताया कि फेस्टिवल के मेन्यू में मोमोज, एशियन बाओ, स्टार्टर, मेन कोर्स, राइस एवं नूडल्स की खास रेंज शामिल की गई है। इनमें डायनामाइट मोमोज, बर्न्ट गार्लिक चिकन, प्रॉन शुमाई, गोचुजांग पनीर बाओ, मलक्का स्पाइस्ड चिकन, चिली लाइम फिश, मस्सामन करी, खाओ सुए, यांगझोउ फ्राइड राइस और वोक-टॉस्ड मलेशियन फ्लैट नूडल्स जैसे लोकप्रिय एशियन व्यंजन खास आकर्षण होंगे। उन्होंने कहा कि मेन्यू में अलग-अलग देशों के पारंपरिक स्वाद के साथ आधुनिक फ्लेवर का भी विशेष ध्यान रखा गया है। बॉलीवुड ट्रीट्स के रेस्टुरेंट मैनेजर मुकेश रंजन झा ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान मेहमान दोपहर 1 बजे से रात 11 बजे तक एशिया के विभिन्न देशों के पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। वहीं हर शाम लाइव म्यूजिक का भी आनंद मिलेगा। वहीं एग्जीक्यूटिव शेफ ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि वॉक अराउंड एशिया सिर्फ एक फूड फेस्टिवल नहीं, बल्कि एशिया के अलग-अलग देशों के स्वाद, संस्कृति और पाक परंपराओं को एक साथ महसूस करने का अनुभव है। उन्होंने कहा कि शानदार माहौल, विविध एशियन व्यंजन और हर शाम लाइव म्यूजिक के साथ मेहमानों के लिए इस फेस्टिवल को यादगार बनाने की पूरी तैयारी की गई है। मेन्यू में पारंपरिक एशियन फ्लेवर के साथ आधुनिक प्रस्तुति और स्वाद का संतुलन रखने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### रामलाल खेतान छठी बार बीआईए अध्यक्ष निर्वाचित

**पटना**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन का 82वाँ वार्षिक आम सभा का आयोजन एसोसिएशन के परिसर में किया गया, जिसमें सदस्यों ने वर्ष 2026-27 के लिए 5 पदाधिकारियों के साथ-साथ कार्यकारिणी परिषद के 21+8 सदस्यों का चुनाव किया। केवल उपाध्यक्ष (सामान्य श्रेणी) के दो पद को छोड़ कर सभी पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर वर्तमान अध्यक्ष राम लाल खेतान एक बार पुनः सत्र 2026-27 के लिये निर्विरोध निर्वाचित हुए। राम लाल खेतान इसके पूर्व वर्ष 2005-07 में कोषाध्यक्ष, वर्ष 2008-10 में महासचिव, वर्ष 2011-13 में उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2015-17, 2019-21 एवं 2025-26 अध्यक्ष पद पर एसोसिएशन को अपनी सेवा दे चुके हैं। उपाध्यक्ष (सामान्य श्रेणी) के दो पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में बासुदेव प्रसाद, देव प्रकाश सिंह तथा सच्चिदानंद सिंह थे। मतदान में बासुदेव प्रसाद के पक्ष में 247 मत पड़े, देव प्रकाश सिंह के पक्ष में 237 जबकि सच्चिदानंद सिंह के पक्ष में 46 सदस्यों का मत प्राप्त हुआ। मतदान के आधार पर उपाध्यक्ष (सामान्य श्रेणी) पद के लिए बासुदेव प्रसाद तथा देव प्रकाश सिंह निर्वाचित घोषित किए गये। उपाध्यक्ष (कमिश्नरी श्रेणी) के पद पर हेमन्त राज निर्विरोध निर्वाचित हुए। मनीष कुमार, महासचिव पद के लिए तथा आलोक पोद्दार कोषाध्यक्ष के पद पर सत्र 2026-27 के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गये। सदस्यों द्वारा कार्यकारिणी परिषद (सामान्य श्रेणी) के 21 पदों का निर्वाचन निर्विरोध किया गया, जिनमें अखिलेश कुमार,नन्द किशोर अग्रवाल, राकेश मिश्रा सीए अभिषेक कुमार, पंकज अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, सीए दीपक कुमार, पियुष चौधरी, सत्य प्रकाश, ईला मित्तल, प्रशांत भारतिया , सत्यनारायण अग्रवाल,सीएस कुन्दन कुमार, प्रसन्न कुमार सिंह, सचिन बंका, कुमार मंगलम, रवि शेखर, सुबोध कुमार, मनीष कुमार मित्तल रामाशंकर प्रसाद, सुदीप कुमार के नाम है। वहीं कार्यकारिणी परिषद में सभी प्रमंडलों से आरक्षीत एक-एक पद के लिए 8 प्रमंडलों यथा पटना, मगध, भागलपुर, दरभंगा, तिरहुत, सारण, कोशी तथा पूर्णिया से सभी प्रत्याशीत निर्विरोध निर्वाचित हुए जबकि मुंगेर प्रमंडल के लिए किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं दाखिल किया था जिसके कारण यहां पद खाली रह गया जो बाद में नवगठित कार्यकारिणी परिषद द्वारा मनोनयन के आधार पर भरा जायेगा।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**दानापुर**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर तकिया पर स्थित एक निजी मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी रामजी चक मंडल के तत्वावधान में श्रद्धापूर्वक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और उनके विचारों के प्रति उनके दिए गए योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने उनके एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याण का लाभ पहुँचाना ही अंत्योदय की मूल भावना है। इस बिच कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनय कुमार मेहता, महामंत्री गोरखनाथ शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय जायसवाल, उदय सिंह, मंटू सिंह, सुदीप, अरविंद मालाकार, विद्यार्थी, नीरज सहित भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्रह्मचर्य धर्म के पालन से शरीर दृढ़ एवं ज्ञान में होती है वृद्धि : पुलक सागर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। पर्युषण पर्व में आत्मा के दस स्वभाव पर कैसे विजय पाया जाए इसी को बताया जाता है। दस दिवसीय जैन पर्युषण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा होती है. ब्रह्मचर्य के बारे में आचार्य 108 श्री पुलक सागर जी महाराज का कहना है कि ब्रह्मचर्य शब्द का अर्थ है संसार के इन्द्रियों के विषय और कषायों(बुरी आदतें) के , साथ तन के राग का त्याग कर अपनी ब्रह्म स्वरुप आत्मा में रमण करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। ब्रह्म स्वरुप आत्मा की चर्या का नाम ब्रह्मचर्य है। आत्मिक सुख भोगना ,प्रसन्न रहना ही ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य धर्म के पालन से शरीर दृढ़ एवं ज्ञान की वृद्धि होती है। महाराज श्री कहते हैं कि विषय वासनाओं में लीन मनुष्य धर्म के तत्व को नहीं पहचान पाता है। काम वासना पर विजय प्राप्त करना अत्यंत कठिन कार्य है। सामान्य व्यक्ति अपने जीवन से काम और वासना को निर्मूल नहीं कर पाता है. जब कोई साधक क्रोध, मान, माया, लोभ एवं पर-पदार्थों का त्याग आदि करते हैं और पर-पदार्थों से संबंध टूट जाने से जीव का अपनी आत्मा (जिसे ब्रह्म कहा जाता है) में ही रमण होने लगता है। इसे ही 'उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म' कहा जाता है। यही धर्म के दस लक्षण हैं, जो पर्युषण पर्व के रूप में आकर हमें सुख-शांति का संदेश देते हैं। मौके पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति, बिहार झारखंड, के महामंत्री एम पी जैन ने बताया कि इससे पूर्व आज श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कॉंग्रेस मैदान, कदमकुआं सहित मीठापुर , मुरादपुर , गुलजारबाग आदि जैन मंदिरों में शान्ति धारा ,पूजा किया गया। कॉंग्रेस मैदान, कदमकुआं जैन ऐलक गोसल सागर ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जैन श्रावकों को मानव धर्म उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की संगीतमय पूजा कराई। महासमिति अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, पटना में श्रावकों को ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा अजित जैन ने करवाई तथा तीर्थंकर वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर श्रावको ने निर्वाण लाडू चढाए। साथ ही साथ सभी दिगम्बर जैन मंदिर में बारहवें तीर्थंकर बासुपूज्य भगवान को श्रावकों ने निर्वाण लाडू चढ़ाये। उधर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि सेठ सुदर्शन स्वामीजी की निर्वाण स्थली श्री कमलदहजी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र, गुलजारबाग तथा राजगीर, पावापुर, कुंडलपुर, चम्पापुर आदि स्थानों पर भी काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु दशलक्षण पर्व के आखिरी दिन ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा अर्चना की।

# पुनपुन में अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन**। पुनपुन नदी के पावन तट पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में पुनपुन प्रखंड के बीडीओ, सीओ, एडीएम, मसौढ़ी अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी, पुनपुन प्रखंड प्रमुख गुड़िया देवी, सिंटू सिंह एवं पलटन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप जलाकर पितृपक्ष मेले के शुभारंभ की घोषणा की। इस दौरान पुनपुन नदी घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।हालांकि, उद्घाटन समारोह के दौरान नगर पंचायत पुनपुन के उपमुख्य पार्षद राजकुमार, मुख्य पार्षद रितेश कुमार तथा क्षेत्रीय विधायक श्याम रजक के मंच पर मौजूद नहीं रहने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कुछ लोगों ने कहा कि पुनपुन जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के पितृपक्ष मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी होनी चाहिए थी।पिंडदान का प्रथम द्वार माना जाता है पुनपुन पटना जिले के पुनपुन में स्थित पुनपुन नदी का तट पितृपक्ष के दौरान पिंडदान और तर्पण के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, गया में फल्गु नदी के तट पर पिंडदान करने से पहले पुनपुन नदी के तट पर प्रथम पिंडदान एवं तर्पण किया जाता है। इसी कारण पुनपुन को पिंडदान का प्रथम द्वार भी कहा जाता है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पुनपुन नदी के तट पर प्रथम पिंडदान किया था, जिसके बाद वे गया पहुंचे थे। महाभारत काल से भी पुनपुन नदी और मगध क्षेत्र में पिंडदान की धार्मिक परंपरा जुड़े होने की मान्यताएं प्रचलित हैं। गरुड़ पुराण में पुनपुन नदी को 'आदि गंगा' कहे जाने का भी उल्लेख मिलता है।हर वर्ष पितृपक्ष के दौरान पुनपुन में मेला आयोजित होता है। यहां बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पितरों के तर्पण एवं पिंडदान के लिए पहुंचते हैं। नेपाल समेत अन्य स्थानों से भी श्रद्धालुओं के आने की परंपरा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा पुनपुन घाट को अंतरराष्ट्रीय पिंडदान स्थल के रूप में विकसित किए जाने के बाद इसकी धार्मिक एवं पर्यटन संबंधी पहचान और मजबूत हुई है। पितृपक्ष मेले के शुभारंभ के साथ ही पुनपुन में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने लगी है। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं मेले की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां की गई हैं।

# एनएसएस स्थापना दिवस पर जीबीएम की शानदार दस्तक, एकल-समूह नृत्य में दूसरा स्थान

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**। मगध विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 57वें स्थापना दिवस समारोह में गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की जीवंत और आकर्षक प्रस्तुतियों से रामानुजन सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।प्रधानाचार्या डॉ. सीमा पटेल के निर्देश और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के मार्गदर्शन में जीबीएम कॉलेज की 12 स्वयंसेवकों ने समारोह में भाग लिया।समारोह में 15 कॉलेजों की 16 एनएसएस इकाइयों के प्रतिभागियों के बीच एकल गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। एकल नृत्य में जीबीएम कॉलेज की खुशी आर्या ने शानदार प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।उन्होंने भक्तिभाव से भरपूर 'अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि. और 'श्री गणेशा देवा' जैसे गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में पायल कुमारी, काजल कुमारी और दामिनी राज की टीम ने भी द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। छात्राओं ने बिहार की लोक संस्कृति से जुड़े जट-जटिन और झिझिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभागार में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. बीके मंगलम ने विजेता स्वयंसेवकों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जीबीएम कॉलेज की सभी प्रतिभागी छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी समेत समारोह में मौजूद प्रोग्राम ऑफिसरों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।कॉलेज लौटने पर प्रधानाचार्या डॉ. सीमा पटेल ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, उमंग और प्रतिभा ने कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि एमयू के एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं के प्रमाण पत्र एवं मेडल शीघ्र कॉलेज भेजने का आश्वासन दिया है।

### तीर्थंकर फिल्म के निर्देशक राजेंद्र जैन सहित इंद्र-इंद्राणी ने किया भगवान महावीर का पंचामृत अभिषेक



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।पावापुरी स्थित प्रसिद्ध दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन ब्रह्मचर्य धर्म के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ह्यतीर्थंकरह्न फिल्म के फिल्मांकन के अंतर्गत मुनेश जैन एवं धर्मपत्नी गीता जैन तथा फिल्म के निर्देशक राजेंद्र जैन एवं धर्मपत्नी जया जैन ने इंद्र-इंद्राणी के रूप में सम्मिलित होकर भगवान महावीर की खड़गासन प्रतिमा का विधिवत पंचामृत से अभिषेक किया। अभिषेक के पश्चात भगवान महावीर की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए गए। समस्त अनुष्ठान भक्तिभाव एवं धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। इसके उपरांत दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन के मूल धर्म ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा भगवान के चरणों में अर्घ्य समर्पित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचर्य धर्म के आध्यात्मिक महत्व को स्मरण करते हुए त्याग, ममत्व-रहित जीवन एवं आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। धार्मिक अनुष्ठान ने श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक गहरा किया। इसके साथ हीं बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

# गरीबों के हक का एक दाना भी कम मिला तो होगी कार्रवाई : अजीत कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**कांटी/मुज़फ़्फ़रपुर**।प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक कर राशन वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने, ई-पॉश मशीन की समस्या, केवाईसी तथा दुकानदारों के कमीशन समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रखंड के एमओ विवेक कुमार ने बैठक में बताया कि नए राशन कार्ड के लिए कुल 3200 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें करीब 1500 लाभुकों का केवाईसी पूरा हो चुका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन लाभुकों का केवाईसी अब तक नहीं हुआ है, वे अपने-अपने पीडीएस दुकानदार के पास जाकर केवाईसी पूरा करा लें, ताकि राशन मिलने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। विधायक ई. अजीत कुमार ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को निर्धारित मात्रा से कम अनाज नहीं मिलना चाहिए। गरीबों के हक के राशन में कटौती या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने डीलरों से भी सरकार के नियमों के अनुसार पारदर्शिता के साथ राशन वितरण करने और लाभुकों के साथ उचित व्यवहार करने को कहा। बैठक में पीडीएस दुकानदारों ने समय पर कमीशन नहीं मिलने की समस्या उठाते हुए कहा कि इससे उनके सामने आर्थिक संकट और भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम से मिलकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। दुकानदारों ने वर्षों से खराब ई-पॉश मशीनों को दुरुस्त कराने तथा समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। विधायक ने कहा कि दुकानदारों के साथ अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार या किसी प्रकार की उगाही भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर बीडीओ किशन चंद्रयान, एमओ विवेक कुमार, सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव कुमार, गणेश प्रसाद सिंह, अजय ठाकुर, रंजीत सिंह, पप्पू गुप्ता, अरुण सिंह, सुबोध पांडेय, सतेंद्र कुमार सहित विभिन्न पंचायतों के सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

# स्व. जगदीश कुशवाहा के श्रद्धांजलि समारोह में पहुंचे नीतीश कुमार, नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



» पार्टी के संस्थापक सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष के योगदान को किया याद

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जनता दल (यू.) के संस्थापक सदस्य एवं जहानाबाद जद(यू.) के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय जगदीश प्रसाद कुशवाहा के श्रद्धांजलि समारोह में शुक्रवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद(यू.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय जगदीश प्रसाद कुशवाहा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्रद्धांजलि स्थल पर मौजूद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद नीतीश कुमार ने दिवंगत नेता के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान वे भावुक नजर आए। उन्होंने जगदीश प्रसाद कुशवाहा के साथ अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए पार्टी और संगठन के प्रति उनके समर्पण की चर्चा की। नीतीश कुमार ने कहा कि जगदीश प्रसाद कुशवाहा लंबे समय तक पार्टी से जुड़े रहे और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए लगातार काम किया। ऐसे साथियों का योगदान पार्टी के लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से पार्टी परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि समारोह में बड़ी संख्या में जद(यू.) के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। नीतीश कुमार के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका अभिवादन किया। समारोह स्थल पर मौजूद लोगों ने भी दिवंगत जगदीश प्रसाद कुशवाहा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय गांधी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, पूर्व सांसद अरुण कुमार, घोसी विधायक ऋतुराज कुमार समेत जद(यू.) के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।श्रद्धांजलि समारोह के दौरान दिवंगत नेता के राजनीतिक एवं संगठनात्मक जीवन से जुड़े प्रसंगों को भी याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जगदीश प्रसाद कुशवाहा ने पार्टी संगठन के लिए लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाई और कार्यकर्ताओं के साथ उनका आत्मीय संबंध रहा। समारोह में शामिल लोगों की बड़ी संख्या से उनके प्रति पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के सम्मान एवं आत्मीयता का भी पता चला।

# मुंसहर बस्तियों तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवा, 'चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन**।नारी गुंजन द्वारा 'चिकित्सा आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को श्रीपालपुर, पुनपुन में किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित परिवारों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे पहुंचाना है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पद्मश्री सुधा वर्गीज, सचिव, नारी गुंजन ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) को रवाना कर किया। इस अवसर पर पद्मश्री सुधा वर्गीज ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले कई परिवार आर्थिक एवं अन्य कारणों से स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। 'चिकित्सा आपके द्वार' पहल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं सीधे उनकी बस्तियों तक पहुंचेंगी। इससे समय पर स्वास्थ्य जांच, उपचार और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ परिवार ही अपने बच्चों की शिक्षा, आजीविका और बेहतर जीवन की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकता है।कार्यक्रम के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट सप्ताह में चार दिन निर्धारित मुंहहर बस्तियों में जाकर सामान्य चिकित्सा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराएगी। चिकित्सकीय परामर्श के दौरान आवश्यक दवाएं निःशुल्क दी जाएंगी। इसके साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।प्रारंभिक चरण में मोबाइल मेडिकल यूनिट पुनपुन प्रखंड के 37, बिहटा के 12 तथा फुलवारी के 8 गांवों की मुंहहर बस्तियों तक पहुंचेगी। यूनिट में पंजीकृत चिकित्सक, स्वास्थ्य सहायक एवं स्टाफ के साथ आवश्यक जांच उपकरण और दवाएं उपलब्ध रहेंगी। नारी गुंजन के क्षेत्रीय कार्यकर्ता समुदाय के बीच समन्वय एवं सेवा प्रदान करने में सहयोग करेंगे।इस पहल से ग्रामीण एवं वंचित परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर जाने की आवश्यकता कम होगी। उन्हें बस्तियों में ही स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा जरूरत पड़ने पर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफरल की सुविधा मिल सकेगी। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की नियमित स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने में यह अभियान सहायक होगा। नारी गुंजन के अनुसार, 'चिकित्सा आपके द्वार' का उद्देश्य केवल बीमारी का उपचार करना नहीं, बल्कि समुदाय में निवारक स्वास्थ्य व्यवहार, स्वच्छता, समय पर उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को मजबूत करना है। संस्था ने इस पहल के लिए Joy of Helping एवं श्री राकेश शाह के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।मौके पर पप्पू चौधरी, प्रखंड ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुधाकर कुमार, नितीश कुमार, सुपरवाइजर आनंद चौधरी, हेल्थ कोऑर्डिनेटर मिंटू कुमार, नर्स कमल फूल कुमारी सहित डॉक्टर दीपक कुमार, एमबीबीएस उपस्थित रहे।

### 46 क्लबों और मेडिवर्सल सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से ब्लड बैंक की स्थापना

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। मानवता की सेवा, जीवन रक्षा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मेडिवर्सल सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से ब्लड बैंक की स्थापना की है। इस परियोजना में डिस्ट्रिक्ट के 46 इनर व्हील क्लबों ने सहभागिता की।. ब्लड बैंक का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय इनर व्हील अध्यक्ष इंगेलॉग विंडमैन, एसोसिएशन अध्यक्ष विनुथा हरीश तथा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियंका कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में डिस्ट्रिक्ट की कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ-साथ पूर्व डिस्ट्रिक्ट कार्यकारिणी सदस्यों की भी उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण परियोजना के समन्वय की जिम्मेदारी इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की पूर्व अध्यक्ष अंजू ढींगरा ने निभाई। परियोजना को सफल बनाने में विभिन्न क्लबों और अस्पताल प्रबंधन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्त की उपलब्धता आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी, शल्य चिकित्सा तथा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध होना कई मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 की यह पहल सामाजिक सेवा को स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। 46 क्लबों की सामूहिक भागीदारी से शुरू की गई यह परियोजना जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त पहुंचाने में सहायक होगी। डॉ गीता जैन ने बताया कि मानव सेवा और जीवन रक्षा के उद्देश्य से स्थापित यह ब्लड बैंक समाज के लिए एक उपयोगी सेवा केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

# स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की पहली शर्त

**विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का संदेश “पर्यावरण स्वास्थ्य-समुदायों की रक्षा के लिए विज्ञान के साथ खड़े होना”**



आरती कुमारी

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का संदेश हमें एक ऐसी सच्चाई की ओर ध्यान दिलाता है, जिसे आधुनिक विकास की दौड़ में हम लगातार नजरअंदाज करते रहे हैं। पर्यावरण और स्वास्थ्य दो अलग-अलग विषय नहीं हैं। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को पीते हैं, जिस मिट्टी में अन्न पैदा होता है, जिस तापमान में हमारा शरीर जीवन जीता है और जिस जैव-विविधता के बीच हमारी सभ्यता विकसित हुई है, वही हमारे स्वास्थ्य की बुनियादी जमीन है। इसलिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

आज दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। बढ़ती आबादी, तेजी से शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और जलवायु परिवर्तन ने पर्यावरणीय संकट को गंभीर बना दिया है। जल-संकट इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में लगभग 3.6 अरब लोग वर्ष में कम-से-कम एक महीने अपर्याप्त जल उपलब्धता का सामना करते हैं। बाढ़ और सूखे की बढ़ती घटनाएं इस संकट को और गहरा कर रही हैं। पानी की कमी केवल प्यास का सवाल नहीं है। इसका सीधा संबंध स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, संक्रामक रोगों, विस्थापन और मानसिक तनाव से है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की वास्तविकता है। तापमान में वृद्धि का सबसे गंभीर प्रभाव मानव शरीर पर दिखाई दे रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 2000-2004 की तुलना में 2017-2021 के दौरान 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में गर्मी से संबंधित मृत्यु-दर लगभग 85 प्रतिशत बढ़ी। अत्यधिक गर्मी हृदय और श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकती है तथा मधुमेह और मानसिक स्वास्थ्य सहित कई स्थितियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि जलवायु नीति को स्वास्थ्य नीति से अलग रखकर अब आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

पर्यावरणीय जोखिम आज वैश्विक स्वास्थ्य का मौन संकट बन चुके हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार पर्यावरणीय जोखिमों को कम करके दुनिया में होने वाली लगभग 24 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है। वायु प्रदूषण हर वर्ष बड़ी संख्या में समयपूर्व मौतों से जुड़ा है। शहरों में वाहनों का धुआं, औद्योगिक प्रदूषण, निर्माण से उड़ती धूल और कचरे का अनुचित निपटान लोगों के फेफड़ों और हृदय पर लगातार असर डालते हैं। ऐसे में केवल अस्पतालों और दवाओं की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। बीमारी पैदा करने वाले पर्यावरणीय कारणों पर नियंत्रण के बिना स्वास्थ्य व्यवस्था हमेशा संकट का पीछा करती रहेगी।

यही कारण है कि स्वास्थ्य व्यवस्था को इलाज-केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर रोकथाम-केंद्रित पर्यावरणीय स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर ले जाने की जरूरत है। स्वच्छ हवा बीमारी आने से पहले ही उसके जोखिम को कम करती है। सुरक्षित पेयजल अस्पतालों पर पड़ने वाला दबाव घटाता है। हरित क्षेत्र शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर वातावरण दे सकते हैं। स्वच्छ ऊर्जा प्रदूषण कम कर सकती है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन दोनों को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। यानी पर्यावरण की रक्षा स्वयं एक व्यापक स्वास्थ्य नीति है।

इस संदर्भ में विकास की मौजूदा परिभाषा पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें, बढ़ता उत्पादन और अधिक उपभोग अपने आप में विकास के पर्याप्त संकेतक नहीं हो सकते। विकास का मूल्यांकन इस आधार पर भी होना चाहिए कि उससे हवा कितनी स्वच्छ हुई, पानी कितना सुरक्षित हुआ, हरित क्षेत्र कितने बढ़े, भूजल कितना बचा, कचरे का कितना बेहतर प्रबंधन हुआ और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधन कितने सुरक्षित रहे।

यूएनईपी के ग्लोबल एनवायरनमेंट आउटलुक-7 ने भी जलवायु, प्रकृति, भूमि प्रबंधन और प्रदूषण से जुड़े संकटों के बीच परस्पर संबंधों को रेखांकित किया है। पर्यावरणीय संरक्षण में निवेश केवल प्रकृति के लिए निवेश नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिरता में निवेश भी है। दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों के लगातार क्षरण की कीमत आने वाले समय में समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को चुकानी पड़ सकती है।

भारत के सामने इस चुनौती के साथ एक बड़ा अवसर भी है। जल संरक्षण को सरकारी योजनाओं तक सीमित रखने के बजाय जनभागीदारी का आंदोलन बनाना होगा। वर्षाजल संचयन, तालाबों और झीलों का पुनर्जीवन, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह की रक्षा, भूजल का वैज्ञानिक प्रबंधन और कृषि में जल-कुशल तकनीकों का विस्तार आज की जरूरत है। शहरों में कंक्रीट का विस्तार जिस तेजी से हो रहा है, उसके बीच पारंपरिक जलस्रोतों और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र की रक्षा अत्यंत जरूरी है।

हर पुनर्जीवित तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं है। वह स्थानीय पारिस्थितिकी, भूजल, जैव-विविधता और समुदाय के भविष्य को मजबूत करता है। इसी तरह जंगलों की रक्षा को भी स्वास्थ्य नीति का हिस्सा मानना होगा। वन केवल लकड़ी या भूमि का स्रोत नहीं हैं। वे जलचक्र, जलवायु संतुलन, मिट्टी संरक्षण और जैव-विविधता के आधार हैं।

इसी सोच से “वन हेल्थ” की अवधारणा महत्वपूर्ण हो जाती है। इसका मूल विचार यह है कि मानव स्वास्थ्य को पशु स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्वास्थ्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता। प्राकृतिक आवासों के विनाश, जैव-विविधता में कमी और मानव-वन्यजीव संपर्क में बदलाव का प्रभाव व्यापक स्वास्थ्य जोखिमों पर पड़ सकता है। इसलिए प्रकृति की रक्षा वास्तव में मानव स्वास्थ्य की रक्षा का ही दूसरा नाम है।

अब जरूरत ऐसी नीतियों की है जिनमें हर शहर और हर स्थानीय निकाय अपने विकास की योजना में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को स्पष्ट स्थान दे। शहरों के लिए पर्यावरण स्वास्थ्य सूचकांक विकसित किया जा सकता है, जिसमें प्रति व्यक्ति हरित क्षेत्र, वायु गुणवत्ता, सुरक्षित पेयजल, वृक्ष आवरण, जल संचयन, कचरा प्रबंधन, गर्मी से सुरक्षा और जैव-विविधता जैसे मानकों को शामिल किया जाए। विकास योजनाओं की सफलता केवल सड़कों और भवनों की संख्या से नहीं, बल्कि नागरिकों को मिले स्वस्थ वातावरण से भी मापी जानी चाहिए। विद्यालयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण शिक्षा को केवल एक दिन पौधा लगाने या भाषण प्रतियोगिता तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। बच्चों को अपने आसपास के तालाब, नदी, जलस्तर, पेड़-पौधों, पक्षियों और वायु गुणवत्ता को समझने तथा दर्ज करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इससे पर्यावरण संरक्षण किताबों का विषय नहीं, जीवन का व्यवहार बनेगा। अस्पतालों को भी पर्यावरणीय जिम्मेदारी से जोड़ा जाना चाहिए। ऊर्जा की बचत, जल संरक्षण, चिकित्सा कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन और कम-कार्बन तकनीकों का उपयोग स्वास्थ्य संस्थानों को अधिक टिकाऊ बना सकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र स्वयं पर्यावरणीय संकट का समाधान करने वाले क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

यह भी समझना होगा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। नागरिकों की जीवनशैली का भी इसमें बड़ा योगदान है। पानी की बर्बादी रोकना, अनावश्यक ऊर्जा खपत कम करना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाना, कचरे को अलग-अलग करना और स्थानीय हरित क्षेत्रों की रक्षा करना ऐसे कदम हैं जो सामूहिक रूप से बड़ा बदलाव ला सकते हैं। सरकार नीति बना सकती है, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना उसका प्रभाव सीमित रहेगा।

विज्ञान इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण मार्गदर्शक हो सकता है। आंकड़े हमें बताते हैं कि संकट कितना बड़ा है, वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि उसके कारण क्या हैं और तकनीक समाधान के रास्ते दिखाती है। लेकिन केवल विज्ञान पर्याप्त नहीं है। वैज्ञानिक जानकारी को नीति, प्रशासन और जनभागीदारी से जोड़ना होगा। इसी अर्थ में इस वर्ष का संदेश—“विज्ञान के साथ खड़े होना”—महत्वपूर्ण है।

प्रकृति कोई बाहरी वस्तु नहीं है जिसे मनुष्य केवल संरक्षण देने का दावा करे। मनुष्य स्वयं प्रकृति का हिस्सा है। नदी को बचाना जल-सुरक्षा को बचाना है, जंगल को बचाना अपनी सांसों को सुरक्षित करना है, मिट्टी को बचाना अपने भोजन को सुरक्षित करना है और जलवायु को बचाना अपने भविष्य को सुरक्षित करना है। इसलिए बहस पर्यावरण बनाम विकास की नहीं, बल्कि पर्यावरण-सम्मत विकास की होनी चाहिए।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम आने वाली पीढ़ियों को हम कैसी दुनिया सौंपना चाहते हैं। ऐसी दुनिया, जहां अस्पताल बढ़ते जाएं लेकिन बीमारियां भी बढ़ती रहें, या ऐसी दुनिया जहां स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी, स्वस्थ मिट्टी और संतुलित प्रकृति लोगों के सामान्य जीवन का हिस्सा हों।

स्वास्थ्य मंत्रालय अकेले स्वस्थ समाज नहीं बना सकता और पर्यावरण मंत्रालय अकेले स्वस्थ पृथ्वी नहीं बचा सकता। दोनों को एक साथ काम करना होगा। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, संतुलित जलवायु और समृद्ध जैव-विविधता केवल पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की मूल आवश्यकताएं हैं। विज्ञान हमें खतरे का प्रमाण और समाधान का रास्ता दे रहा है। अब आवश्यकता सामूहिक जिम्मेदारी और ठोस कार्रवाई की है। पर्यावरण को स्वस्थ करना ही मानव स्वास्थ्य को स्वस्थ करना है। यही स्वस्थ मनुष्य, स्वस्थ समाज और स्वस्थ पृथ्वी की त्रिवेणी है।

# चुनाव आयोग पर सत्ता का दबाव : कांग्रेस की राजनीतिक विरासत



आचार्य अशोक चौधरी 'प्रियदर्शी'
कटिहार, बिहार

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति केवल नियमित चुनाव नहीं हैं, बल्कि वे संवैधानिक संस्थाएँ हैं जो चुनावों को निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्वसनीय बनाती हैं। इनमें भारत निर्वाचन आयोग सर्वोच्च स्थान रखता है। संविधान निर्माताओं ने इस संस्था की कल्पना इसलिए की थी कि चुनावी प्रक्रिया किसी सरकार, राजनीतिक दल या सत्ताधारी नेतृत्व की इच्छा पर नहीं, बल्कि संविधान और कानून के अनुसार संचालित हो। लोकतंत्र में सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता पर जनता का विश्वास बना रहना चाहिए। यही विश्वास लोकतंत्र की वास्तविक पूँजी है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत 25 जनवरी 1950 को निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई। आयोग का उद्देश्य स्पष्ट था—लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना। प्रारंभिक लगभग चार दशकों तक आयोग मुख्यतः एक मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में कार्य करता रहा और इसी व्यवस्था के अंतर्गत अनेक आम चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। संविधान ने यह व्यवस्था अवश्य रखी थी कि आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रपति अन्य चुनाव आयुक्त भी नियुक्त कर सकते हैं, किंतु यह अनिवार्य व्यवस्था नहीं थी। लंबे समय तक किसी अतिरिक्त चुनाव आयुक्त की आवश्यकता अनुभव नहीं की गई। इसलिए जब 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने दो अतिरिक्त चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कर आयोग को तीन सदस्यीय बनाया, तब इस निर्णय पर व्यापक राजनीतिक बहस छिड़ गई। सरकार ने इसका औचित्य चुनावी कार्यभार और संस्थागत विस्तार बताया, जबकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह कदम मुख्य चुनाव आयुक्त की स्वतंत्र भूमिका को सीमित करने की राजनीतिक मंशा से प्रेरित था। इतिहास में यह विवाद आज भी चर्चा का विषय है। यह भी तथ्य है कि दिसंबर 1989 में सरकार बदलने के बाद जनता दल सरकार ने अतिरिक्त चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियाँ समाप्त कर आयोग को पुनः एक सदस्यीय स्वरूप में ला दिया। इसके कुछ वर्ष बाद 1993 में प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फिर दो अतिरिक्त चुनाव आयुक्त नियुक्त किए और आयोग स्थायी रूप से तीन सदस्यीय स्वरूप में कार्य करने लगा। तब से लेकर आज तक यही व्यवस्था लागू है। इन घटनाओं को लेकर संवैधानिक विशेषज्ञों के बीच मतभेद रहे हैं। एक मत यह है कि बहुसदस्यीय आयोग से सामूहिक निर्णय प्रणाली मजबूत हुई। दूसरा मत यह है कि तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों में इस व्यवस्था का उपयोग मुख्य चुनाव आयुक्त की संस्थागत शक्ति को संतुलित करने के उद्देश्य से भी किया गया। इसलिए इतिहास का निष्पक्ष अध्ययन यह बताता है कि बहस केवल आयोग की संरचना की नहीं थी, बल्कि उसकी स्वायत्तता की भी थी। लोकतंत्र में एक और महत्वपूर्ण परंपरा विकसित हुई कि चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा निर्वाचन आयोग ही करे। चुनाव कब होंगे, किस चरण में होंगे और किस तिथि को मतदान होगा—यह निर्णय आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय माना गया। अतीत में ऐसे अवसर आए जब सरकारों द्वारा चुनाव संबंधी सार्वजनिक घोषणाओं या संकेतों को लेकर राजनीतिक विवाद उत्पन्न हुए। इन्हीं अनुभवों ने इस संवैधानिक मर्यादा को और अधिक स्पष्ट किया कि चुनावी कार्यक्रम की घोषणा का अधिकार आयोग के पास ही रहना चाहिए। यहीं से एक व्यापक प्रश्न उठता है—क्या कोई भी सरकार, चाहे वह किसी भी दल की हो, संवैधानिक संस्थाओं को अपने तत्कालीन राजनीतिक हितों से ऊपर रख पाती है? लोकतंत्र का इतिहास बताता है कि सत्ता का स्वभाव स्वाभाविक रूप से अपने प्रभाव का विस्तार करना होता है, जबकि संवैधानिक संस्थाओं का दायित्व उस प्रभाव को संविधान की सीमाओं में रखना होता है। जब दोनों के बीच संतुलन बना रहता है, तब लोकतंत्र मजबूत होता है; और जब संतुलन बिगड़ता है, तब विवाद जन्म लेते हैं लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे बड़ी कसौटी यह नहीं होती कि चुनाव कौन जीतता है, बल्कि यह होती है कि चुनाव कराने वाली संस्था कितनी स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक है। यदि चुनाव आयोग पर जनता का विश्वास कमजोर पड़ने लगे, तो लोकतंत्र की पूरी संरचना प्रभावित होती है। इसलिए भारत के संवैधानिक इतिहास में चुनाव आयोग से जुड़े प्रत्येक विवाद का अध्ययन केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि संस्थागत दृष्टि से किया जाना चाहिए। कांग्रेस के शासनकाल में निर्वाचन आयोग की संरचना और उसकी भूमिका को लेकर हुए निर्णयों ने लंबे समय तक राजनीतिक बहस को जन्म दिया। 1989 में आयोग को तीन सदस्यीय बनाना, उसके कुछ ही समय बाद सरकार परिवर्तन के पश्चात पुनः एक सदस्यीय व्यवस्था लागू होना और 1993 में कांग्रेस सरकार द्वारा पुनः तीन सदस्यीय आयोग की स्थापना—इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा किया कि क्या संवैधानिक संस्थाओं की संरचना तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों से प्रभावित होनी चाहिए? इन निर्णयों के समर्थकों ने प्रशासनिक आवश्यकता और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया का तर्क दिया, जबकि आलोचकों ने इसे तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़कर देखा। यही कारण है कि यह विषय आज भी संवैधानिक विमर्श का हिस्सा है।




मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अगर आप एक स्टूडेंट हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी यह है कि आज आपको करियर से रिलेटेड कोई शुभ सूचना मिल सकती है। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे, जिससे आप काफी प्रभावित होंगे। आज आपको किसी मामले में समझदारी से फैसला लेना होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शुभ अंकः 7

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। शुभ अंकः 2

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ दिलाने वाला है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। शुभ अंकः 3

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज आपका जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। शुभ अंकः 9

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे। जो लोग मार्केटिंग के फील्ड से जुड़े हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिल सकते हैं। शुभ अंकः 7

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको खुशी होगी, जिस काम का रिजल्ट मिलने में देर हो रही थी उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आज अपनी संतान को खुश देखकर आपको भी खुशी होगी। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। शुभ अंकः 1

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी होगी। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे, आपकी उलझन कम होगी। आज किसी के झगड़े-झंझट में न पड़ें, आपका ही समय नुकसान होगा। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शुभ अंकः 9

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति में आज आप ज्यादा रुचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ होगी। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। शुभ अंकः 2

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं, यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नए अवसर मिल सकते हैं। शुभ अंकः 3

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके खुशी मिलेगी, साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे। आज भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं, जिससे रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। शुभ अंकः 5

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा, आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए हैं, इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा, साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे। शुभ अंकः 2

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज किसी काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी, शाम को किसी रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जा सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना है, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। शुभ अंकः 6

# पत्रकारिता के कठघरे में लोकतंत्र - खबर, विचार और सत्ता के बीच चौथे स्तंभ



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

लोकतंत्र केवल चुनाव से नहीं चलता है। लोकतंत्र की आत्मा संवाद, असहमति, सवाल और सूचना की स्वतंत्रता में बसती है। इसी व्यवस्था में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ कहा गया है। लेकिन पिछले एक दशक में भारतीय पत्रकारिता को लेकर जिस तरह के आरोप-प्रत्यारोप, राजनीतिक खेमेबंदी और वैचारिक विभाजन सामने आए हैं, उसने इस चौथे स्तंभ के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या पत्रकारिता अब सत्ता और विपक्ष के बीच अपने-अपने चश्मे से देखी जाने लगी है? यह कहना भी उचित नहीं होगा कि पत्रकारिता जगत में सब कुछ आदर्श है। पत्रकारिता की आड़ में निजी स्वार्थ, राजनीतिक निकटता, कारोबारी हित और टीआरपी की प्रतिस्पर्धा के उदाहरण सामने आते रहे हैं। लेकिन इन कमियों के बावजूद यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि देश में आज भी हजारों पत्रकार कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं और सत्ता से लेकर विपक्ष तक से सवाल पूछ रहे हैं। समस्या तब पैदा होती है जब एक ही घटना सत्ता के पक्ष में हो तो खबर और विपक्ष के पक्ष में हो तो सत्य की अंतिम मुहर बन जाती है। भारतीय राजनीति को यदि पत्रकारिता के संदर्भ में देखें तो एक विचित्र तस्वीर दिखाई देती है। एक ओर वह मीडिया है जिस पर सरकार का पक्ष रखने या सरकार के करीब होने का आरोप लगाया जाता है। दूसरी ओर वह मीडिया है जिसे विपक्ष के साथ खड़े होकर सरकार की आलोचना करने वाला माना जाता है। दिलचस्प यह है कि दोनों पक्ष स्वयं को निष्पक्ष बताते हैं और दूसरे पक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं। यही वह जगह है जहां पत्रकारिता का मूल सिद्धांत पीछे छूटने लगता है। पत्रकारिता का काम किसी राजनीतिक दल की जय-जयकार करना नहीं, बल्कि सत्ता से सवाल और समाज को तथ्य उपलब्ध कराना है। सरकार गलत हो तो सवाल होना चाहिए और विपक्ष गलत हो तो भी सवाल होना चाहिए। सत्ता बदलने के साथ पत्रकारिता के सिद्धांत नहीं बदलने चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र में पत्रकार किसी दल का प्रवक्ता नहीं होता है। वह जनता और सत्ता के बीच सूचना का माध्यम होता है। इसी संदर्भ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि Special Intensive Revision (SIR) को लेकर निर्वाचन आयोग के भीतर कथित मतभेदों पर प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट चर्चा के केंद्र में है। 23 सितंबर 2026 को प्रकाशित द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले लगभग दस महीनों में निर्वाचन आयुक्त एस.एस. संधू और विवेक जोशी ने SIR तथा मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न फैसलों और निर्देशों पर कम से कम 14 बार आपत्तियां दर्ज की। रिपोर्ट में इन आपत्तियों से जुड़े कई प्रशासनिक और प्रक्रियागत मुद्दों का उल्लेख किया गया। यहीं से राजनीतिक विवाद शुरू हुआ। विपक्षी दलों ने रिपोर्ट को निर्वाचन आयोग की आंतरिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल के रूप में देखा। दूसरी ओर निर्वाचन आयोग ने इस व्याख्या को स्वीकार नहीं किया। आयोग ने कहा कि आयुक्तों द्वारा उठाए गए सवाल और सुझाव निर्णय प्रक्रिया के सामान्य हिस्से हैं और SIR समेत आयोग के अंतिम निर्णय तीनों आयुक्तों की स्वीकृति से लिए गए हैं। यानि यहां दो अलग-अलग बातें हैं- किसी विषय पर सवाल उठना और किसी अंतिम निर्णय का विरोध होना। इन दोनों को एक ही अर्थ में देखना पत्रकारिता और लोकतांत्रिक विमर्श दोनों के लिए उचित नहीं होगा। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में विचार-विमर्श के दौरान किसी आयुक्त द्वारा सवाल उठाना, किसी प्रक्रिया पर आपत्ति जताना या कोई वैकल्पिक सुझाव देना अपने आप में असाधारण घटना नहीं है। कानूनी व्यवस्था में भी आयोग के कामकाज के संबंध में यह व्यवस्था रही है कि मामलों को यथासंभव सर्वसम्मति से निपटाया जाए और यदि मतभेद बना रहे तो बहुमत के आधार पर निर्णय लिया जा सकता है। उपलब्ध व्याख्याओं के अनुसार तीनों आयुक्तों की राय का समान महत्व है और केवल मुख्य निर्वाचन आयुक्त का मत अंतिम नहीं माना जाता। इसलिए किसी फाइल पर दो आयुक्तों का सवाल उठाना और यह निष्कर्ष निकाल देना कि ‘निर्वाचन आयोग टूट गया’, ‘आयोग में विद्रोह हो गया’ या ‘संवैधानिक संस्था में निर्णय नहीं हो रहे’ इनके बीच पर्याप्त तथ्यात्मक अंतर है। पत्रकारिता का दायित्व इसी अंतर को स्पष्ट करना है। यह पहली बार नहीं है जब निर्वाचन आयोग के भीतर अलग-अलग राय सामने आई हो। 2009 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को बेल्जियम का सम्मान मिलने से जुड़े मामले में निर्वाचन आयोग की राय 2-1 से विभाजित हुई थी। तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त एन. गोपालस्वामी की राय अलग थी, जबकि निर्वाचन आयुक्त नवीन चावला और एस.वाई. कुरैशी की राय दूसरी थी। अंततः बहुमत की राय के आधार पर फैसला हुआ। दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष भी इस मामले का रिकॉर्ड आया और न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के विश्लेषण को देखते हुए आगे जांच की मांग को स्वीकार नहीं किया। अर्थात आयोग के भीतर मतभेद कोई आज पैदा हुई व्यवस्था नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुछ भाषणों को लेकर भी निर्वाचन आयोग के भीतर अलग राय सामने आई थी। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार वार्धा और लातूर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों से जुड़े मामलों में एक निर्वाचन आयुक्त ने अलग राय रखी थी और संबंधित फैसले 2-1 के बहुमत से हुए थे। उस समय भी निर्वाचन आयोग के भीतर असहमति लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा थी। इसलिए आज का मूल प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि आयोग के भीतर किसी आयुक्त ने सवाल क्यों उठाया? जबकि मूल प्रश्न होना चाहिए कि क्या सवालों पर विधिवत विचार हुआ? क्या अंतिम निर्णय कानून के अनुसार हुआ? क्या प्रक्रिया पारदर्शी थी? और क्या पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहा? मेरे समझ से यही असली पत्रकारिता है। यहीं से मीडिया की भूमिका पर भी सवाल खड़ा होता है। यदि 2009 में आयोग में 2-1 का मतभेद लोकतांत्रिक प्रक्रिया था और 2019 में भी अलग राय संवैधानिक संस्था के भीतर विचार-विमर्श का हिस्सा थी, तो 2026 में SIR को लेकर सामने आए मतभेद को समझने के लिए भी वही पैमाना क्यों न अपनाया जाए? हो सकता है कि आज SIR का प्रभाव व्यापक हो। मतदाता सूची से जुड़ा विषय सीधे नागरिक के मतदान अधिकार से संबंधित है, इसलिए स्वाभाविक रूप से जनता की चिंता अधिक हो सकती है। लेकिन चिंता और निष्कर्ष दो अलग बातें हैं। सवाल उठाना लोकतंत्र है, लेकिन सवाल के आधार पर फैसला सुना देना पत्रकारिता नहीं हो सकता है। SIR को लेकर बहस को केवल निर्वाचन आयोग के तीन आयुक्तों के बीच कथित मतभेद तक सीमित करना उचित नहीं होगा। मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मृत व्यक्तियों, दोहरे नाम, स्थान बदल चुके मतदाताओं अथवा अपात्र नामों को हटाना चुनावी सूची की विश्वसनीयता के लिए आवश्यक है। लेकिन दूसरी तरफ यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि दस्तावेजी कमी, तकनीकी त्रुटि या प्रशासनिक गलती के कारण किसी वास्तविक और पात्र मतदाता का नाम न छूट जाए। यही SIR की असली कसौटी है। हालिया रिपोर्टों में पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में हटाए गए नामों के संबंध में अपीलों का उल्लेख आया है। निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष बताया कि 27.16 लाख हटाए गए मतदाताओं में 22 लाख से अधिक ने पुनः शामिल किए जाने के लिए अपील की है। आयोग ने यह भी कहा कि हटाए गए नामों में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल थे। इससे स्पष्ट है कि बहस केवल राजनीतिक आरोपों की नहीं, बल्कि प्रक्रिया, दस्तावेज, अपील और सुधार की व्यवस्था की भी है। पत्रकारिता तब कमजोर होती है जब खबर को तथ्य बताने के बजाय राजनीतिक हथियार बनाया जाने लगे। आज यदि कोई अखबार सरकार के पक्ष में खबर प्रकाशित करे तो उसे सरकारी मीडिया कहा जाता है। वही अखबार कल सरकार के खिलाफ खबर प्रकाशित कर दे तो अचानक उसे विपक्ष की नजर में निष्पक्ष पत्रकारिता का प्रमाण पत्र मिल जाता है। यह दोहरा मापदंड पत्रकारिता के लिए खतरनाक है। पत्रकार को न सरकार का जयकारा लगाना चाहिए और न विपक्ष की जयकार करनी चाहिए। पत्रकारिता का जयकारा केवल सत्य का होना चाहिए। किसी खबर की विश्वसनीयता इस बात से तय नहीं होनी चाहिए कि उससे भाजपा खुश हुई या कांग्रेस, सरकार प्रसन्न हुई या विपक्ष। विश्वसनीयता इस बात से तय होनी चाहिए कि तथ्य क्या हैं? स्रोत क्या हैं? दूसरा पक्ष क्या कहता है? दस्तावेज क्या कहते हैं और निष्कर्ष तक पहुंचने का आधार क्या है? शायद सबसे अधिक जरूरत तीसरे रास्ते की है। वह रास्ता जहां पत्रकार सरकार से भी सवाल पूछे और विपक्ष से भी। जहां SIR में मतदाता सूची की शुद्धता का समर्थन किया जाए, लेकिन पात्र मतदाता के अधिकार की रक्षा का सवाल भी उतनी ही मजबूती से उठाया जाए। जहां निर्वाचन आयोग के निर्णयों का सम्मान हो, लेकिन आयोग से पारदर्शिता की मांग भी की जाए। जहां आयोग के भीतर किसी आयुक्त की आपत्ति को छिपाया न जाए, लेकिन उस आपत्ति को अंतिम निर्णय के बराबर भी न माना जाए। यही संतुलन पत्रकारिता की विश्वसनीयता वापस ला सकता है। आज सोशल मीडिया के दौर में किसी भी खबर के साथ कुछ ही घंटों में राजनीतिक नैरेटिव खड़ा हो जाता है। एक पक्ष कहता है कि संस्था पर संकट है। दूसरा पक्ष कहता है कि संस्था को बदनाम किया जा रहा है। लेकिन आम नागरिक इन दोनों के बीच खड़ा होकर पूछता है कि आखिर सच क्या है? इसका उत्तर टीवी स्टूडियो के शोर से नहीं मिलेगा है। उत्तर मिलेगा दस्तावेजों से। बैठकों के रिकॉर्ड से। आधिकारिक आदेशों से। कानूनी प्रावधानों से। अपील की प्रक्रिया से और सबसे महत्वपूर्ण बात है तथ्यों की स्वतंत्र जांच से।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्घटना में घायल युवक को पहुँचाया प्रशासन ने पहुँचाया अस्पताल, गिरे पेड़ को हटाकर बहाल कराया यातायात

**दारू (हज़ारीबाग)।** दारू थाना पुलिस ने अपनी संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एक ओर जहाँ सड़क हादसे में घायल युवक को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान बचाई, वहीं दूसरी ओर सड़क पर गिरे विशाल पेड़ को हटाकर घंटों से बाधित यातायात को सुचारू कराया। मिली जानकारी के अनुसार, टाटीझरिया ग्राम व थाना क्षेत्र के निवासी इंद्रदेव रजक (पिता- बद्री रजक) सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। सूचना मिलते ही दारू थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल इंद्रदेव रजक को अपनी देखरेख में तत्काल अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उनका इलाज जारी है। वहीं दूसरी ओर, धनबाद से हजारीबाग की ओर आ रही Rayyen (रायन) बस पर अचानक एक पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और मुख्य मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया, जिससे दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और स्थानीय मुखिया तथा ग्रामीणों के सहयोग से तत्परता दिखाते हुए पेड़ को सड़क से हटवाया। पुलिस की इस मुस्तैदी से मार्ग पर लगा लंबा सड़क जाम समाप्त हुआ और आवागमन पूरी तरह बहाल हो सका। पुलिस की इस तत्परता और मानवीय पहल की स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।

### तेज हवा और बारिश से ईरगा में पेड़ गिरा, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति ठप्प



**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज और तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रखंड के ईरगा पंचायत भवन के पीछे तेज हवा और बारिश के झोंके से एक बड़ा पेड़ अचानक उखड़कर गिर गया। पेड़ सीधे पास में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर पर जा गिरा, जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद से ही संबंधित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई है। अचानक बिजली सेवा बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भीषण गर्मी और उमस के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत के साथ-साथ दैनिक कार्य भी प्रभावित हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग से त्वरित संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### मयूरहंड में गैस आपूर्ति ठप, ग्रामीण और स्कूल प्रबंधन परेशान




**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र में विशाल गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी, कान्हाचट्टी द्वारा एलपीजी गैस की आपूर्ति लगातार बाधित रहने की शिकायत सामने आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गैस की बुकिंग कराने के बाद भी कई बार बुकिंग कैंसिल हो जाती है और समय पर सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की जाती। बताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में भी गैस की नियमित आपूर्ति नहीं होने से मध्याह्न भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। गैस के अभाव में स्कूल प्रबंधन को वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। लगातार बारिश के बीच गैस की आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के संबंध में एजेंसी के एरिया अधिकारी विकास आनंद से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन उनका मोबाइल नंबर 9831312700बंद रहने के कारण शिकायत दर्ज कराने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और गैस कंपनी के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए मयूरहंड प्रखंड में नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा बुकिंग कैंसिल होने की समस्या की जांच कराने की मांग की है।

### बारिश में ढहा पिंटू यादव का कच्चा आशियाना; 'अबुआ' और 'पीएम आवास' की लिस्ट से नाम कटने का खामियाजा भुगत रहा गरीब परिवार



**मयूरहंड.(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के मंझगांवा पंचायत स्थित कुंदरी गांव से प्रशासनिक लापरवाही और सरकारी दावों की पोल खोलती एक बेहद ही दर्दनाक और चौंकाने वाली जमीनी हकीकत सामने आई है। यहाँ लगातार हो रही बारिश के कारण पिंटू यादव का खपरैल और मिट्टी का कच्चा मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ढह गया है, जिससे इस गरीब परिवार को रात गुजारने के लिए दूसरों के यहाँ शरण लेनी पड़ रही है। लेकिन कुंदरी गांव की विडंबना केवल पिंटू यादव की इस त्रासदी तक सीमित नहीं है; प्राप्त तस्वीरों और ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार, आज भी इस गांव के लगभग सभी लोग जर्जर खपरैल और मिट्टी के घरों में ही रहने को मजबूर हैं। एक तरफ सरकार गरीबों को पक्का मकान देने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास' और 'अबुआ आवास' जैसी योजनाओं का ढिंढोरा पीटते हुए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं कुंदरी गांव की ये कच्ची दीवारें सिस्टम के गाल पर एक करारा तमाचा हैं। पीड़ित पिंटू यादव का दर्द है कि आवास योजना की सूची में उनका नाम कई बार आया, लेकिन हर बार अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से उनका नाम लिस्ट से हटा दिया गया। जब पूरे गांव के लोग आज भी मिट्टी के घरों में जीवन काट रहे हैं, तो आखिर पंचायत सेवक शशि कुमार के कार्यकाल में आवास योजनाओं का फंड किन चहेतों या बिचौलियों के घर बनाने में खर्च हो रहा है?

### सुभाष पांडेय बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष



**चकाई।** प्रखंड क्षेत्र के पाटजोरी गांव निवासी सुभाष पांडेय को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही चकाई क्षेत्र के लोगों एवं ब्राह्मण समाज के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई समाज के लोगों ने उनके मनोनयन का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं लोगों ने कहा कि सुभाष पांडेय के जिला अध्यक्ष बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी उनके नेतृत्व में समाज के लोगों को एकजुट करने तथा सामाजिक हितों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी लोगों ने उम्मीद जताई कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे सुभाष पांडेय के जिला अध्यक्ष बनने पर राहुल पांडेय मानिक पांडेय प्रमोद पांडेय मनोज पांडेय मुरारी पांडेय रितेश पांडेय अमित तिवारी उर्फ गुड्डू बबलू दुबे विष्णु दुबे सुबाल दूबे सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों ने उनके सफल कार्यकाल की शुभकामना देते हुए संगठन को आगे बढ़ाने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया

# मझगांव पंचायत की समस्याओं को लेकर डीसी से मिले मुखिया

नई सोच एक्सप्रेस



**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड की मझगांव पंचायत के मुखिया मजीत सिंह ने शुक्रवार को उपायुक्त रवि आनंद से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंचायत के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त से विस्तार से चर्चा की। मुखिया ने पंचायत में सड़क निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पंचायत के कई क्षेत्रों में सड़क की आवश्यकता है। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके अलावा पंचायत के विद्यालयों में शौचालय की समस्या से भी उपायुक्त को अवगत कराया गया। विद्यालयों में चार अतिरिक्त कमरों के निर्माण की आवश्यकता भी बतायी गयी। मुखिया ने इन सभी कार्यों को जल्द पूरा कराने के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। मुखिया ने पंचायत की अन्य विकास संबंधी समस्याओं पर भी उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास के लिए प्रशासन का सहयोग जरूरी है। उपायुक्त रवि आनंद ने मुखिया की ओर से रखी गयी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। मुखिया मजीत सिंह ने कहा कि मझगांव पंचायत के विकास के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। पंचायत की मूलभूत समस्याओं का समाधान कराकर ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

» सड़क, शौचालय व अतिरिक्त कमरों के निर्माण की मांग, डीसी ने दिया जल्द समाधान का आश्वासन

# सुदूर गांवों तक पहुंचेगा पोषण का संदेश, हजारीबाग में दो जागरूकता रथ रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय पोषण माह-2026 के तहत जिले में पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास को लेकर जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त हेमन्त सती ने दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मौजूद रहीं। केन्द्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत आयोजित नवम राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 9 सितंबर से 9 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जागरूकता रथ 25 सितंबर से 9 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। दोनों रथ प्रमुख मार्गों, बाजार-हाट, पंचायतों और गांवों तक पहुंचेंगे। एलईडी स्क्रीन के जरिए ऑडियो-वीडियो संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को पोषण संबंधी जरूरी जानकारी दी जाएगी। अभियान में विशेष रूप से गर्भवती और धात्री महिलाओं के पोषण, बच्चों के समुचित विकास, संतुलित एवं विविधतापूर्ण आहार और पर्याप्त प्रोटीन पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्म पका भोजन, बाल विकास एवं प्रारंभिक उद्दीपन, सामुदायिक भागीदारी तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उपायुक्त हेमन्त सती ने जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि "हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी" की भावना के साथ पोषण और स्वास्थ्य के संदेश को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है।

# टाटीझरिया से गाजे-बाजे के साथ 65 श्रद्धालुओं का जत्था सांसद तीर्थ दर्शन पर रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**टाटीझरिया।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर टाटीझरिया पंचायत से 65 महिला-पुरुष श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर, विंध्याचल, अयोध्या और प्रयागराज सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर बाबा बालक नाथ के पास हजारी जायसवाल के मकान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह की अध्यक्षता तथा महामंत्री राजू यादव के संचालन में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान सांसद तीर्थ यात्रा प्रभारी जुगनू सिंह, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि व महामंत्री संतोष मंडल, झरपो मंडल अध्यक्ष महेश अग्रवाल, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, परमेश्वर यादव, बजरंगी साव सहित अन्य नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से क्षेत्र के वृद्ध महिला-पुरुष श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन का सुनहरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने तीर्थ यात्रियों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और निर्धारित गाइड के निर्देशों का पालन करने की अपील की। तीर्थ यात्रियों के बेहतर मार्गदर्शन के लिए रजनीकांत चौधरी, अजय प्रसाद, विनय वर्णवाल, आशा देवी को गाइड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से सभी तीर्थ यात्रियों को पहचान पत्र के साथ यात्रा के लिए आवश्यक सामग्री से युक्त थैला भी उपलब्ध कराया गया। तीर्थ यात्रियों को गीत-संगीत के साथ उत्साहपूर्वक विदाई दी। समारोह स्थल से टाटीझरिया चौक तक गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं को विदा किया गया। मौके पर उपेंद्र सिंह, आनंद पाठक, रामेश्वर पांडेय, सुखदेव पांडेय, ज्योतिष पंडा, अनिल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, मुकेश यादव, राहुल यादव, छोटन साव, सूरज कुमार, बजरंग सिंह, अरुण साव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

» काशी विश्वनाथ, विंध्याचल, अयोध्या धाम और प्रयागराज के करेंगे दर्शन

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, पदाधिकारियों को दिए समस्या समाधान करने का निर्देश


नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को भेजते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिन मामलों का त्वरित स्तर पर समाधान संभव है, उनका प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने को कहा। इस दौरान आमजनों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों की जांच करते हुए पात्रता एवं नियमों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा मामलों के निष्पादन में आवश्यक तत्परता बरतने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों की समस्याओं को सुनना और उनका नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार लोगों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने का सशक्त माध्यम है।

## सड़क हादसों में हजारों मौतें, सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर कदम उठाए : विजय शंकर नायक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने झारखंड में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों पर चिंता जताते हुए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में होने वाली हर मौत केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था और सरकारी दायित्व की परीक्षा है। नायक ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में झारखंड में 5,315 सड़क दुर्घटनाओं में 4,173 लोगों की मौत हुई, जबकि 2024 में 5,196 दुर्घटनाओं में 4,114 लोगों की जान गई। मार्च 2025 में झारखंड विधानसभा में 2000 से 2025 के बीच सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 82,200 लोगों की मौत का आंकड़ा भी उद्धृत किया गया था। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों के पीछे तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाना, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, खराब सड़क, अवैध पार्किंग, वाहन की खराब फिटनेस, ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना के बाद समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलना जैसे कई कारण हो सकते हैं। इसलिए सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या परिवहन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कई विभागों की साझा जिम्मेदारी है। नायक ने सरकार से 'जीरो डेथ रोड सेफ्टी मिशन' शुरू करने, प्रत्येक जिले में ब्लैक स्पॉट का वैज्ञानिक ऑडिट कराने, व्यावसायिक वाहन चालकों के ड्राइविंग टेस्ट और प्रशिक्षण को वैज्ञानिक बनाने तथा ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार पर तकनीक आधारित कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने वाहनों की फिटनेस जांच को प्रभावी बनाने और हाईवे पर खड़े भारी वाहनों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में उपचार सुनिश्चित करने के लिए हाईवे पर एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर, प्रशिक्षित पैरामेडिक और अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। साथ ही जिला सड़क सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने और प्रत्येक घातक दुर्घटना का फाटल क्रैश ऑडिट कराने की मांग की। नायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन और सुरक्षा से जुड़े अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक मूल्यांकन इस बात से होना चाहिए कि विकास की राह पर कितनी जिंदगियां सुरक्षित बच रही हैं। उनका लक्ष्य होना चाहिए—'शून्य मृत्यु की दिशा में झारखंड'।

# सहियाओं को समय पर प्रोत्साहन राशि, जल्द मिलेगा टैब

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नामकुम में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सहियाओं को प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देरी नहीं करने, उन्हें जल्द टैब उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सहियाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय पर उपलब्ध होनी चाहिए। भविष्य में विशेष प्रोत्साहन राशि राज्य मुख्यालय से सीधे भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। संविदाकर्मियों के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया को भी सरल बनाने के लिए HIRS के माध्यम से राज्य मुख्यालय स्तर से भुगतान की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ने NHM कर्मियों को जल्द EPF का लाभ देने तथा स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने पर जोर दिया। मलेरिया मरीजों को मच्छरदानी उपलब्ध कराने और मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी का भी निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान कम वित्तीय व्यय वाले कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने, बजट का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय फीडबैक के आधार पर योजनाओं में सुधार करने को कहा गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक वित्त सहित विभागीय अधिकारी व नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

» NHM कर्मियों को EPF का लाभ और डॉक्टरों के रिक्त पद भरने के निर्देश

### हजारीबाग पुलिस ने बरामद किए 39 गुम हुए मोबाइल, CEIR पोर्टल की मदद से उनके मालिकों को सौंपे



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला पुलिस को गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देशानुसार CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 39 गुम हुए मोबाइल बरामद किए हैं। 25 सितंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक विशेष वितरण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में सभी 39 मोबाइलों को उनके वास्तविक धारकों (मालिकों) को वापस लौटाया गया। इस मोबाइल वितरण कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), हजारीबाग के साथ-साथ तकनीकी शाखा के पुलिस अधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। CEIR पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों के खोए हुए मोबाइलों को ट्रैक कर उनकी त्वरित बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है।

## भाकपा माओवादी राजू भुइयां के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नई सोच एक्सप्रेस



**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने हार्डकोर भाकपा माओवादी राजू भुइयां के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर लातेहार थाना के एसआई राजा दिलावर और पुलिस जवानों ने ढोल बजाकर राजू भुइंया के घर पर न्यायालय से जारी इश्तेहार को चिपकाया। पुलिस के अनुसार, पिछले कई वर्षों से फरार राजू भुइयां गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र स्थित लावाही कला गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ लातेहार थाना में वर्ष 2022 में मामला दर्ज किया गया था उस पर हत्या के प्रयास , पुलिस के काम में बाधा डालने , साजिश , हथियार रखने और यूएपीए समेत कई धाराओं में केस दर्ज है। पुलिस ने राजू की मां ललिता कुंवर और पत्नी अनिता देवी को निर्देश दिया है कि वे लोग 10 नवंबर तक राजू को न्यायालय या पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करायें , पुलिस ने चेतावनी दी है कि तय समय तक आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय के आदेश से उसकी संपत्ति को कुर्की-जब्ती समेत आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## गिद्दी थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई: तमिलनाडु से सकुशल बरामद कर शादीशुदा युवती के परिजनों को सौंपा

नई सोच एक्सप्रेस



**गिद्दी ( हजारीबाग़ )।** थाना क्षेत्र से लापता हुई वैवाहिक महिला को थाना प्रभारी इक़बाल हुसैन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुदूर तमिलनाडु से सकुशल बरामद कर लिया है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि गत 18 सितंबर 2026 को थाना क्षेत्र की एक शादीशुदा लड़की के अचानक गायब होने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ था। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना समय गंवाए तत्काल सनहा दर्ज किया और जांच में जुट गई। युवती की खोजबीन के लिए जिला पुलिस की तकनीकी शाखा (Technical Cell) की मदद ली गई। तकनीकी सुरागों और लोकेशन का पीछा करते हुए पुलिस टीम तमिलनाडु पहुंची और युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया। युवती के सही-सलामत घर लौटने पर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। परिजनों ने गिद्दी थाना पुलिस और तकनीकी शाखा की इस त्वरित व तत्पर कार्रवाई के प्रति आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा स्टारबक्स के लिमिटेड-एडिशन फेस्टिव मेन्यू के साथ मनाएं दुर्गा पूजा


**पटना**। ग्राहकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद टाटा स्टारबक्स इस फेस्टिव सीजन में 'आमार पूजा, आमार स्टारबक्स' के साथ एक बार फिर लौट आया है। कंपनी ने पूर्वी भारत की समृद्ध पाक विरासत से प्रेरित एक खास लिमिटेड-एडिशन मेन्यू पेश किया है। यह फेस्टिव मेन्यू क्षेत्र के पसंदीदा स्वादों को स्टारबक्स के सिग्नेचर अनुभव के साथ पेश करता है, ताकि ग्राहक परिवार और दोस्तों के साथ दुर्गा पूजा के जश्न को नए अंदाज में मना सकें। टाटा स्टारबक्स की हेड ऑफ प्रोडक्ट एंड मार्केटिंग, मिताली माहेश्वरी ने कहा, "दुर्गा पूजा पूर्वी भारत के सबसे प्रिय त्योहारों में से एक है, जो साझा परंपराओं, खान-पान और आपसी जुड़ाव के जरिए समुदायों को एक साथ लाता है। इस साल हमें नए अंदाज में तैयार किए गए मेन्यू के साथ इस खास अवसर का हिस्सा बनने की खुशी है, जिसमें क्षेत्र के पसंदीदा पारंपरिक स्वादों को स्टारबक्स के सिग्नेचर अनुभव के साथ पेश किया गया है। कोषा मंगशो रोल और गुड़ेर संदेश फ्लान जैसे नए विकल्पों के साथ ग्राहकों के कई पसंदीदा व्यंजन भी इस मेन्यू में लौटे हैं। ये व्यंजन क्षेत्र की पाक परंपराओं से गहराई से जुड़े स्वादों को समकालीन अंदाज में पेश करते हैं। हमारे स्टोर्स लोगों के लिए हमेशा की तरह एक स्वागतयोग्य 'थर्ड प्लेस' बने हुए हैं और हमें उन बातचीत, मेल-मिलाप और जश्न का हिस्सा बनने का इंतजार है, जो पूजा को इतना खास बनाते हैं।" यह फेस्टिव मेन्यू 26 सितंबर से 21 अक्टूबर तक कोलकाता, गुवाहाटी, सिलीगुड़ी, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, पटना, रांची और गंगटोक के चुनिंदा स्टारबक्स स्टोर्स में उपलब्ध रहेगा।

### श्राद्धकर्म की विधियों के आध्यात्मिक महत्व पर विशेष लेख



**नई दिल्ली**। पितृपक्ष के अवसर पर सनातन संस्था ने श्राद्धकर्म की विभिन्न विधियों के आध्यात्मिक महत्व पर विशेष लेख जारी किया है। संस्था के अनुसार हिंदू धर्म में देवऋण, ऋषिऋण, पितृऋण और समाजऋण को चुकाना महत्वपूर्ण माना गया है। पितृऋण की पूर्ति के लिए श्राद्धकर्म को परंपरा का महत्वपूर्ण अंग बताया गया है। लेख में कहा गया है कि श्राद्ध में चांदी के पात्रों के उपयोग की परंपरा का उल्लेख मत्स्यपुराण में मिलता है। संस्था ने इसके पीछे आध्यात्मिक कारण बताते हुए कहा है कि चांदी को पितृकार्य के लिए उपयुक्त माना गया है, जबकि देवपूजा में इसके प्रयोग से बचने की परंपरा बताई गई है। संस्था के अनुसार श्राद्ध में सामान्य रंगोली के बजाय भस्म से रंगोली बनाने की परंपरा भी बताई गई है। लेख में देवकार्य और पितृकार्य की विधियों में दिशा के अंतर, देवस्थानी एवं पितृस्थानी ब्राह्मणों के बैठने की दिशा तथा श्राद्धविधि से यजमान, परिवार और ब्राह्मणों को होने वाले धार्मिक लाभों का उल्लेख किया गया है। संस्था ने कहा कि श्राद्ध का उद्देश्य पितरों की संतुष्टि और उनकी सद्गति की कामना करना है।

### 10,999 रुपये में iTel A300C 4G स्मार्टफोन लॉन्च




**पटना**। टेक्नोलॉजी ब्रांड आईटेल ने 10,999 रुपये की कीमत में नया iTel A300C 4G स्मार्टफोन लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार फोन में 6000 एमएएच बैटरी, 18 वॉट फास्ट चार्जिंग और MIL-STD-810H मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी दी गई है। फोन में 6.56 इंच एचडी प्लस डिस्प्ले के साथ 90 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट, यूनिसॉक T7100 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर और एंड्रॉयड 16 गो एडिशन दिया गया है। इसमें 12 जीबी तक रैम सपोर्ट, 8 एमपी रियर और 5 एमपी फ्रंट कैमरा, DTS-enhanced साउंड, साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और फेस अनलॉक जैसे फीचर हैं। कंपनी के मुताबिक 6000 एमएएच बैटरी मल्टी-डे इस्तेमाल के लिए डिजाइन की गई है। आईटेल पहले 100 दिनों के लिए फ्री स्क्रीन रिप्लेसमेंट की सुविधा भी दे रहा है। आईटेल इंडिया के सीईओ अर्जित तालापत्रा ने कहा कि A300C को रोजमर्रा के काम, पढ़ाई, मनोरंजन और कनेक्टिविटी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ सुयोग्य लाभुकों को ससमय देने का दिया गया निर्देशः उपायुक्त



**लातेहार**| उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान राशि के लिये प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों का समीक्षा करने के बाद कुल 86 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति के 56, अनुसूचित जनजाति के 15 तथा पिछड़ी जाति के 15 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने के लिये अनुमोदन प्रदान किया गया है। अनुमोदित 86 आवेदनों में से 1 कैंसर पीड़ित मरीज का आवेदन है उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुमोदन के बाद में अविलम्ब सभी लाभुकों को अनुदान राशि शीघ्र हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया।

### 12 यूनिट रक्त संग्रहित, जरूरतमंद मरीजों के लिए होगा उपयोग। बोदी सिन्हा

**साहिबगंज**। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, साहिबगंज के तत्वावधान में शुक्रवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर अपना योगदान दिया। इस दौरान कुल 12 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सचिव सह शिविर प्रभारी चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने बताया कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना बेहद महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से सोसाइटी की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को आगे बढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जरूरत के समय किसी मरीज को रक्त की कमी के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों एवं ब्लड बैंक कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र साधना और भारत की

नई सोच एक्सप्रेस



**गिरिडीह** | शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं गिरिडीह विधानसभा के भाजपा नेता सुरेश साव के शास्त्री नगर स्थित आवासीय कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान सुरेश साव सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।मौके पर भाजपा नेता सुरेश साव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का साधन माना। उन्होंने कहा कि ह्यराष्ट्रधर्मह्ल और ह्यपाञ्चजन्यह्ल के माध्यम से पंडित दीनदयाल ने राष्ट्रीय चिंतन को नई दिशा दी और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया।सुरेश साव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र साधना और भारत की सांस्कृतिक चेतना को समर्पित रहा। अंत्योदय का उनका विचार आज भी जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा है। उनका ध्येयनिष्ठ जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्र प्रथम का भाव कार्यकर्ताओं को सदैव मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और अंत्योदय के संकल्प की दिशा में ध्रुवतारे के समान मार्गदर्शन करते रहेंगे।इस अवसर पर सुभाष सिन्हा, सुमन सिन्हा, राजेश जायसवाल, शैबाल घोष, अमर सिन्हा, राहुल कुमार, पीयूष सिन्हा एवं प्रवीन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 3 साल से एक ही कार्यालय में कार्यरत 13 लिपिकों का तबादला

नई सोच एक्सप्रेस



**लातेहार** | जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तीन साल या उससे अधिक समय से कार्यरत 13 लिपिकों का सामुहिक तबादला कर दिया है। सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो ने झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव , स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल् ?याण विभाग व उपायुक्त के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। तबादला सूची में सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक करूणेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र मनिका में स्थानांतरित किया गया है , जबकि सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक अजय कुमार यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लातेहार, सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक रूपक कुमार को अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय , लातेहार के लिपिक संजय सिन्हा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ , सदर अस्पताल के लिपिक भुनेश्वर राम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ के लिपिक संजीत कुमार को सिविल सर्जन कार्यालय। लातेहार और वृंदा गोप को प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र पल्हैया मनिका , प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र बारियातू के लिपिक जीतेंद्र पाठक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा की लिपिक विनिता देवी को सिविल सर्जन कार्यालय , लातेहार , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के लिपिक मनोहर प्रसाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह के लिपिक श्रवण कुमार को सिविल सर्जन कार्यालय।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले फार्मासिस्ट सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज**। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, साहिबगंज की ओर से शुक्रवार को शहर स्थित एक विवाह भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान और आरएलए घनश्याम कुमार समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान केक काटकर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। एसोसिएशन में शामिल हुए नए सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले फार्मासिस्टों को मेडल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। **फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी : सिविल सर्जनः** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मरीजों को दवाओं के संबंध में सही सलाह और जानकारी देना फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने फार्मासिस्टों से मरीजों को बेहतर सलाह देने और अपने हौसले को बुलंद रखते हुए सेवा भाव से कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टों के बिना स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पूरी नहीं हो सकती। सभी को मिलकर जिले की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करना चाहिए। सिविल सर्जन ने सर्पदंश के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि सांप के काटने की स्थिति में मरीज को तत्काल सदर अस्पताल लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में सर्पदंश के मरीजों का उपचार कर उन्हें स्वस्थ कर घर भेजा जाता है। उन्होंने फार्मासिस्टों से ऐसे मामलों में लोगों को सही सलाह देने और जागरूक करने की अपील की। **बिना चिकित्सकीय पर्ची के दवा नहीं बेचें : आरएलएः**आरएलए घनश्याम कुमार ने कहा कि दवाइयां खरीदते समय ग्राहकों को दवा के साथ बिल अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने दवा विक्रेताओं से चिकित्सक की पर्ची के आधार पर ही दवाओं की बिक्री करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अनुसूची एच में करीब 400 तथा अनुसूची एच-1 में 51 प्रकार की दवाइयां शामिल हैं। ऐसी दवाओं की बिक्री निर्धारित नियमों के तहत ही की जानी चाहिए। उन्होंने लोगों से पंजीकृत दवा दुकानों से ही दवाइयां खरीदने की अपील की। **सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है एसोसिएशन : अमित गुप्ताः**जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में एसोसिएशन के सदस्य सक्रिय रूप से योगदान देते हैं। उन्होंने जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रिक्त पड़े फार्मासिस्ट के पदों को भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले के शिक्षित और योग्य युवा फार्मासिस्टों को आयुष्मान भारत या जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (डीएमएफटी) के माध्यम से जोड़कर रिक्त पदों पर सेवा लेने की पहल की जानी चाहिए। **उत्कृष्ट कार्य के लिए फार्मासिस्ट सम्मानितः** कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले फार्मासिस्टों को सम्मानित किया गया।

## एसआईआर-2026 को लेकर बोरियो में समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन का निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज**। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR)-2026 के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को बोरियो प्रखंड कार्यालय में समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड सुबोध कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू उपस्थित रहीं। बैठक में राजमहल, बोरियो एवं बरहेट विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) तथा साहिबगंज, राजमहल, उधवा, मंडरो, बोरियो, तालझारी, बरहेट, पतना, सुंदरपहाड़ी एवं बोआरीजोर प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ/अतिरिक्त एईआरओ) ने भाग लिया। बैठक के दौरान एसआईआर-2026 के तहत वर्तमान में चल रहे नोटिस चरण में प्राप्त दस्तावेजों एवं संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों से निर्धारित स्थलों पर मतदाताओं एवं नागरिकों की सुनवाई की स्थिति तथा सुनवाई से संबंधित अभिलेखों के संधारण की जानकारी भी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त मामलों एवं दस्तावेजों की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक कार्रवाई को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में एसआईआर से संबंधित कार्यों की लगातार निगरानी करने और निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही मतदाताओं की सुनवाई के दौरान विशेष सावधानी बरतने, अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण करने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ संपादित करने पर जोर दिया गया।

# एम्स पटना के 15वें स्थापना दिवस पर नई स्वास्थ्य योजनाओं की घोषणा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। एम्स पटना ने शुक्रवार को अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया। समारोह में संस्थान को बिहार के लिए ऑर्गन ट्रांसप्लांट सेंटर के रूप में विकसित करने, मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक, कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर और एआई स्पेशल पर्पज हब स्थापित करने की योजनाओं की जानकारी दी गई। एम्स पटना के प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) आर.के. धीमन ने बिहार के मरीजों को राज्य में ही उन्नत अंग प्रत्यारोपण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास तेज करने पर जोर दिया। कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने संस्थान की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एम्स पटना और आईआईएम बोधगया के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, सम्मेलन, संगोष्ठी तथा हेल्थकेयर मैनेजमेंट से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में आईआईएम बोधगया की संस्थापक निदेशक विनिता एस. सहाय, प्रो. (डॉ.) पीयूष साहनी, प्रो. (डॉ.) सुभाष गुप्ता सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। छह फैकल्टी सदस्यों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं प्रथम निदेशक प्रो. (डॉ.) गिरिश कुमार सिंह तथा सेवानिवृत्त डॉ. उमेश कुमार भदानी को भी सम्मानित किया गया।

» मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक, कैंसर सेंटर और एआई हब की योजना; ऑर्गन ट्रांसप्लांट सेंटर के रूप में विकसित करने पर जोर

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में बेगूसराय को राष्ट्रीय सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत बिहार के बेगूसराय जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। 5 लाख से अधिक आबादी वाले जिलों की श्रेणी में बेगूसराय को 'बेस्ट परफॉर्मिंग मॉडल डिस्ट्रिक्ट' का पुरस्कार मिला है। यह सम्मान आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आठ वर्ष और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के पांच वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) की ओर से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'आरोग्य मंथन 2026' में प्रदान किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने यह पुरस्कार बिहार स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव सह बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (BSSS) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा को प्रदान किया। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के अनुसार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, स्वास्थ्य संस्थानों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम से जोड़ने तथा नागरिकों तक डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों में बेगूसराय की उपलब्धि महत्वपूर्ण है। यह सम्मान जिला प्रशासन, जिला ABDM टीम, स्वास्थ्य संस्थानों और स्वास्थ्यकर्मियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम बताया गया है।

» 5 लाख से अधिक आबादी वाले जिलों में मिला 'बेस्ट परफॉर्मिंग मॉडल डिस्ट्रिक्ट' पुरस्कार

# जन्मदिन पर सेवा की मिसाल आइएमएस बीएचयू निदेशक प्रो.एस.एन.संखवार के साथ अर्हत फाउंडेशन ने 250 विद्यार्थियों को बांटी अध्ययन सामग्री

नई सोच एक्सप्रेस




**वाराणसी**।चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (आइएमएस बीएचयू) के निदेशक प्रो.एस.एन.संखवार के जन्मदिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था अर्हत फाउंडेशन द्वारा 'सेलिब्रेट योर स्पेशल डे विद अर्हत फाउंडेशन' अभियान के अंतर्गत विशेष सेवा एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया | कार्यक्रम श्री गुरु रविदास विद्यालय,सीरगोवर्धनपुर वाराणसी में आयोजित हुआ | कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा | इस अवसर पर विद्यालय के करीब 250 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक पुस्तिकाएं,पेन,टेबल-बेंच एवं मिठाइयां वितरित की गईं | कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आइएमएस बीएचयू के निदेशक प्रो.एस.एन.संखवार उपस्थित रहे वहीं आयुर्वेद संकाय,बीएचयू के द्रव्यगुण विभागाध्यक्ष प्रो.बी.राम ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की | इसके अतिरिक्त मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अच्युत पांडेय सहित चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे | जन्मदिवस के अवसर पर प्रो.एस.एन. संखवार ने विद्यार्थियों के साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं | इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित अध्ययन,अनुशासन, मेहनत और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया | अर्हत फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.रवींद्र प्रकाश भारतीय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सामाजिक सरोकारों को शिक्षा और सेवा के माध्यम से मजबूत करना है |उन्होंने कहा कि विशेष अवसरों को केवल व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय समाज के जरूरतमंद बच्चों के साथ साझा करना संस्था के अभियान का प्रमुख उद्देश्य है | कार्यक्रम में फाउंडेशन के प्रबंधक अजय भारती,कोषाध्यक्ष धर्मराज,मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार,प्रमुख सदस्य दीपक, अरुवेंद्र एवं कपिल,फाउंडेशन के दस फेलोज,विद्यालय परिवार के शिक्षकगण तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे | कार्यक्रम के अंत में अर्हत फाउंडेशन की ओर से सभी अतिथियों,विद्यालय परिवार एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया ||

» 'सेलिब्रेट योर स्पेशल डे विद अर्हत फाउंडेशन' अभियान के तहत श्री गुरु रविदास विद्यालय में हुआ विशेष आयोजन

## तिब्बती संस्थान के सोवा-रिग्पा विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ छिमी डोलकर सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी**।बौद्धायन सोसायटी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर 2026 को तिब्बती संस्थान के अनाद पिंडक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में तिब्बती संस्थान के सोवा- रिग्पा विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. छिमी डोलकर को समाज में विशिष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया | डॉ. छिमी डोलकर ने सोवा-रिग्पा (तिब्बती चिकित्सा) के क्षेत्र में चिकित्सा-सेवा, शिक्षण,शोध एवं में विशेष योगदान दिया है | केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान वाराणसी से सोवा-रिग्पा चिकित्सा में उच्च शिक्षा प्राप्त कर मेनपा काचुपा तथा मेनरम्पा (एमडी )की उपाधि अर्जित की और वर्तमान में इसी क्षेत्र में अध्यापन,चिकित्सकीय सेवा एवं शोध को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं | महिलाओं के स्वास्थ्य,रजोनिवृत्ति एवं सोवा-रिग्पा चिकित्सा पर आपका शोध विशेष रूप से उल्लेखनीय है | समर्पित चिकित्सा-सेवा,ज्ञान-साधना, शोध-दृष्टि एवं मानवीय संवेदना एवं भावी पीढ़ी के लिए डॉ छिमी डोलकर एक प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व हैं हैं | चिकित्सा के क्षेत्र इनकी ख्याति विशिष्ट है इस अवसर पर संस्थान की कुल सचिव डॉ सुनीता चंद्रा ने बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं ||

## संक्षिप्त समाचार

### दलित युवती से दुष्कर्म और गर्भपात कराने के मामले में मिली जमानत

**वाराणसी।**ब्याज पर पैसा लेने वाली दलित युवती को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करने और उसका जबरन गर्भपात कराने के मामले आरोपित को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) सर्वजीत सिंह की अदालत ने नरिया,साकेत नगर (लंका) निवासी आरोपित विनोद शंकर उर्फ विनोद यादव को एक-एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार भेलूपुर थाना क्षेत्र निवासिनी वादिनी ने भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसने नरिया,साकेत नगर (लंका) निवासी आरोपित विनोद शंकर उर्फ विनोद यादव से तीन वर्ष पूर्व 50,000 रुपए ब्याज पर लिए थे। प्रार्थिनी को कभी कभी ब्याज देने में समय लग जाता था जिसका अनुचित लाभ उठाते हुए विनोद यादव ने प्रार्थिनी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया तथा उसकी इच्छा के विरुद्ध उसकी सहमति के बिना परमहंस होटल सिगरा में कई बार प्रार्थिनी के साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए। विरोध करने पर विनोद यादव ने उसे धमकाया गया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया साथ ही विनोद यादव ने प्रार्थिनी के अश्लील फोटो एवं वीडियो बना लिए। कुछ दिनों बाद जब प्रार्थिनी विनोद यादव का ब्याज सहित मूल धन वापस कर दिया तो उसके बाद विनोद यादव उन फोटो एवं वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा प्रार्थिनी के परिवार एवं परिचितों को भेजकर उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी देने लगा। इसी बीच प्रार्थिनी गर्भवती हो गई जिसके बाद विनोद यादव ने उसे ऐसी दवा खिलाई,जिसके कारण उसका गर्भ गिर गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा सहयोगिनियों का सम्मान



**ब्यावर।** विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को जवाजा में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित हुआ। पंचायत समिति जवाजा के बीडीओ सुधीर पाठक मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक सुमन संजय सोनी, सीडीपीओ राहुल पाराशर, महिला पर्यवेक्षक लक्ष्मी भाटी, ब्लॉक समन्वयक विक्रम सिंह व एएनएम पुष्पलता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मान पत्र व गमले देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, प्रारंभिक बाल शिक्षा तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना की जानकारी दी गई। गोदभराई, अन्नप्राशन और पोषण गतिविधियों के जरिए ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया।

### प्रेम कीटाणु: गौरव वर्मा ने सात गानों वाले एल्बम की खास वजह बताई



गौरव वर्मा अपनी आगामी बडी-कॉमेडी फिल्म 'प्रेम कीटाणु' के साथ बतौर निर्माता नई पारी शुरू कर रहे हैं। अवनीका फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म छोटे शहर से बड़े शहर में पढ़ाई और आजाद जिंदगी की तलाश में आने वाले युवाओं की कहानी है। फिल्म में सात गानों का एल्बम रखा गया है। गौरव वर्मा के मुताबिक, यह फैसला सोच-समझकर लिया गया है। उनका मानना है कि संगीत युवाओं की जिंदगी और यादों का अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ ही इसके संगीत पर भी काम शुरू किया गया था। गौरव कहते हैं कि फिल्म में कई नए और कम पहचाने जाने वाले कलाकार हैं और संगीत उनके लिए दर्शकों के बीच पहचान बनाने का माध्यम बन सकता है। फिल्म के गाने सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने और किरदारों की भावनाओं को व्यक्त करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। अपारशक्ति खुराना, वीर पहाड़िया, आफिया सैयद, राकेश बेदी और निखिल विजय अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है। 'प्रेम कीटाणु' 2 अक्टूबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' के कलाकारों के साथ 'हंसी का त्यो-हा-हा-हार' की धमाकेदार शुरुआत

सीजन का पहला एपिसोड 26 सितंबर को प्रसारित होगा। इसमें अजय देवगन, श्रिया सरन, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव और जयदीप अहलावत के साथ निर्देशक अभिषेक पाठक भी नजर आएंगे। इस त्योहार के सीजन में नेटफ्लिक्स का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने पांचवें सीजन के साथ एक बार फिर वापस आ रहा है। इस बार शो में नए एपिसोड, मजेदार बातचीत और पसंदीदा सितारों के साथ 'हंसी का त्यो-हा-हा-हर' मनाया जाएगा। सीजन 5 का पहला एपिसोड 26 सितंबर को रात 8 बजे प्रसारित होगा। इस एपिसोड में 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' फिल्म की स्टारकास्ट अजय देवगन, श्रिया सरन, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव और जयदीप अहलावत के साथ निर्देशक अभिषेक पाठक भी नजर आएंगे। इन कलाकारों से इंडियन सिनेमा की सबसे पसंदीदा थ्रिलर फिल्म के आखिरी चैप्टर से जुड़ी कई मजेदार और खास बातें सुनने को मिलेंगी। इस दौरान जयदीप अहलावत के साथ एक खास और अप्रत्याशित संयोग भी देखने को मिलेगा। इस फिल्म के आखिरी चैप्टर में शामिल हुए जयदीप ने बताया कि अजय देवगन के साथ उनका जुड़ाव उनकी पहली फिल्म 'आक्रोश' से ही है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 का 'हंसी का त्यो-हा-हा-हार' 26 सितंबर से शुरू हो रहा है। सीजन के पहले ही एपिसोड में कई मजेदार पल देखने को मिलेंगे। जयदीप अहलावत 'सोना और मोना 2.0' यानी फिर से साथ आई कृष्णा-किकू की जोड़ी के साथ डांस करते नजर आएंगे। वहीं सुनील ग्रोवर अजय देवगन की मजेदार नकल करके इस मस्ती को और भी बढ़ाएंगे। अजय की दमदार वन-लाइनर्स की तारीफ करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, "बोलता नहीं, पर जब बोलता है जानदार, वजनदार।" इस सीजन में दर्शकों को खूब हंसी-मजाक और कई खास मेहमानों की मजेदार महफिल देखने को मिलेगी। 'Vvan' फिल्म की स्टारकास्ट, तमन्ना भाटिया, सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्वेता तिवारी, अनुप सोनी और मनीष पॉल के साथ जाकिर खान, पंकज त्रिपाठी और क्रिकेट के दिग्गज रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर भी कपिल शर्मा के शो में नजर आएंगे।

# डॉटर्स डे पर क्लिनिक प्लस का संदेश — बेटी होती है माँ की मजबूती

नई सोच एक्सप्रेस




यही विचार क्लिनिक प्लस की नई फिल्म के केंद्र में है। डॉटर्स डे से ठीक पहले क्लिनिक प्लस माँ और बेटी के उस रिश्ते को सलाम करता है, जिसमें दोनों चुपचाप एक-दूसरे की ताकत बन जाती हैं। भारतीय घरों में माँएँ हमेशा से अपनी बेटियों को अपने हक के लिए खड़े होना और अपनी आवाज़ पहचानना सिखाती आई हैं — जबकि उनसे खुद उम्मीद की जाती है कि वे चुप रहें, समझौते करें और अपने हिस्से की तकलीफ़ें खामोशी से सह लें। लेकिन जो बाकी दुनिया से छूट जाता है, बेटी वही देख लेती है। वह अपनी माँ के अनकहे त्याग को सहज ही पढ़ लेती है और मुश्किल घड़ी में उसके संयम को आत्मसात कर लेती है। यह फिल्म आज की बेटी को सिर्फ़ पाली-पोसी जाने वाली संतान के रूप में नहीं, बल्कि अपनी माँ के सबसे बड़े सहारे के रूप में सामने रखती है — एक ऐसी हमराज़, जिसकी संवेदनशीलता, खामोश मौजूदगी और भरोसा माँ को आगे बढ़ने और खुद को चुनने का हौसला देता है। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) में ब्यूटी एंड वेलबीइंग की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हरमन ढिल्लों ने कहा, "एक माँ अपनी बेटी को मजबूत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर बनाती है, और एक दिन वही बेटी माँ का सबसे बड़ा सहारा बन जाती है। यह फिल्म उसी खूबसूरत बदलाव का उत्सव है, जहाँ माँ का दिया हुआ आत्मविश्वास लौटकर उसी का संबल और हौसला बन जाता है। हम यह कहानी देश की उन 1.3 करोड़ सिंगल मदर्स को समर्पित करते हैं, जिनकी जीवटता न सिर्फ़ उनकी बेटियों का भविष्य गढ़ती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि बेटी होती है माँ की मजबूती।" फिल्म की कहानी एक पुस्तक विमोचन समारोह के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जहाँ एक लेखिका अपने ही जीवन से निकली कविताओं का संग्रह लेकर सामने आती है। जब उससे पूछा जाता है कि उसके लेखन की प्रेरणा कौन है, तो माँ बस अपनी बेटी की ओर इशारा कर देती है। यहीं से कहानी बचपन के एक पल में लौटती है, जब नन्ही बच्ची दो चोटियों की जगह एक ही चोटी बनवाने की ज़िद करती है — और यहीं से वह बुनियादी रूपक गढ़ा जाता है कि असली मजबूती भीतर से आती है। जैसे-जैसे साल बीतते हैं, दोनों का रिश्ता खामोश निगरानी से बढ़कर सक्रिय साथ में बदल जाता है। जब माँ के आसपास हर कोई उसे एक मुश्किल शादी में समझौता करने और सह लेने की सलाह देता है, तब बेटी ही है जो उसे यह हालात नए सिरे से देखने में मदद करती है — माँ जो कहती नहीं, बेटी उसे भी चुपचाप पढ़ लेती है। कभी-कभी मजबूती का मतलब खुद को चुनना भी होता है। आखिरकार यही साझा हिम्मत माँ को अपनी शर्तों पर जिंदगी दोबारा गढ़ने का हौसला देती है, और कहानी घूमकर वहीं पुस्तक विमोचन पर लौट आती है, जहाँ वह अपनी बेटी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताती है। यह अभियान मजबूत बेटियाँ गढ़ने वाली माँओं के साथ क्लिनिक प्लस के लंबे रिश्ते को आगे बढ़ाता है। इस डॉटर्स डे पर क्लिनिक प्लस माँ-बेटी के रिश्ते में आए एक गहरे बदलाव को सामने रखता है: जिन हाथों ने कभी बेटी को मजबूत बनना सिखाया था, आज वही हाथ बेटी ने थाम रखे हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना



नई सोच एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।**भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना के पूज्य पिताजी श्री ज्ञानचंद जी के स्वर्गवास के उपरांत आज हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉ. अर्चना गुप्ता ने कुरुक्षेत्र सेक्टर-8 स्थित डॉ. ऋषिपाल मथाना के निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं डॉ. अर्चना गुप्ता ने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस कठिन समय में परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि माता-पिता का निधन परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक क्षण होता है। ऐसी घड़ी में अपनों का साथ और संवेदनाएं परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करती हैं। इस अवसर पर डॉ. ऋषिपाल मथाना एवं परिवार के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा डॉ. अर्चना गुप्ता का शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। परिवारजनों, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने भी श्री ज्ञानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## 11वें आयुर्वेद दिवस पर 11वीं एनडीआरएफ में जागरूकता कार्यक्रम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।**11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी में आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के मेडिकल ऑफिसर डॉ. विवेक सिंह के समन्वय से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय आयुर्वेदिक विद्यालय वाराणसी की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.श्वेता मिश्रा एवं डॉ.नितिन शर्मा द्वारा आयुर्वेद की उपयोगिता तथा दैनिक जीवन में इसके महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संतुलित आहार,नियमित दिनचर्या,योग एवं व्यायाम,मानसिक स्वास्थ्य तथा रोगों की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान एनडीआरएफ कार्मिकों से संवाद करते हुए स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन को बेहतर कार्यक्षमता का आधार बताते हुए आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 11वीं एनडीआरएफ के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संरक्षण,रोग-निवारण एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनडीआरएफ कार्मिकों को स्वास्थ्य संरक्षण,रोग-निवारण एवं समग्र कल्याण के प्रति जागरूक करना तथा आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को बढ़ावा देना रहा।।

> » आयुर्वेद के सिद्धांतों से स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ने का आह्वान,एनडीआरएफ कार्मिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया जागरूक

## भगत सिंह जयंती पर शहीदों की वीरांगनाओं और परिजनों का होगा सम्मान



नई सोच एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।**पंजाबी बिरादरी महासभा (रजि.) की ओर से महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों की वीरांगनाओं एवं परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। यह निर्णय महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। महासभा के प्रधान आशीष सभरवाल एवं महासचिव फतेह चंद गांधी ने बताया कि जयंती समारोह का आयोजन वात्सल्य वाटिका में स्वामी हरिओम दास जी के सान्निध्य में किया जाएगा। समारोह के दौरान शहीदों के जीवन, उनके संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए अमूल्य योगदान से जुड़े प्रेरक प्रसंग लोगों के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

### युवाओं को शहीदों के इतिहास से जोड़ना मुख्य उद्देश्य

महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह सहित देश के महान क्रांतिकारियों का जीवन साहस, त्याग और देशप्रेम की अद्भुत मिसाल है। वर्तमान पीढ़ी को उनके विचारों और स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान से परिचित कराना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से जयंती समारोह को विशेष स्वरूप दिया जा रहा है, ताकि युवा शहीदों के संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम केवल भगत सिंह की जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की स्मृतियों को संजोने और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान शहीद परिवारों के प्रति समाज की कृतज्ञता व्यक्त करते हुए वीरांगनाओं एवं परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में डा. राजेश वधवा, राकेश अरोड़ा, पंकज बजाज, महेश अरोड़ा, ललित चावला और रजनीश धींगड़ा सहित पंजाबी बिरादरी महासभा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

> » पंजाबी बिरादरी महासभा करेगी भव्य आयोजन, नई पीढ़ी तक पहुंचाई जाएगी शहीदों के संघर्ष और बलिदान की गाथा

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय,मालवीय मिशन इकाई द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों ने अर्पित की पुष्पांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।**महामना के इसी महान राष्ट्र- समर्पण और दूरदर्शी दृष्टि को अपने जीवन में आत्मसात कर महामना मालवीय मिशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले हमारे अभिभावक थे स्व.प्रो. देवेंद्र प्रताप सिंह "ये उद्गार काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित मालवीय भवन में महामना मालवीय मिशन काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गूंजे। मिशन के संस्थापक सदस्य व पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्व.प्रो.देवेंद्र प्रताप सिंह की पावन स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. रमाशंकर दुबे एवं कार्यकारी अध्यक्ष विजय नाथ पांडेय ने कहा कि स्व.प्रो.सिंह केवल एक शिक्षाविद या संगठनकर्ता नहीं थे,बल्कि वे पूरे महामना परिवार के आत्मीय अभिभावक थे। आज उन्हें अपने बीच न पाकर हर आंख नम है और आत्मा गहरा कष्ट महसूस कर रहा है। मालवीय भवन के निदेशक डॉ.पतंजलि मिश्र ने कहा कि प्रो.सिंह का ज्ञान,सरलता और निष्ठा हम सभी के लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी। स्व.प्रो.देवेंद्र प्रताप सिंह ने जीवनभर मालवीय मूल्यों,ज्ञान परंपरा और राष्ट्र- समर्पण को जन -जन तक पहुंचाने का पावन कार्य किया। अभिभावक का जाना पूरे 'मालवीय परिवार' के लिए अपूरणीय क्षति है सभा के अंत में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके शोक संतप्त परिजनों एवं प्रियजनों को इस असीम दुख को सहन करने की संबल व शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा का कुशल संचालन अनिल सिंह ने किया,श्रद्धांजलि सभा का कुशल संचालन अनिल सिंह ने किया। पुष्पअर्चन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोगों में संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी प्रमील पांडेय,महामंत्री प्रोफेसर शैलेंद्र गुप्ता,डॉक्टर दयाशंकर त्रिपाठी,डॉ. दीनानाथ सिंह,दशरथ पाल, डॉ.जी. सी तिवारी,अनिल त्रिपाठी,गीता शास्त्री,रवींद्र सिंह,राधेश्याम द्विवेदी,वीरेंद्र सिंह,एल.बी.यादव तथा अखिलेश कुमार राय,डॉक्टर कैलाश तिवारी सहित बीएचयू के अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक, शोधार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।।

> » महामना के मूल्यों के संवाहक थे स्व. प्रो. देवेंद्र प्रताप सिंह,मालवीय भवन में भावुक श्रद्धांजलि

## बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा हिंदी दिवस 2026 एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**कानपुर।**बैंक ऑफ इंडिया कानपुर आंचलिक कार्यालय के सभागार में हिन्दी दिवस 2026 एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंचलिक प्रबंधक अभय कुमार के नेतृत्व में समस्त स्टाफ ने हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए आंचलिक प्रबंधक अभय कुमार ने कहा कि हिंदी दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य अपनी भाषा के प्रति सम्मान भाव व्यक्त करना है। भाषा हमारी संस्कृति और विरासत का अहम हिस्सा तो होती ही है और हमारी सभ्यता को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे ले जाने का कार्य भी करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपनी भाषा का प्रयोग बोलचाल के साथ अपने कार्यालयीन कार्य में नियमित रूप से करना चाहिए तभी हम अपनी भाषा को जीवंत बनाएँ रख सकते हैं। उन्होंने ग्राहकों को बैंकिंग उत्पादों की जानकारी सरल हिंदी में दिए जाने पर ज़ोर दिया। बैंकिंग ग्राहकों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ने और बैंकिंग कारोबार की वृद्धि में राजभाषा हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए स्टाफ सदस्यों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं जैसे हिंदी ईमेल प्रतियोगिता। आंतरिक कामकाज प्रतियोगिता, मूल पत्राचार प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज एवं मूक मुहावरा पहेली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिनके विजेताओं को आंचलिक प्रबंधक अभय कुमार द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक राजभाषा श्रीमती अंजलि यादव द्वारा किया गया।

## कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री के.जे. जॉर्ज से राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने की शिष्टाचार भेंट

नई सोच एक्सप्रेस



**बेंगलुरु(कर्नाटक)।**राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (INTUC) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं INDWF के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह ने गुरुवार को बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री के. जे. जॉर्ज से शिष्टाचार भेंट की। शिष्टाचार भेंट के दौरान अशोक सिंह ने पीताम्बर वस्त्र ओढ़ाकर के.जे. जॉर्ज का अभिवादन किया। ओईएफ किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई ने बताया कि भेंट के दौरान कर्नाटक सहित देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं, विद्युत उत्पादन क्षमता के विस्तार तथा ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। श्री अशोक सिंह ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास और बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक एवं प्रभावी योजनाओं की आवश्यकता है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में क्षमता के उपयोग एवं विस्तार तथा विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। श्री के. जे. जॉर्ज ने ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक सहयोग एवं सकारात्मक पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास, पर्याप्त विद्युत उपलब्धता और श्रमिक हितों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने किया शिलान्यास,सरस्वती नगर में 16.99 लाख से बिछेगी सीवर लाइन बनेगी सड़क

नई सोच एक्सप्रेस




**वाराणसी।**विनायका स्थित सरस्वती नगर कालोनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 'त्वरित आर्थिक विकास योजना' (वर्ष 2025-26) के तहत स्वीकृत सीवर व सड़क निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता हर कालोनी और मोहल्ले तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय नागरिकों का आवागमन सुगम होगा और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा यह निर्माण कार्य सरस्वती नगर कालोनी में कौशल मिश्रा के मकान से डा.राजेन्द्र प्रसाद वर्मा के मकान तक कराया जाएगा। ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (प्रखण्ड-वाराणसी) द्वारा कराए जा रहे इस कार्य की कुल स्वीकृत लागत 16.99 लाख रुपये है जिसके तहत 90 मीटर लंबी सीवर लाइन और पक्की सड़क का निर्माण होगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चंद्रशेखर उपाध्याय,प्रमील पाण्डेय,अशोक कुमार पाण्डेय,जगन्नाथ ओझा,अनुराग शर्मा, सोमनाथ यादव,प्रिंस द्विवेदी,अनुपम दुबे, शिवम् गुप्ता,मनीष मिश्रा,योगेश वर्मा, अनिल उपाध्याय,राकेश जायसवाल, अनिल तिवारी,विक्रम चौधरी,अवनीश पाण्डेय,अर्चना गुप्ता और शरद सोनकर समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।।



# 16 दिनों की हर तिथि में छुपा है राज

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली तिथियों को ही पितृ पक्ष या श्राद्ध पक्ष कहा जाता है। पितृपक्ष की शुरुआत 26 सितंबर, शनिवार से होगी वहीं, पितृपक्ष का समापन 10 अक्तूबर, शनिवार को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा।**

पितरों का ऋण चुकाना एक जीवन में तो संभव ही नहीं, अत: उनके द्वारा संसार त्याग कर चले जाने के उपरांत भी श्राद्ध करते रहने से उनका ऋण चुकाने की परंपरा है। श्राद्ध से जो भी कुछ देने का हम संकल्प लेते हैं वह सब कुछ उन पूर्वजों को अवश्य प्राप्त होता है। श्राद्ध पक्ष सोलह दिन तक आश्विन मास की पूर्णिमा से अमावस्या तक रहता है। जिस तिथि में जिस पूर्वज का स्वर्गवास हुआ हो उसी तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है जिनकी परलोक गमन की तिथि ज्ञान न हो, उन सबका श्राद्ध अमावस्या को किया जाता है।

**पितृ प्रार्थना** : हे प्रभु मैंने अपने हाथ आपके समक्ष फैला दिए हैं, मैं अपने पितरों की मुक्ति के लिए आपसे प्रार्थना करता हूं, मेरे पितर मेरी श्रद्धा भक्ति से संतुष्ट हो'। ऐसा करने से व्यक्ति को पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है। जो पूर्णमासी के दिन श्राद्धादि करता है उसकी बुद्धि, पुष्टि, स्मरणशक्ति, धारणाशक्ति, पुत्र-पौत्रादि एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती। वह पर्व का पूर्ण फल भोगता है। प्रतिपदा धन-सम्पत्ति के लिए होती है एवं श्राद्ध करनेवाले की प्राप्त वस्तु नष्ट नहीं होती।

द्वितीया को श्राद्ध करने वाला व्यक्ति राजा होता है। उत्तम अर्थ की प्राप्ति के अभिलाषी को तृतीया विहित है ।चतुर्थी शत्रुओं का नाश करने वाली और पाप नाशिनी है। पंचमी तिथि को श्राद्ध करने वाला उत्तम लक्ष्मी की प्राप्ति करता है। जो षष्ठी तिथि को श्राद्धकर्म संपन्न करता है उसकी पूजा देवता लोग करते हैं। जो सप्तमी को श्राद्धादि करता है उसको महान यज्ञों के पुण्यफल प्राप्त होते हैं और वह गणों का स्वामी होता है।

जो अष्टमी को श्राद्ध करता है वह सम्पूर्ण समृद्धियां प्राप्त करता है। नवमी तिथि को श्राद्ध करने वाला प्रचुर ऐश्वर्य एवं मन के अनुसार अनुकूल चलने वाली स्त्री को प्राप्त करता है। दशमी तिथि को श्राद्ध करने वाला मनुष्य ब्रह्मत्व की लक्ष्मी प्राप्त करता है। एकादशी का श्राद्ध सर्वश्रेष्ठ दान है। वह समस्त वेदों का ज्ञान प्राप्त कराता है। उसके सम्पूर्ण पापकर्मों का विनाश हो जाता है तथा उसे निरंतर ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। द्वादशी तिथि के श्राद्ध से राष्ट्र का कल्याण तथा प्रचुर अन्न की प्राप्ति कही गई है। त्रयोदशी के श्राद्ध से संतति, बुद्धि, धारणाशक्ति, स्वतंत्रता, उत्तम पुष्टि, दीर्घायु तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

## यह आशीर्वाद चाहते हैं तो अवश्य करें अपने पूर्वजों का श्राद्ध

तुलसी से पिण्डार्चन किए जाने पर पितरगण (पितृ) प्रलयपर्यन्त तृप्त रहते हैं। तुलसी की गंध से प्रसन्न होकर गरुड़ पर आरुढ़ होकर विष्णुलोक चले जाते हैं। पितर (पितृ) प्रसन्न तो सभी देवता प्रसन्न, श्राद्ध से बढ़कर और कोई कल्याणकारी कार्य नहीं है और वंशवृद्धि के लिए तो पितरों की आराधना ही एकमात्र उपाय है.

*आयु: पुत्रान्यश: स्वर्ग कीर्तिं पुष्टिं बलं श्रियम।*
*पशुन सौख्यं धनं धान्यं प्राप्नुयात पितृपूजनात।।*

(यमस्मृति, श्राद्धप्रकाश)

यमराजजी का कहना है कि

- श्राद्ध-कर्म से मनुष्य की आयु बढ़ती है।
- पितरगण (पितृ) मनुष्य को पुत्र प्रदान कर वंश का विस्तार करते हैं।
- परिवार में धन-धान्य का अंबार लगा देते हैं।
- श्राद्ध-कर्म मनुष्य के शरीर में बल-पौरुष की वृद्धि करता है और यश व पुष्टि प्रदान करता है।
- पितरगण (पितृ) स्वास्थ्य, बल, श्रेय, धन-धान्य आदि सभी सुख, स्वर्ग व मोक्ष प्रदान करते हैं।
- श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करने वाले के परिवार में कोई क्लेश नहीं रहता वरन वह समस्त जगत को तृप्त कर देता है।




# श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है श्राद्ध कर्म

**भाद्रपद की पूर्णिमा से आश्विन माह की अमावस्या तक श्राद्ध पर्व रहता है। यानी 16 दिनों तक श्राद्ध पर्व मनाया जाता है। इसे पितृपक्ष भी कहते हैं। इस दौरान हर घर के लोग अपने पूर्वज और मृतकों की शांति और सद्गति के लिए पिंडदान, तर्पण और पूजा करते हैं।**

श्राद्ध कर्म करना एक सभ्य मनुष्य की निशानी है। पशु और पक्षियों में जो संवेदनशील होते हैं वे भी अपने परिवार के मृतकों के लिए निश्चित स्थान पर एकत्रित होकर संवेदना व्यक्त करते हैं। जिस पिता ने, दादा ने या पूर्वज ने आपका पालन-पोषण किया और आपको एक जीवन दिया उसके प्रति श्रद्धा रखते हुए उसकी शांति और मुक्ति का कर्म करने के लिए श्राद्ध करना चाहिए।

पूर्वजों और अतृप्त आत्माओं की सद्गति के लिए श्राद्ध कर्म करना चाहिए। अतृप्त की तृप्ति के लिए करना होता है श्राद्ध। प्रत्येक पुत्र या पौत्र या उसके सगे संबंधियों का उत्तरदायित्व होता है कि वह उक्त आत्मा की तृप्ति और सद्गति के उपाय करें ताकि वह पुन: जन्म ले सके।



### अतृप्ति का कारण


अतृप्त इच्छाएं। जैसे भूखा, प्यासा, संभोगसुख से विरक्त, राग, क्रोध, द्वेष, लोभ, वासना आदि इच्छाएं और भावनाएं रखने वाले को और अकाल मृत्यु मरने वालों के लिए। जैसे हत्या, आत्महत्या, दुर्घटना या किसी रोग के चलते असमय ही मर जाना। आदि के लिए श्राद्ध करना जरूरी है। क्योंकि ऐसी आत्माओं को दूसरा जन्म मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है या कि वह अधोगति में चली जाता है। उन्हें इन सभी से बचाने के लिए पिंडदान, तर्पण और पूजा करना जरूरी होता है। अतृप्ति के और भी कई कारण होते हैं। जैसे धर्म को नहीं जानना, गलत धारणा पालना, अनजाने में अपराध या बुरे कर्म करना, हत्या करना, आत्मत्या करना, बलात्कार, हर समय किसी न किसी का अहित करना या किसी भी निर्दोष मनुष्य या प्राणियों को सताना, चोर, डकैत, अपराधी, धूर्त, क्रोधी, नशेड़ी और कामी आदि लोग मरने के बाद बहुत ज्यादा दु:ख और संकट में फंस जाते हैं, क्योंकि कर्मों का भुगतान तो सभी को करना ही होता है। पितृ पक्ष एक ऐसा पक्ष रहता है जबकि उक्त सभी तरह की आत्माओं की मुक्ति का द्वारा खुल जाता है। तब धरती पर पितृयाण रहता है। जैसे पशुओं का भोजन तृण और मनुष्यों का भोजन अन्न कहलाता है, वैसे ही देवता और पितरों का भोजन अन्न का सार तत्व है। सार तत्व अर्थात गंध, रस और उष्मा। देवता और पितर गंध तथा रस तत्व से तृप्त होते हैं।

## पितृपक्ष में इस बार बना गजच्छाया योग का शुभ संयोग

पितृपक्ष वह समय होता है जब हम अपने पूर्वज जो पितर लोक में है उन्हें याद करते हैं। उनके नाम से निमित्त श्राद्ध कर्म करते हैं। बता दें कि पितृपक्ष के 15 दिन पितृ पितर लोक से धरती पर अपने परिवारजनों को देखने के लिए आते हैं। इस दौरान नियमित रुप से जप तप और पितरों के नाम से तर्पण आदि कार्य करने से पितर प्रसन्न होते हैं। आइए जानते हैं इस साल पितृपक्ष कब से आरंभ हो रहा है।

पंचांग की गणना के अनुसार, पितृपक्ष का आरंभ 26 सितंबर से होगा। इस दिन पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध होगा। इस बार पितृपक्ष में गच्छाया योग भी बन रहा है। दरअसल, इस बार 10 अक्टूबर को सूर्य और चंद्रमा दोनों हस्त नक्षत्र में गोचर करेंगे जिससे गजच्छाया योग का निर्माण होगा। बता दें कि इस बार चतुर्थी और पंचमी तिथि का श्राद्ध एक ही दिन पर होने वाला है। बता दें कि आश्विन अमावस (पितृ अमावस) के दिन सूर्य और चन्द्रमा (दोनों) हस्त नक्षत्र में संचार कर रहे तो 'गजच्छाया योग' बना है।

इस योग में श्राद्ध, पितृ-तर्पण तथा तीर्थस्नान का अत्यधिक माहात्म्य होता है। इस दिन (10 अक्तूबर, शनिवार) यह योग सारा दिन (सूर्योदय से सूर्यास्त तक) होगा।





# श्राद्ध करने का सही समय

**26 सितंबर से श्राद्ध पक्ष प्रारंभ हो रहे हैं। पितृपक्ष के इन सोलह दिनों में पितृ-आराधना हेतु श्राद्ध व तर्पण इत्यादि किया जाता है। शास्त्र का वचन है- श्रद्धया इदम् श्राद्धम् अर्थात् पितरों के निमित्त श्रद्धा से किया गया कर्म ही श्राद्ध है।**

श्राद्ध पक्ष में पितृगणों (पितरों) के निमित्त तर्पण व ब्राह्मण भोजन कराने का विधान है किंतु जानकारी के अभाव में अधिकांश लोग इसे उचित रीति से नहीं करते जो कि दोषपूर्ण है क्योंकि शास्त्रानुसार पितरो वाक्यमिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवता:- अर्थात् देवता भाव से प्रसन्न होते हैं और पितृगण शुद्ध व उचित विधि से किए गए श्राद्धकर्म से।

श्राद्ध पक्ष में तर्पण एवं ब्राह्मण भोजन कराने से पितृ तृप्त होते हैं। श्राद्ध पक्ष में नित्य मार्कण्डेय पुराणान्तर्गत पितृ स्तुति करने से पितृ प्रसन्न होकर अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। श्राद्ध पक्ष में कुतप काल में नित्य तर्पण करना चाहिए। तर्पण सदैव काले तिल, दूध, पुष्प, कुश, तुलसी, नर्मदा/गंगा जल मिश्रित जल से करें। तर्पण सदैव पितृ-तीर्थ (तर्जनी व अंगूठे के मध्य का स्थान) से करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के लिए श्राद्धकर्म अनिवार्य है, वह करना ही चाहिए लेकिन उससे भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है जीवित अवस्था में अपने माता-पिता की सेवा करना। जिसने जीवित अवस्था में ही अपने माता-पिता को अपनी सेवा से संतुष्ट कर दिया हो उसे अपने पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता ही है। शास्त्र का वचन है- वित्तं शाठ्यं न समाचरेत अर्थात् श्राद्ध में कंजूसी नहीं करना चाहिए, अपनी सामर्थ्य से बढ़कर श्राद्ध कर्म करना चाहिए।

## इस समय करेंगे श्राद्ध तो मिलेगा अक्षय पुण्य

श्राद्ध पक्ष के सोलह दिन पितृ स्मरण के दिन होते हैं। इन सोलह दिनों में पितृगणों की तृप्ति के लिए तर्पण, दान व ब्राह्मण भोजन इत्यादि कराया जाता है। वैसे तो वर्षभर श्राद्ध व तर्पण किया जा सकता है। श्राद्ध के भी कई प्रकार होते हैं जैसे नान्दी श्राद्ध, पार्वण श्राद्ध एवं मासिक श्राद्ध आदि किंतु श्राद्ध पक्ष के सोलह दिनों में तिथि अनुसार श्राद्ध करने से अनंत गुना फ़ल प्राप्त होता है एवं पितृगण संतुष्ट होकर अपने आशीष प्रदान करते हैं।

## कुतप-काल में ही करें श्राद्ध कर्म

श्राद्ध पक्ष के सोलह दिनों में सदैव कुतप बेला में ही श्राद्ध संपन्न करना चाहिए। दिन का आठवां मुहूर्त कुतप काल कहलाता है। दिन के अपराह्न 11.36 मिनिट से 12.24 मिनिट तक का समय श्राद्ध कर्म के विशेष शुभ होता है। इस समय को कुतप काल कहते हैं। इसी समय पितृगणों के निमित्त धूप डालकर, तर्पण, दान व ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए।

## गजच्छाया योग में श्राद्ध का अनंत गुना फ़ल

शास्त्रों में गजच्छाया योग में श्राद्ध कर्म करने से अनंत गुना फ़ल बताया गया है। गजच्छाया योग कई वर्षों बाद बनता है इसमें किए गए श्राद्ध का अक्षय फ़ल होता है। गजच्छाया योग तब बनता है जब सूर्य हस्त नक्षत्र पर हो और त्रयोदशी के दिन मघा नक्षत्र होता है। यदि यह योग महालय (श्राद्ध पक्ष) के दिनों में बन जाए तो अत्यन्त शुभ होता है।

# क्या पुनर्जन्म के बाद भी व्यक्ति को श्राद्ध लगता है?

हिन्दू धर्म के अनुसार कर्मों की गति के अनुसार व्यक्ति को दूसरी योनि मिलती है। यदि किसी को नहीं मिली है तो फिर वह प्रेत योनि में चला जाता है या यदि अच्छे कर्म किए हैं तो पितृलोक या देवलोक में कुछ काल रहने के बाद पुन: मनुष्य योनि में आता है। निश्चित ही है कि जिन्हें प्रेत योनि मिली है और जो पितृलोक चले गए हैं उनके लिए भी श्राद्ध कर्म किया जाता है, लेकिन जिन्होंने दूसरा जन्म ले लिया है क्या उन्हें भी श्राद्ध का फल मिलता है?

### प्रेत योनि

गति कई प्रकार की होती है। प्रेतयोनि में जाना एक दुर्गति है। पितरों का श्राद्ध करने वाले और उनका तर्पण करने वाले उनकी सद्गति के लिए सहयोग करते हैं। हमारे जो पूर्वज पितृलोक नहीं जा सके या जिन्हें दोबारा जन्म नहीं मिला ऐसी अतृप्त और आसक्त भाव में लिप्त आत्माओं के लिए 'गया' में मुक्ति-तृपति का कर्म तर्पण और पिंडदान किया जाता है। कहते हैं कि गया में श्राद्ध करने के उपरांत अंतिम श्राद्ध बदरीका क्षेत्र के 'ब्रह्मकपाली' में किया जाता है जहां से आत्मा प्रेत योनी से छूटकर मनुष्य योनी में जन्म ले लेती है या पितृलोक में पितरों के साथ निश्चित काल के लिए चली जाती है।

### पितृलोक के पितृ

मान्यता है कि पितृलोक में किसी आत्मा का पहुंचना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। वहां वह अपने सभी पूर्वजों से मिलकर सभी संतापों से मुक्त होकर रहता है और सुख भोगने के बाद एक निश्चित काल के बाद मनुष्य योनी धारण करता है। जब धरती पर पितृपक्ष प्रारंभ होता है तब ऐसी ही हमारे पितृ अपने वंशजों को देखने के लिए धरती पर आते हैं और उनके द्वारा किए जा रहे श्राद्ध कर्म का भोग ग्रहण करके उन्हें आशीर्वाद देकर उनके दुखों को मिटा देते हैं।

### पुनर्जन्म लेने वाले पूर्वज

यजुर्वेद में कहा गया है कि शरीर छोड़ने के पश्चात्य, जिन्होंने तप-ध्यान किया है वे ब्रह्मलोक चले जाते हैं अर्थात ब्रह्मलीन हो जाते हैं। कुछ सतकर्म करने वाले भक्तजन स्वर्ग चले जाते हैं। स्वर्ग अर्थात वे देव बन जाते हैं। राक्षसी कर्म करने वाले कुछ प्रेत योनि में अनंतकाल तक भटकते रहते हैं और कुछ पुन: धरती पर जन्म ले लेते हैं। जन्म लेने वालों में भी जरूरी नहीं कि वे मनुष्य योनि में ही जन्म लें। अत: ऐसे पूर्वजों को भी उनके वंशजों द्वारा किया गया श्राद्ध कर्म लगता है। दरअसल, शास्त्रों में कहा गया है कि हम अन्न-जल को अग्नि को दान करते हैं। अग्नि उक्त अन्न-जल को हमारे पितरों तक पहुंचाकर उन्हें तृप्त करती है। श्राद्ध और तर्पण जिसके निमित्त किया गया उस तक जल और अग्नि के माध्यम से यह सुगंध रूप में पहुंचकर उन्हें तृप्त करता है। वास्तव में श्रद्धापूर्वक श्राद्ध में दिए गए भोजन का सूक्ष्म अंश परिणित होकर उसी अनुमात और मात्रा में प्राणी को मिलता है जिस योनि में वह प्राणी वर्तमान में है। इस संबंध में पुराणों में कई जगहों पर उल्लेख मिलता है कि उस जीवित प्राणी को भी श्राद्ध के भोग का अंश मिलता है जिससे कि उसका हृदय तृप्त हो जाता है। जल, अग्नि और वायु उसके अंश को पहुंचाने में माध्यम बनते हैं।

### यमलोक की यात्रा

आत्मा सत्रह दिन तक यात्रा करने के पश्चात अठारहवें दिन यमपुरी पहुंचती है। गरूड़ पुराण में यमपुरी के इस रास्ते में वैतरणी नदी का उल्लेख मिलता है। वैतरणी नदी विष्ठा और रक्त से भरी हुई है। जिसने गाय को दान किया है वह इस वैतरणी नदी को आसानी से पार कर यमलोक पहुंच जाता है अन्यथा इस नदी में वे डूबते रहते हैं और यमदूत उन्हें निकालकर धक्का देते रहते हैं।

यमपुरी पहुंचने के बाद आत्मा 'पुष्पोदका' नामक एक और नदी के पास पहुंच जाती है जिसका जल स्वच्छ होता है और जिसमें कमल के फूल खिले रहते हैं। इसी नदी के किनारे छायादार बड़ का एक वृक्ष है, जहां आत्मा थोड़ी देर विश्राम करती है। यहीं पर उसे उसके पुत्रों या परिजनों द्वारा किए गए पिंडदान और तर्पण का भोजन मिलता है जिससे उसमें पुन: शक्ति का संचार हो जाता है।








# व्हाइट ट्रांसपेरेंट साड़ी में मौनी रॉय ने ढाया कहर, बोल्ड अंदाज के साथ दिखी देसी नजाकत



बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में अपनी कातिलाना अदाओं से तहलका मचाने वाली अभिनेत्री मौनी रॉय एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता के साथ-साथ मौनी अपने बेमिसाल फैशन सेंस और बोल्ड स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में मौनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद हॉट और आकर्षक तस्वीरें साझा की हैं, जिन्होंने इंटरनेट पर आते ही आग लगा दी है। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ट्रेडिशनल अवतार में नजऱ आ रही हैं, लेकिन उनका यह सादगी भरा लुक भी ग्लैमर और हॉटनेस का ऐसा तड़का लगा रहा है कि फैंस अपनी नजरें उनसे हटा नहीं पा रहे हैं। तस्वीरों में मौनी रॉय ने बेहद खूबसूरत और हल्की सफेद रंग की ट्रांसपेरेंट ऑर्गेंजा साड़ी पहनी हुई है। इस साड़ी की बॉर्डर पर महीन और बारीक थ्रेड एम्ब्रॉयडरी और कट-वर्क का काम किया गया है, जो इसके लुक में रॉयल्टी जोड़ता है। साड़ी के साथ उन्होंने मैचिंग डीप-नेक और स्लीवलेस ब्लाउज पेयर किया है, जो उनके टोंड फिगर और एब्स को पूरी तरह से फ्लॉन्ट कर रहा है। साड़ी का फ्लोई और ट्रांसपेरेंट फैब्रिक उनके लुक में बोल्डनेस का परफेक्ट एलिमेंट जोड़ रहा है, जो पारंपरिक एथनिक वियर को भी एक मॉडर्न और सेडक्टिव टच दे रहा है। मौनी ने फेशियल एक्सप्रेशन्स को उभारने के लिए बहुत ही मिनिमल और सॉफ्ट ग्लैम मेकअप का इस्तेमाल किया है। परफेक्टली डिफाइंड आईब्रो, विंग्ड आईलाइनर, मस्कारा कोटेड लैशेज और न्यूड-पिंक लिपस्टिक उनके न्यूट्रल लुक को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहे हैं। मौनी ने अपने घने काले बालों को सॉफ्ट कर्ल्स और साइड-पार्टेड वेव्स में खुला छोड़ा है। बालों में पीछे की तरफ लगाया गया ताजे मोगरे के फूलों का गजरा उनके पूरे लुक में एक क्लासिक इंडियन ग्रेस और ताजगी भर रहा है। उन्होंने गले में कोई हैवी नेकलेस न पहनकर सारा ध्यान अपने स्टेटमेंट इयररिंग्स पर रखा है। मौनी ने भारी पारंपरिक कुंदन और पर्ल वर्क वाले लंबे झुमके पहने हैं, जिन पर पिंक बीड्स का बारीक काम है। किसी तस्वीर में मौनी सोफे पर बैठकर अपने बालों को सहलाते हुए पोज दे रही हैं, तो किसी तस्वीर में कैमरे से नजरें चुराकर साइड प्रोफाइल फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनके बैठने के अंदाज से लेकर हाथों के मूवमेंट तक, हर एक पोज में गजब की नजाकत और हॉटनेस झलक रही है।

# फिल्म गनमास्टर जी 9 का पहला गाना अफसाना बनाया आपने रिलीज, हिमेश रेशमिया ने लगाया फिर ऊंचा सुर



इमरान हाशमी एक बार फिर लवर बॉय वाली भूमिका में नजर आने वाले हैं. एक्टर की नई फिल्म गनमास्टर जी 9 रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का निर्देशन आशिक बनाया आपने (2005) के डायरेक्टर आदित्य दत्त ने किया है. लंबे समय बाद इमरान और आदित्य की जोड़ी साथ में काम करने जा रही है. और भी ज्यादा एक्साइटेड यह है कि इस फिल्म में भी हिमेश रेशमिया का म्यूजिक है. आशिक बनाया आपने की यह तिकड़ी क्या धमाल करेगी यह तो सिनेमाघरों में ही पता चलेगा. इससे पहले आपको बता दें, फिल्म गनमास्टर जी 9 का पहला गाना अफसाना बनाया आपने रिलीज हो चुका है, जोकि आशिक बनाया आपने की तर्ज पर बना है.

अफसाना बनाया आपने को खुद हिमेश रेशमिया ने अपने पुराने अंदाज में गाया है. ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने अपना टाइमलेस हिट आशिक बनाया आपने गाया था. इस गाने में भी हिमेश के लंबे और ऊंचे सुर सुनाई दे रहे हैं. हिमेश के साथ फीमेल वर्जन असीस कौर ने गाया है. गाने के बोल खुद हिमेश रेशमिया ने लिखे हैं. वहीं, इमरान हाशमी और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी गाने में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं. गाने में इमरान वनसाइड लवर के रूप में दिख रहे हैं. वह जेनेलिया के आगे-पीछे चक्कर लगा रहे हैं और कहीं-कहीं उन्हें प्रोटेक्ट भी कर रहे हैं. गाने के आखिर में दोनों के बीच थोड़ा-बहुत रोमांस भी देखने को मिल रहा है. कुल मिलाकर हमरान हाशमी के फैंस के लिए यह गाना उनकी विशलिस्ट में शामिल होने वाला है. गनमास्टर जी 9 के बारे में बता दें कि यह एक हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे आदित्य दत्त ने डायरेक्ट किया है. फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया ने दिया है. सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट बैनर तले दीपक मुकुट और संगीता अहिर ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है. फिल्म में इमरान हाशमी ईश्वर और जेनेलिया आरती और अपारशक्ति खुराना देसू (अभिषेक सिंह) के रोल में नजर आएंगे. फिल्म आगामी 27 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही है.

# द पैराडाइज के साथ रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैंयार नानी, एडवांस बुकिंग में जबरदस्त प्रदर्शन, मिला ए सर्टिफिकेट



नानी और राघव जुयाल अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज 24 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनी इस एक्शन ड्रामा फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की शानदार अग्रिम टिकट बिक्री इसका प्रमाण है। रिलीज से पहले ही 'द पैराडाइज ने पूरे देश में अग्रिम बिक्री के जरिए 40 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। मौजूदा रुझान को देखते हुए फिल्म नानी के करियर की अब तक की सबसे बड़ी शुरुआती कमाई करने वाली फिल्म बनने की ओर बढ़ रही है। खास बात यह है कि निर्माताओं ने अब तक फिल्म का सिनेमाघर रिलीज वाला ट्रेलर जारी नहीं किया है। फिल्म से जुड़े रहस्य और रोमांच को बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। अग्रिम टिकट बिक्री के आंकड़ों को देखते हुए माना जा रहा है कि निर्माताओं की यह रणनीति दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने में कामयाब रही है। फिल्म कारोबार के आंकड़े उपलब्ध कराने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, 'द पैराडाइज ने छह प्रदर्शन तिथियों के लिए अग्रिम बुकिंग से 41.33 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की है। इसमें आरक्षित सीटों को हटाने के बाद यह आंकड़ा 34.29 करोड़ रुपये रह जाता है। फिल्म के पहले दिन यानी 24 सितंबर के लिए अग्रिम बुकिंग से 20.25 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज हुई है। अग्रिम टिकट बिक्री में हैदराबाद सबसे आगे है। अकेले इस शहर से फिल्म ने सात करोड़ रुपये से अधिक की सकल अग्रिम कमाई कर ली है। तेलुगु भाषी क्षेत्रों में फिल्म को सबसे मजबूत प्रतिक्रिया मिल रही है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से शानदार मांग सामने आई है, जबकि कर्नाटक भी फिल्म की अग्रिम बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अब फिल्म के सामने सबसे बड़ी चुनौती हिन्दी भाषी क्षेत्रों और अन्य भाषाई बाजारों में दर्शकों को आकर्षित करने की होगी। हालांकि, रिलीज के समय फिल्म के सामने किसी बड़ी फिल्म की सीधी टक्कर नहीं है, जिससे इसे सिनेमाघरों में अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और अग्रिम बुकिंग दोनों में तेजी बनी हुई है। मौजूदा आंकड़ों के आधार पर 'द पैराडाइज नानी के करियर की अब तक की सबसे बड़ी शुरुआती कमाई करने वाली फिल्म बनने की ओर अग्रसर है। नानी की पिछली सबसे बड़ी शुरुआत 'हिटः द थर्ड केस ने की थी, जिसने पहले दिन दुनियाभर में लगभग 43 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब उम्मीद जताई जा रही है कि 'द पैराडाइज इस आंकड़े को पीछे छोड़ सकती है। फिल्म कारोबार से जुड़े मौजूदा अनुमानों के मुताबिक, 'द पैराडाइज की दुनियाभर में पहले दिन की कमाई 50 से 60 करोड़ रुपये के बीच रह सकती है। हालांकि, वास्तविक कारोबार का पता फिल्म के प्रदर्शन के बाद ही चलेगा। 'द पैराडाइज को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की ओर से 'ए प्रमाणपत्र दिया गया है। वयस्क दर्शकों के लिए निर्धारित इस श्रेणी के बावजूद फिल्म की अग्रिम टिकट बिक्री में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। फिल्म की अवधि करीब 165 मिनट यानी लगभग दो घंटे 45 मिनट है। नानी की इस कालखंड आधारित एक्शन ड्रामा फिल्म को बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में उतारा जा रहा है। खासतौर पर उन बाजारों पर ध्यान दिया गया है जहां नानी की मजबूत लोकप्रियता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हैदराबाद में फिल्म को 78 में से 77 एकल पर्दे वाले सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। इसे इस साल की बड़ी रिलीज में से एक माना जा रहा है और नानी के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। 'द पैराडाइज नानी और निर्देशक श्रीकांत ओडेला की 'दसरा के बाद दूसरी फिल्म है। फिल्म दुनियाभर में 24 सितंबर 2026 को रिलीज होगी, जबकि इसके सशुल्क विशेष प्रदर्शन 23 सितंबर से शुरू होंगे। कहानी 1980 के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है और नानी के किरदार 'जदल के इर्द-गिर्द घूमती है। जदल एक पिछड़े आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाला व्यक्ति है, जो न्याय के लिए एक बड़ी लड़ाई का हिस्सा बनता है। फिल्म में कायदू लोहार भी प्रमुख भूमिका में हैं। वहीं सोनाली कुलकर्णी नानी के किरदार की मां 'सम्माक्का की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राघव जुयाल इस फिल्म के जरिए तेलुगु सिनेमा में पदार्पण कर रहे हैं और वह फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे।

# छठी मैया गाने में मेकर्स ने हर चीज का रखा ध्यानः तमन्ना भाटिया



अपनी आगामी फिल्म द वन - फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नजर आने वाली हैं। बीते दिनों रीलिज हुआ इस फिल्म का छठ पूजा स्पेशल गाना छठी मैया (बोले तो छठी मइया सुनीं लीं विनती हमार) दर्शकों के बीच खूब सराहा जा रहा है। तमन्ना भाटिया इस गाने में पारंपरिक लुक में नजर आ रही हैं और उन्हें मिल रहे अपार प्रेम से वे बेहद खुश हैं। अभिनेत्री ने बताया कि इस फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा में पहली बार इस त्योहार को इतने सम्मान और सच्चाई के साथ मनाया जा रहा है। तमन्ना ने फिल्म के मेकर्स की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा है और इस त्योहार को पूरी सच्चाई व संवेदनशीलता के साथ दिखाया है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिनेत्री ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हिंदी सिनेमा में पहली बार छठ पूजा को इस तरह से पेश किया जा रहा है।


सच कहूं तो दीपक और अरुणाभ सर इसे बहुत अच्छे से समझते हैं, क्योंकि उनके मन में इसके लिए बहुत सम्मान है। शूटिंग के दौरान उन्होंने हर चीज का ध्यान रखा और इसे बहुत ही खूबसूरती और सम्मान के साथ शूट किया गया। तमन्ना भाटिया ने छठ के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि उनके लिए भी यह त्योहार बहुत मायने रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि गाने में इसके सार और भावनाओं को कितनी खूबसूरती से दिखाया गया है। अभिनेत्री ने आगे कहा, छठ पूजा आभार का प्रतीक है। हमारे पास जो कुछ भी है, यह त्योहार उसके प्रति शुक्रगुजार होने का त्योहार है। तमन्ना ने इस गाने का हिस्सा बनाने के लिए मेकर्स का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, तो, मुझे इसका हिस्सा बनाने के लिए आपका शुक्रिया।

अभिनेत्री ने बताया कि छठी मइया का यह गाना हर किसी का ध्यान खींच रहा है और सोशल मीडिया पर इसे सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। उन्होंने फिल्म की अवधारणा पर भी बात की, यह फिल्म हम सभी के लिए बहुत खास है। हमारे देश में बहुत सारी लोक कहानियां हैं और उन्हें बड़े पर्दे पर लाने के लिए बहुत हिम्मत, स्पष्टता और विजन की जरूरत होती है। फिल्म द वन - फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। इनके अलावा, फिल्म में मनीष पॉल, श्वेता तिवारी, सुनील ग्रोवर और अनूप सोनी भी अहम भूमिकाओं में हैं। दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले शोभा कपूर और एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है।

# संगीत बिना जीवन नीरस, बेस्वाद और फीका हैः अमिताभ बच्चन



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक बार फिर अपने जीवन में संगीत के महत्व पर गहराई से प्रकाश डाला है। अक्सर अपने ब्लॉग के माध्यम से फैंस से अपने दिल की बातें साझा करने वाले बिग बी ने संगीत के प्रति अपने गहरे लगाव को व्यक्त करते हुए कहा कि संगीत के बिना जिंदगी नीरस, बेस्वाद और फीकी है। उन्होंने अपने ब्लॉग में संगीत से अपने आंतरिक जुड़ाव के बारे में लिखा, जब संगीत की डोर आत्मा से जुड़ जाती है, तो समय मासूम हो जाता है। अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए उन्होंने लिखा, जब संगीत की डोर आत्मा से जुड़ जाती है, तो समय नादान हो जाता है। ऐसा ही हुआ और अभी तक उस डोर को पकड़े हुए हैं। संगीत बिना जीवन नीरस, अरुचिकर, बिना स्वाद के और जो करना चाहिए था, उसका समय निकल गया है। उन्होंने उन लोगों के प्रति ईर्ष्या व्यक्त की जिन्होंने संगीत के रस को अपने जीवन में पूरी तरह से आत्मसात किया है। उन्होंने लिखा, ईर्ष्या होती है उन लोगों से, जिन्होंने संगीत के रस को घोल-घोल कर पिया है, पिरोया है अपने जीवन में। अपनी बात को समाप्त करते हुए बिग बी ने संगीत के सार्वभौमिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, बस अब तो केवल उनकी अपार प्रशंसा करने योग्य होने का दावा करने की कोशिश करते हैं। मानें या न मानें, जीवन का प्रत्येक क्षण संगीत रस से भरा हुआ होता है। वो प्याला यदि मिल जाए, तो उसे कभी न छोड़ूं। प्रणाम! निद्रा और संगीत भरी रात्रि का आगमन। यह दर्शन दर्शाता है कि उनके लिए संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन का एक मूलभूत और अविभाज्य हिस्सा है।



# लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है लौंग का सेवन, ऐसे करें इस्तेमाल

लौंग एक ऐसा मसाला है, जो न केवल खाने का जायका बढ़ाता है, बल्कि कई औषधीय गुणों से भी भरपूर है। आयुर्वेद में लौंग का उपयोग कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। इसमें मौजूद गुणकारी तत्व लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे लौंग का इस्तेमाल लिवर के लिए फायदेमंद हो सकता है।

लौंग का तेल कैसे करें इस्तेमाल? : लौंग का तेल लिवर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व लिवर की सफाई करने में मदद करते हैं। आप इसे अपने खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसकी कुछ बूंदें पानी में मिलाकर पी सकते हैं। इसके अलावा आप लौंग के तेल को भाप के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपके सांस लेने की प्रक्रिया की सफाई होगी और लिवर को भी फायदा पहुंचेगा।

खाली पेट लौंग चबाएं : खाली पेट लौंग चबाने से भी बहुत फायदे होते हैं। इसमें मौजूद लाभकारी तत्व आपके शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। सुबह उठते ही 1-2 लौंग चबाने से आपके पाचन तंत्र की सफाई होती है और आपका लिवर स्वस्थ रहता है। इसके अलावा यह आपके शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है। लौंग के नियमित सेवन से आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे और आपकी सेहत भी बेहतर होगी।

भोजन में शामिल करें : अपने भोजन में लौंग को शामिल करना भी एक अच्छा तरीका हो सकता है। आप इसे सब्जियों, दालों या चावल आदि में डाल सकते हैं। इससे न केवल खाने का स्वाद बढ़ेगा, बल्कि आपके लिवर को भी फायदा पहुंचेगा। लौंग का नियमित सेवन आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाएगा और हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करेगा। इसके अलावा यह आपके शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है।

आयुर्वेदिक औषधियों में उपयोग : आयुर्वेदिक औषधियों में अक्सर लौंग का उपयोग किया जाता है क्योंकि यह कई प्रकार की बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। चाहे वह पेट दर्द हो या अपच की समस्या, लौंग हर स्थिति में कारगर साबित होती है। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि कैसे साधारण सी दिखने वाली लौंग हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। इसके नियमित उपयोग से हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि स्वस्थ भी रह सकते हैं।

## लौंग की चाय का सेवन करें

लौंग की चाय पीने से भी लिवर स्वस्थ रहता है। इसके लिए आपको एक कप पानी में दो-तीन लौंग डालकर उबालना होगा। जब पानी अच्छे से उबल जाए तो उसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर पीएं। यह चाय आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाएगी और शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करेगी। इसके अलावा यह चाय लाभकारी तत्वों से भरपूर होती है, जो आपके लिवर को स्वस्थ रखने में सहायक है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में रोहित-कोहली तोड़ सकते हैं तेंदुलकर के ये दो बड़े रिकार्ड

**एजेंसी, मुम्बई**

भारत और वेस्टइंडीज के टीम के बीच 27 सितंबर से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज शुरु होगी। इस सीरीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इसका कारण है कि इसमें उन्हें काफी समय के बाद अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को बल्लेबाजी करते देखने का अवसर मिलेगा। इस सीरीज में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के दो बड़े विश्व रिकॉर्ड्स भी निशाने पर रहेंगे। विराट एकदिवसीय क्रिकेट में 15,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने से केवल 59 रन दूर हैं। यदि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज में यह उपलब्धि हासिल कर लेते हैं, तो वह एकदिवसीय इतिहास में इस मुकाम तक पहुंचने वाले विश्व के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। वहीं बल्लेबा सचिन तेंदुलकर के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में




सबसे अधिक 18,426 रनों का विश्व रिकॉर्ड दर्ज है। सचिन ने एकदिवसीय में सबसे तेज 15,000 रन 387 मैचों की 377 पारियों में पूरे किए थे। वहीं, विराट कोहली ने अब तक 314 मैचों की 302 पारियों में 14,941 रन बनाए हैं। कोहली अपनी शानदार निरंतरता के चलते सचिन से काफी कम पारियों में यह मील का पत्थर पार करने वाले हैं, जो उनकी बल्लेबाजी की असाधारण क्षमता को दर्शाता है।

विराट के साथ-साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इस सीरीज में तेंदुलकर के एक रिकॉर्ड को तोड़ने की कगार पर हैं। रोहित की एकदिवसीय क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सबसे तेज 10,000 रन बनाने के विश्व रिकॉर्ड पर नजरें लगाये हैं। वर्तमान में यह रिकॉर्ड भी सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है, जिन्होंने बतौर सलामी बल्लेबाज 259 पारियों में यह आंकड़ा छुआ था। रोहित शर्मा इस रिकॉर्ड को तोड़ने से केवल 135 रन दूर हैं। रोहित ने बतौर ओपनर अब तक 201 पारियों में 54.5 की शानदार औसत से 9,865 रन बनाए हैं। यदि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 135 रन बना लेते हैं, तो वह सचिन को पीछे छोड़कर सबसे कम पारियों में बतौर ओपनर 10,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

## वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरेन सैमी को भारत दौरे में जीत की उम्मीद

**एजेंसी, मुम्बई**

भारत दौरे पर आई वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी ने माना है कि उनकी टीम पिछले 24 साल से भारत में नहीं जीती है पर कहा कि इस बार वह जीत के पूरे प्रयास करेगी। भारत दौरे पर आई वेस्टइंडीज टीम को तीन एकदिवसीय और पांच टी20 खेलने हैं। सैमी ने इस बात पर हैरानी जतायी है कि वेस्टइंडीज की टीम पिछले 24 सालों से भारत में कोई एकदिवसीय सीरीज नहीं जीत पाई है पर कहा कि इस बार उन्हें यह सूखा खत्म होने की प्रबल उम्मीद है। यह दावा वेस्टइंडीज के प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाएगा जो





पिछले काफी समय से अपनी टीम को भारत की धरती पर जीतते हुए देखना चाहते हैं। सैमी ने भारत जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनके घरेलू हालातों में खेलने के महत्व को भी बताया है। उनके अनुसार, यह सीरीज स्पष्ट रूप से यह दिखाएगी कि विश्व क्रिकेट में वेस्टइंडीज की टीम वर्तमान में किस पायदान पर खड़ी है और उसमें कितनी क्षमता है। वेस्टइंडीज बोर्ड द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, सैमी ने अपने विचार खुलकर व्यक्त किए। उन्होंने कहा, भारत में खेलने का मतलब एक शानदार सीरीज का हिस्सा बनना है, क्योंकि भारत दुनिया की नंबर-1 टीम है। हमें यहां जीते हुए 24 साल हो गए हैं। हमने भारत में कोई सीरीज नहीं जीती है, इसलिए एक टीम के तौर पर हमारे लिए यहां आकर खुद को चुनौती देने और यह जानने का यह एक शानदार मौका है कि एकदिवसीय क्रिकेट में दुनिया में हम कहां पर हैं। उनके ये शब्द टीम के भीतर आत्मविश्वास और आत्म-मूल्यांकन की भावना को दर्शाते हैं। गौरतलब है कि ये सीरीज वेस्टइंडीज के लिए और भी अहम हो जाती है क्योंकि वे 2027 एकदिवसीय विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाए हैं। उन्हें अगले साल क्वालीफायर राउंड खेलना होगा, जिसके लिए यह भारत दौरा एक तैयारी के साथ ही अपने स्तर को जांचने का एक मंच साबित होगा।

## सीमा कुमारी ने 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता

**एजेंसी, मिज़ुहो पार्क**

भारत की सीमा कुमारी ने यहां जारी एशियाई खेलों में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है। इस प्रकार भारत को 16 साल के लंबे इंतजार के बाद ये पदक मिला है। मिज़ुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में सीमा 32 मिनट 50.05 सेकंड समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। इसी के साथ ही एथलेटिक्स स्पर्धा में भारत को पहला पदक मिला है। सीमा 5000 और 10,000 मीटर की विशेषज्ञ हैं, का खेल सफर आसान नहीं रहा है। एशियाई खेलों में उनका यह यादगार



प्रदर्शन उनके अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। ेस में सीमा ने शुरुआत से ही तेजी दिखायी। इस एथलीट ने केवल 3 मिनट 18.12 सेकंड में ही शुरुआती एक किमी चरण पूरा किया। 2000 मीटर तक उनका समय 6 मिनट 36.13 सेकंड रहा। रेस के बीच के हिस्से में कुछ धावकों ने अप्रत्याशित रूप से अपनी गति बढ़ाई, जिसके कारण सीमा कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर खिसक गईं। पर इसके बाद उसने अपनी लय और एकाग्रता बनाए रखते हुए वापसी की। अंतिम 1000 मीटर में उसने पूरी ताकत लगाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम चरण में इस खिलाड़ी ने जबरदस्त जज्बा दिखाते हुए 32 मिनट 50.05 सेकंड समय निकालकर कांस्य अपने नाम किया। इस स्पर्धा में बहरीन की विनफ्रेड यावी ने 32 मिनट 39.18 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की नोजोमी तनाका 32 मिनट 41.54 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

## हरमनप्रीत ने तोड़ा धोनी का रिकार्ड

**एजेंसी, टोक्यो**

जापान में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के स्वर्ण पदक जीतने के दौरान ही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक विश्व रिकार्ड अपने नाम किया है। हरमनप्रीत ने इसी के साथ ही पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में ही एक ऐसा रिकार्ड बनाया है जो किसी अन्य के नाम नहीं है। हरमनप्रीत अब टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा फाइनल जीतने वाली कप्तान बन गई हैं। उन्होंने इसी के साथ ही भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के साथ ही हरमनप्रीत ने अपनी कप्तानी में आठवां टी20 फाइनल जीता है। इसी के साथ ही वह धोनी से आगे निकल गये हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम और आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने कुल सात टी20 फाइनल जीते थे। एशियाई खेलों में यह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है, जो हरमनप्रीत की अगुवाई में टीम की निरंतरता और बड़े मंच पर दबाव झेलने की क्षमता को दिखाता है।

## एशियाई खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में सुरुचि और कमलजीत ने दिलाया भारत को दूसरा स्वर्ण

**एजेंसी, नगोया**

एशियाई खेलों में भारत के दूसरा स्वर्ण पदक निशानेबाज सुरुचि सिंह और कमलजीत की जोड़ी ने दिलाया है। शुक्रवार सुबह आईची-नागोया में 10 मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में सुरुचि और कमलजीत की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह भारत के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का अंतिम अवसर था जिसका लाभ उठाने में ये जोड़ी सफल रही। भारत की ओर से पहला स्वर्ण महिला क्रिकेट टीम को मिला था। कमलजीत व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में नौवें और सुरुचि



26वें स्थान पर रहकर व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे थे। इसके अलावा पुरुष व महिला टीम स्पर्धाओं में भी भारत को पदक नहीं मिला था। पर इस जोड़ी ने 484.6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर देश को दूसरा स्वर्ण जिताया। कमलजीत 10 मीटर एयर पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल दोनों इवेंट में कुशल निशानेबाज हैं। कमलजीत ने 2023 में कोरिया में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर में 50 मीटर पिस्टल जूनियर मेंस इवेंट में सोना जीता था। उन्होंने इंटरनेशनल सर्किट में 10 मीटर एयर पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल दोनों स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। वहीं सुरुचि सिंह भारत की एक उभरती हुई 10 मीटर एयर पिस्टल शूटर हैं। सुरुचि ने सीनियर इंटरनेशनल सर्किट पर अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व प में लगातार तीन व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते हैं। लीमा में उन्होंने मिश्रित टीम गोल्ड भी हासिल किया।

# बिजनेस

## एथर ने 79,999 रुपये में कोनार्क इलेक्ट्रिक स्कूटर किया लॉन्च

- **14 इन्च के टायर और 100 एमएम के सस्पेंशन के साथ सभी नेक्स्ट जेन फंक्शन से लैस**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता एथर एनर्जी ने शुक्रवार को यहां में अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर कोनार्क लॉन्च किया। इसकी शुरुआती कीमत 79,999 रुपये (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली, सब्सिडी सहित) रखी गई है। कोनार्क के चुनिंदा वेरिएंट की डिलीवरी चरणबद्ध तरीके से शुरू होगी। कंपनी ने कोनार्क को एस और जेड प्रोडक्ट लाइन के तहत छह वेरिएंट में पेश किया गया है। इनमें 200 किलोमीटर तक की आईडीसी रेंज का विकल्प मिलेगा। कंपनी ने इसके सर्विस इंटरवल को बढ़ाकर 10,000 किलोमीटर या करीब एक साल, जो भी पहले हो, कर दिया है। कोनार्क के सभी वेरिएंट में एथर की पांचवीं पीढ़ी की बेडरॉक बैटरी दी गई




है। कंपनी ने बैटरी पर 10 साल या एक लाख किलोमीटर, जो भी पहले हो, की वारंटी देने की घोषणा की है। इसके साथ वारंटी अवधि के अंत तक कम से कम 70 फीसदी बैटरी हेल्थ की गारंटी भी दी गई है। कंपनी के अनुसार, कोनार्क में 14 इंच का फ्रंट अलॉय व्हील और 12 इंच का रियर अलॉय व्हील दिया गया है। इसका व्हीलबेस 1,352 मिलीमीटर है और आगे तथा पीछे लॉन्ग-ट्रैवल सस्पेंशन दिया गया है। यह एथर का पहला स्कूटर है जिसमें पिछले हिस्से में मेटल पैनल और स्टील यूनीबॉडी चेसिस का इस्तेमाल किया गया है। कोनार्क में एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकिंग सिस्टम (एईबीएस) दिया गया है। यह सिस्टम सड़क की स्थिति के आधार पर आगे और पीछे के पहियों के बीच ब्रेकिंग फोर्स को अपने आप समायोजित करता है। इसमें रीजेनरेटिव ब्रेकिंग की सुविधा भी है। स्कूटर में मैजिक-की के साथ कीलेस सुविधा, स्मार्टवेक, ऑटोमैटिक लॉकिंग और रिमोट स्कूटर लोकेशन जैसे फीचर दिए गए हैं। ऑटोपॉप फीचर की मदद से सीट के नीचे मौजूद स्टोरेज को बिना हाथ लगाए खोला जा सकता है। वहीं, एयरवॉक फीचर कम जगह में स्कूटर को मैन्युअली खिसकाने में मदद करता है। चार्जिंग के लिए कोनार्क में इंटीग्रेटेड ऑनबोर्ड चार्जर और चार्जिंग केबल दी गई है। कंपनी के अनुसार, वैकल्पिक 450 वॉट ऑफबोर्ड चार्जर को स्कूटर के बिल्ट-इन 450 वॉट चार्जर के साथ इस्तेमाल करने पर कुल 900 वॉट की चार्जिंग क्षमता मिल सकती है। इससे घर पर चार्जिंग का समय कम किया जा सकता है। एथर एनर्जी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रवनीत एस. फोकेला ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर कंपनी के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिहाज से महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने कहा कि कोनार्क में 10,000 किलोमीटर का सर्विस इंटरवल, 10 साल या एक लाख किलोमीटर की बैटरी वारंटी, 200 किलोमीटर तक की रेंज और फास्ट होम चार्जिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय निवेश संधि पर मिलकर कर रहे काम : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) और व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर मिलकर काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया में हो रहे द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के पहले ओशिनिया इंटरनेशनल कांफ्रेंस को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। इन समझौतों का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाना और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है। गोयल ने ऑस्ट्रेलिया में आईसीएआई के पहले ओशिनिया इंटरनेशनल कांफ्रेंस 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों ही देश शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को मजबूत करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका पर जोर दिया और इस प्रक्रिया को आसान बनाने में आईसीएआई की भूमिका की भी सराहना की।

## वित्त वर्ष 2025-26 में एफडीआई 94.53 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर : गोयल

- **गोयल ने कहा, 2014-26 के दौरान कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 843 अरब डॉलर रहा**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में 94.53 अरब डॉलर के अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2014-26 के दौरान कुल संचयी एफडीआई प्रवाह 843 अरब डॉलर रहा है।

गोयल ने 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम की 12वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा कि एफडीआई के साथ-साथ देश में मैन्युफैक्चरिंग यानी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए गए सुधारों का असर दिख रहा है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने वित्त वर्ष 2025-26 में नया रिकॉर्ड बनाया है। आज उस सोच की 12वीं



सालगिरह है, जो इस साधारण विश्वास पर आधारित है कि "भारत दुनिया के लिए मैन्युफैक्चरिंग कर सकता है"। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के चलते 2.40 लाख करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश हुआ। इस दौरान 23.8 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन-बिक्री हुई और 15.2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज किया गया। इसके साथ ही इन योजनाओं से 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, दवा, चिकित्सा उपकरण, वाहन, आईटी हार्डवेयर और विशेष इस्पात जैसे क्षेत्रों को पीएलआई योजनाओं से काफी लाभ भी हुआ है। गोयल ने कहा कि ये आंकड़े एक उत्साहजनक तस्वीर पेश करते हैं। गोयल ने आगे कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि जब कोई देश अपनी क्षमताओं पर भरोसा करता है और सरकार लगातार सुधारों और ठोस कदमों से उस भरोसे को मज़बूत करती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। पीयूष गोयल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' का सफर और भी बड़े लक्ष्य के साथ जारी है। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाना है, जो 2047 तक 'विकसित भारत' के हमारे विजन को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत देशभर में नये औद्योगिक स्मार्ट शहर स्थापित किए जा रहे हैं।

## आंध्र प्रदेश में फसल सीजन 2025-26 के लिए अतिरिक्त तंबाकू बिक्री को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के तंबाकू उत्पादक किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने फसल सत्र 2025-26 के लिए पंजीकृत और गैर-पंजीकृत किसानों के अतिरिक्त 'फ्लू-क्योर्ड वर्जीनिया तंबाकू' को तंबाकू बोर्ड से अधिकृत नीलामी मंचों पर बेचने की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार इस कदम के बाद पंजीकृत किसान अपने अतिरिक्त तंबाकू और गैर-पंजीकृत किसान



अनधिकृत तंबाकू को तंबाकू बोर्ड से मान्यता प्राप्त नीलामी मंचों पर बेच सकेंगे। फ्लू-क्योर्ड ऐसा तंबाकू होता है, जिसे धातु के पाइपों (फ्लू) के जरिए पहुंचाई गई गर्मी का उपयोग करके विशेष, धुआं-मुक्त भट्टियों में सुखाया जाता है। मंत्रालय की ओर से 24 सितंबर को जारी इस अधिसूचना के अनुसार केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में फसल सत्र 2025-2026 के दौरान तंबाकू नीलामी के लिए तंबाकू बोर्ड अधिनियम के एक प्रावधान के क्रियान्वयन में ढील दी है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव के नेतृत्व में एक दल ने जुलाई में इस तंबाकू के मौजूदा बाजार हालातों की समीक्षा के लिए आंध्र प्रदेश का दौरा किया था।

### इंडिया मोबाइल कांग्रेस ने भारतीय टेक्नोलॉजी ब्रांड्स को ग्लोबल बनाने के लिए 'विकसित टेक 47' किया लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) ने शुक्रवार को 'विकसित टेक 47' को लॉन्च किया। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो वैश्विक बाजार में विस्तार करने की चाह रखने वाली भारतीय टेक्नोलॉजी कंपनियों की पहचान करने के साथ-साथ उन्हें मान्यता देगा और सपोर्ट भी करेगा। आईएमसी के मुताबिक यह पहल इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें एडिशन का हिस्सा है, जो 7 से 10 अक्टूबर तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाला है। इसका मकसद 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत ग्लोबल टेक्नोलॉजी वैल्यू चेन में भारतीय टेक्नोलॉजी ब्रांड्स और कंपनियों को बढ़ावा देना है। यह टेक्नोलॉजी एनालिटिक्स, रिसर्च और कंसल्टिंग फर्म 'टेचारक' इस पहल के लिए रिसर्च पार्टनर के तौर पर काम करेगी। इस पहल के आखिर में एक खास रिपोर्ट भी जारी की जाएगी, जिसे आईएमसी में पेश किया जाएगा। यह रिपोर्ट बताएगी कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी वैल्यू चेन में भारत की स्थिति क्या है। ये रिपोर्ट 200 से ज़्यादा भारतीय टेक्नोलॉजी कंपनियों की स्टडी और उनके फाउंडर्स एवं इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से बातचीत पर आधारित होगी, ताकि इस सेक्टर की साफ़ तस्वीर सामने आ सके।

## बढ़त के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स 315 अंक उछला, निफ्टी में सुधार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बैंकिंग, तेल एवं गैस तथा वाहन कंपनियों में निचले स्तर पर खरीदारी आने से सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 315 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी में 77 अंक की सुधार आया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 315.20 अंक यानी 0.43 फीसदी की उछाल के साथ 73,895.74 के स्तर पर



बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 77.40 अंक यानी 0.34 फीसदी बढ़त के साथ 23,140.50 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 73,968.05 अंक के ऊपरी और 73,477.77 अंक के निचले स्तर तक गया। सेंसेक्स के 19 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 11 शेयर गिरकर बंद हुए। इसी तरह एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी के 34 शेयर बढ़त और 15 गिरावट में बंद हुआ है, जबकि एक शेयर स्थिर रहा। सेंसेक्स में शामिल प्रमुख कंपनियों में से एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.82 फीसदी चढ़ा, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.24 फीसदी, एशियन पेंट्स में 1.93 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 1.21 फीसदी, एचसीएल टेक में 1.17 फीसदी और टाइटन में 1.01 फीसदी की बढ़त रही। ट्रेंट का शेयर 1.41 फीसदी गिरा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।